# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 254

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार | 28 जून, 2024


# यूपी की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एमएसएमई उद्यमियों की भूमिका अहम






- अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी
- यूपी आज देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था, रोजगार देने के मामले में नंबर एक: योगी
- एमएसएमई की ब्रांडिंग, मार्केटिंग और शोकेसिंग में यूपी ने लगई है लंबी छलांग : मुख्यमंत्री
- डिफेंस कॉरिडोर में अबतक 24 हजार करोड़ का हो चुका है निवेश: योगी आदित्यनाथ
- सीएम ने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का किया शुभारंभ
- पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को सीएम योगी ने किया ऋण वितरण
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का सीएम ने किया वितरण
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने झांसी में निर्मित प्रदेश के 11वें प्लेज पार्क का किया उद्घाटन
- रेंजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना (रैम्प) का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की 90 लाख से अधिक इकाइयां मौजूद हैं। 2017 में प्रदेश देशी की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था थी, जो आज दूसरे स्थान पर आ गई है। यही कारण है कि रोजगार देने के मामले में यूपी आज पहले पायदान पर है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएम योगी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी दुनिया में एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। यूपी सौभाग्यशाली है कि यहां सैकड़ों साल से स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्पी, कारीगर अपने उत्पादों का निर्माण करते रहे हैं। मगर विगत दशकों में उचित प्रोत्साहन के आभाव में हमारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दम तोड़ रहा था। 2017 तक एमएसएमई उद्यमियों के बीच हताशा और निराशा थी। हमारा प्रदेश अर्थव्यवस्था और रोजगार में फिसड्डी था। कृषि के बाद एमएसएमई ही रोजगार सृजन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए 2017 के बाद से लगातार किये गये प्रयास के फलस्वरूप आज हमारा एमएसएमई उद्योग प्रदेश के विकास की रीढ़ बन चुका है।

### 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ

इस अवसर पर उन्होंने एमएसएमई यूनिट्स को बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ के ऋण वितरण का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने पीएमईजीपी, एमवाईएसवाई, ओडीओपी व मुद्रा योजना के लाभार्थियों को ऋण तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी व केवीआईबी के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने झांसी के प्लेज पार्क का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

### प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाई

सीएम योगी ने कहा कि आज हम इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रदेश के एमएसएमई प्रोडक्ट की शोकेसिंग करने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज 20 हजार करोड़ से अधिक के ऋण की सुविधा उद्यमियों को प्राप्त होने जा रही है। इसके साथ ही रैम्प योजना के तहत बंद हो रही इकाइयों के उत्थान का काम किया गया है। इसके अलावा उद्यम को नये स्तर पर पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं। प्रदेश में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाई हैं। इनकी ब्रांडिंग, मार्केटिंग और शोकेसिंग में हमने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने बताया कि झांसी में आज उद्घाटित हुआ रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क प्रदेश का 11वां प्लेज पार्क है। निजी क्षेत्र में उद्यमियों के लिए ये प्लेज पार्क अत्यंत ही लाभकारी होते हैं।

### सीएम से सम्मानित हुए हस्तशिल्पी, कारीगर और उद्यमी

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थी सीतापुर के गुरदीप सिंह, लखनऊ की आकांक्षा गौतम, लखनऊ की रूबी देवी और गोरखपुर की माधुरी शर्मा को टूलकिट वितरित किया। इसके अलावा लखनऊ के रंजीत, बाराबंकी के संजय कुमार, लखनऊ के कल्लू कुम्हार को सम्मानित किया। साथ ही पुष्प कुमार सिंह, साधना सिंह, आलोक कुमार गुप्ता, अमित सिंह, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, रमेश नारायण दुबे, मो. आदिल बेग को विभिन्न उद्यमों के लिए ऋण प्रदान किया।

### सरकार हर स्तर पर अपने उद्यमियों के साथ

सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार एमएसएमई उद्यमियों को मुख्यमंत्री उद्यमी बीमा का कवर देती है, अब तक 24 लाख से अधिक उद्यमियों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अंतर्गत अगर किसी आपदा की चपेट में कोई उद्यमी आता है तो उसे 5 लाख रुपए तक का लाभ सरकार प्रदान करेगी। साथ ही साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 5 लाख तक के ऋण को ब्याज मुक्त करने के लिए हमने कदम बढ़ाए हैं। आगामी 10 साल में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमियों को इससे जोड़ने का लक्ष्य है। सीएम ने सभी उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए।

### औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई आवश्यक

मुख्यमंत्री ने बताया यूपी में आज निवेश का बेहतर वातावरण बना है। कानून का राज और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उद्योग-धंधों के लिए ये कारक बहुत जरूरी होते हैं, इसके साथ ही औद्योगिक वातावरण के लिए एमएसएमई भी आवश्यक होते हैं। सीएम ने बताया कि डिफेंस उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर में अबतक 24 हजार करोड़ के निवेश को हमने यहां लागू कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई पॉलिसी को कोविड काल में लागू किया था। सीएम ने पॉलिसी की खूबियां गिनाईं साथ ही फ्लेटेड फैक्ट्री को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सितंबर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। पिछले साल 70 हजार बायर्स ट्रेड शो में आए थे, इसबार यह संख्या और बढ़ेगी। इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए हमें अपने प्रदेश के प्रोडक्ट की बेहतरीन मार्केटिंग का अवसर मिलता है।

# मजबूत हुआ पुलिस का तंत्र, अब काफिले में 6278 गाड़ियां




- इमरजेंसी के वक्त मिनटों में मिलेगी मदद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी 112 के काफिले में अब 6278 वाहन हो गए हैं। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1778 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इससे यूपी 112 का रिस्पांस टाइम कम होगा और जरूरतमंदों तक तेजी से मदद भेजी जा सकेगी। योगी ने कहा कि हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया है। चौपहिया के साथ दोपहिया वाहनों को भी 112 के बेड़े में शामिल किया है, ताकि गली-मोहल्लों तक आमजन की मदद की जा सके। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय यूपी 112 सुर्खियों में बना रहा। लोगों ने पुलिस बल के सेवाभाव को देखा था। जिन गली-मोहल्लों में फोर व्हीलर नहीं जा सकती, वहां टू व्हीलर पहुंचे। उन्होने कानपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कर्मचारी कल्याण के लिए एसी हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल की सराहना भी की।

### 24 एजेंसियों से हुआ एकीकरण

बता दें कि यूपी-112 के द्वितीय चरण में नई तकनीक के साथ संसाधनों को भी बढ़ाया गया है। साथ ही, 15 नई एजेंसियों के साथ एकीकरण किया गया है। कॉलटेकर्स की संख्या 673 से बढ़ाकर 825 की गयी है। अब प्रतिदिन औसतन 28 हजार कॉल सुनी जा सकेंगी। पीआरवी को ट्रेक भी किया जा सकेगा।

### हैदराबाद की कंपनी ने बनाया हेलमेट

एसी हेलमेट का निर्माण हैदराबाद की कंपनी ने किया है। वहीं कानपुर मेट्रो में कार्यरत एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर ने सीएसआर से सहयोग दिया है। सीएम ने कार्यक्रम में कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षी सुगौरव तिवारी को हेलमेट पहनाने के बाद कहा कि इस बार गर्मी के नया रिकॉर्ड बनाया है। अंतिम चरण के चुनाव में एक ही दिन में दर्जनों चुनाव कर्मियों की मौत हो गयी थी, जो हमारे लिए चिंता का सबब था। तब तापमान बहुत अधिक था। ट्रैफिक जवान गर्मी में ड्यूटी करने के दौरान बेहोश हो जाते हैं।

### सटीक लोकेशन मिलेगी

कॉलर की सटीक लोकेशन पता करने के लिए 112 ने ईएलएस तकनीक का उपयोग किया है, जो पहली बार देश के किसी पुलिस बल ने प्रयोग की है। पीआरवी कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे भी दिए गए हैं, जिससे घटनास्थल की फोटो और वीडियो रिकार्ड की जा सकेगी।

# बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों समेत तीन की मौत, महिला सहित तीन झुलसे

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**



यूपी के हमीरपुर जिले में बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों समेत तीन की मौत हो गई। जबकि तीन लोग झुलस गए।

हमीरपुर जिले में राठ क्षेत्र के बहगांव गांव में घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच बिजली गिरने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सरीला क्षेत्र में एक अधेड़ की मौत हुई है।

बहगांव के घटोई बाबा स्थान पर गुरुवार दोपहर को दरबार लगा हुआ था। लोगों का मानना है कि गांव के भगवानदास रैकवार को घटोई बाबा अवतरित होते हैं। दरबार में गांव का धर्मेंद्र (20) जो 3 माह से लापता था। जिसकी जानकारी के लिए दरबार लगा हुआ था। यहां पर गांव के 20 लोग बैठे हुए थे। अचानक बारिश शुरू हुई। बारिश से बचने के लिए लोग नीम के पेड़ के नीचे बैठ गए। तभी बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिर गई।

जिससे शिवम (16) उसका चचेरा भाई शिवप्रसाद (17), नेहा (30) उसका पुत्र आनिकेश (4) व राहुल (17) झुलस गए। घटना के बाद दरबार में हड़कंप मच गया और भगदड़ मच गई। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और झुलसे लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने शिवम व शिवप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों का इलाज चल रहा है। करियारी गांव निवासी उदयाभान (52) की बिजली गिरने से मौत हो गई।

# राहुल, अखिलेश, मायावती ने बेरोज़गारी पर सरकार को घेरा







**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में अपना अभिभाषण पेश किया। उनके इस अभिभाषण विपक्षी पार्टियों की प्रतिक्रिया आई है। सपा और बसपा के साथ कांग्रेस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। उनके इस संबोधन के बाद यूपी से जुड़ी पार्टियों की प्रतिक्रिया सामने आई है।

### जिन्हें आपातकाल के दौरान जेल में डाला, उनके लिए भाजपा ने क्या किया

राष्ट्रपति के संबोधन के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन लोगों के लिए क्या किया, जिन्हें आपातकाल के दौरान जेल में डाला गया था? जबकि, समाजवादी पार्टी ने उन लोगों को सम्मान और पेंशन दी। अखिलेश यादव ने आगे कहा 'सत्तारूढ़ दल द्वारा भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया जाता है। क्या इसने देश के किसानों को समृद्धि बनाया? अगर भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो इतने सारे युवा बेरोजगार क्यों हैं? देश में अग्निवीर योजना क्यों है? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही?

### आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था- राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने इस बारे में जानकारी दी। के सी वेणुगोपाल ने बताया कि 'यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद इंडिया (ढ्ढहृष्ठढ्ढ) के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।जब कांग्रेस महासचिव से सवाल पूछा गया कि क्या राहुल गांधी ने ओम बिरला के समक्ष सदन में उठाए गए आपातकाल के मुद्दे पर बातचीत की? इसके जवाब में वेणुगोपाल ने कहा कि 'हमने सदन के संचालन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की और आपातकाल के मुद्दे पर भी बात हुई। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था।

### रवि अत्री को पेपर लीक के बड़े मास्टरमाइंड के तौर पर जाना जाता है

नीट-यूजी की गड़बड़ी करने का शक मास्टरमाइंड रवि अत्री की बात करें तो नीट-यूजी की गड़बड़ियों में उसका हाथ होने को लेकर पहले ही शक और चर्चा चल रही थी। रवि अत्री ग्रेटर नोएडा के जेवर में पड़ने वाले नीमका गांव का मूल निवासी है। रवि अत्री को पेपर लीक के बड़े मास्टरमाइंड के तौर पर जाना जाता है। फिलहाल, रवि अत्री मेरठ की जेल में बंद है। एसटीएफ स्पेशल टास्क फोर्स ने रवि अत्री को दो महीने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। नकल माफिया के साथ मिलकर साल 2012 में उसने नीट की परीक्षा लीक करवाई और तभी उसे दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।




### पेपर लीक कराने के लिए रवि अत्री कई बार गया है जेल

2006 में श्री राम इंटर कॉलेज थोरा से रवि अत्री ने अपना इंटरमीडिएट पूरा किया और राजस्थान कोटा जाकर मेडिकल की तैयारी के लिए 2007 में कोचिंग ज्वॉइन कर ली। यहीं पर पेपर माफिया से उसका संपर्क हुआ। नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में साल 2012 में दरियागंज क्राइम ब्रांच दिल्ली ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एआईपीएमटी की परीक्षा पेपर लीक का मामला 2015 में सामने आया और इस मामले में रवि रोहतक (हरियाणा) से जेल गया है।

# लखनऊ से भी जुड़ रहे नीट पेपर लीक के तार

**आरओ और सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मास्टरमाइंड रवि अत्री और डॉक्टर शरद कुमार के गिरोह का हाथ नीट का पर्चा लीक कराने में भी रहा है**

- इस बात के कुछ सबूत सीबीआई के हाथ लगे हैं
- दोनों आरोपी अभी जेल में बंद हैं और सीबीआई द्वारा इनका पुराना ब्योरा खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** देशभर में हलचल मचा देने वाले नीट 2024 पेपर लीक मामले के तार लखनऊ से भी जुड़े हैं।

खुलासा होने के बाद सीबीआई ने जांच का दायरा लखनऊ तक बढ़ा दिया है।

नीट जांच की आंच अब लखनऊ तक आ पहुंची है। आरओ और सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के मास्टरमाइंड रवि अत्री और डॉक्टर शरद कुमार के गिरोह का हाथ नीट का पर्चा लीक कराने में भी रहा है, इसके कुछ सबूत सीबीआई के हाथ लगे हैं। दोनों आरोपी अभी जेल में बंद हैं और सीबीआई द्वारा इनका पुराना ब्योरा खंगालने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीबीआई की लखनऊ टीम भी इस मामले को लेकर एक्टिव है।

### सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में भी की जाएगी पूछताछ

मामले में जल्द से जल्द दोनों आरोपियों के अलावा सिपाही भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड राजीव नयन व सुभाष प्रकाश से पूछताछ की जाए इसके लिए कोर्ट से अनुमति ली जाएगी। साल 2012 और 2015 में एआईपीएमटी में हुई धांधली में भी रवि अत्री और डॉक्टर शरद आरोपित थे। जिसके कारण सीबीआई इनका ब्योरा खंगालने में जुटी है। वहीं, रवि अत्री डॉक्टर शरद, सुभाष प्रकाश और राजीव में मिश्रा आरओ/एआरओ और सिपाही भर्ती पेपर लीक के आरोपी हैं।

# प्रभारी जिला जज, डीएम, एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## साफ-सफाई एवं बीमार बंदियों के उपचार के संबंध में दिए दिशा-निर्देश



**जन एक्सप्रेस । उरई**

गुरुवार को प्रभारी जिला न्यायाधीश, डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की तलाशी तथा परिसर, कार्यालय व मेस आदि की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। जिसके बाद बंदियों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

प्रभारी जिला न्यायाधीश शिवकुमार, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा ईरज राजा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे ने संयुक्त रूप से जिला कारागार पहुंचकर निरूद्ध बंदियों के समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं कारागार की सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। कारागार अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बंदियों को उचित उपचार देने को कहा। हॉस्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके बाद कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाए। सभी कार्यवाहियों का निर्वहन सही तरीके से करें। जेल परिसर में साफ-सफाई को लेकर कारागार कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, उपकारापाल अमर सिंह, चिकित्साधिकारी डॉक्टर राहुल बर्मन समेत जेल के अन्य अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे।

## डीएम ने नवनिर्मित सड़क मार्ग का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की आज लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा बनाई गई विकास खण्ड डकोर के अमरोट से धुरट नवनिर्मित सड़क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने बताया कि अमरोट से धुरट सड़क मार्ग लगभग 3.6 किलोमीटर का निर्माण 2.21 करोड़ की धनराशि से किया गया है। जिलाधिकारी ने संपर्क मार्ग के सड़क की खुदाई कराकर सड़क में प्रयुक्त सामाग्री की गुणवत्ता की जांच कराई। जिसमें जेएसबी का कॉम्पेक्सन नही पाया गया। सड़क निर्माण में मानक व गुणवत्ता की परिलक्षित होने पर सहायक अभियंता प्रांतीय खंड को निर्देश देते हुए कहा कि टीएसी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग में यदि मानकों की अनदेखी व गुणवत्ता में खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खण्ड-3 महेंद्र, अधिशासी अभियंता आरईएस शैलेन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी ब्रजकिशोर कुशवाहा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कस्बा आटा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बा आटा निवासी कमलेश वर्मा 50 वर्ष पुत्र पलटू गुरुवार की सुबह टहलकर घर पंहुचा और कमरे में जाकर रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी पर झूल गया। फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने जब उसे फंदे पर तड़पता हुआ देखा तो परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतार लिया और उसे गांव के ही प्राइवेट डॉ. के पास ले गए। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौजूद मृतक के बेटे विपिन ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि कमलेश मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। फिलहाल अभी तक आत्महत्या करने का कारण पता नही चला है। बताया कि म्रतक के दो बेटे कूदन हैदराबाद व नितिन मुंबई में ट्रक चलाने का काम करता है।

# रिश्ते में भाई-बहन ने प्रेम प्रसंग में ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कालपी कोतवाली क्षेत्र में रिश्ते में लगने वाले भाई बहन ने प्रेम प्रसंग के चलते ट्रेन से कट कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली निवासी बृजलाल अहिरवार की ससुराल कोंच क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा में थी। इस कारण उसके 22 वर्षीय पुत्र मनीष अहिरवार का अपने मामा के यहां आना जाना लगा रहता था। इसी दौरान मनीष का चचेरे भाई की बेटी 19 वर्षीय दीक्षा गौतम से मेलजोल बढ़ गया। बताया गया कि दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। दीक्षा बाद में उरई के मुहल्ला सुशील नगर में रहकर भदौरिया क्लासेस में कोचिंग करने लगी थी, तो मनीष का यहां आना जाना हो गया था। दोनों का प्रेम इस कदर परवान चढ़ा कि वह दोनों शादी करने को राजी थे। बुधवार की दोपहर को मनीष दीक्षा को अपने साथ ले गया और पूरा दिन साथ रहने के बाद गुरुवार तड़के कालपी कोतवाली क्षेत्र के झांसी कानपुर रेल मार्ग स्थित छौंक व ऊसरगांव के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कट कर जान दे दी। कुछ देर बाद उधर से गुजरे ग्रामीणों ने युवक-युवती के ट्रैक पर शव देखे तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर उनके परिजनों को जानकारी दी। कालपी कोतवाली प्रभारी नागेंद्र पाठक ने बताया कि दोनों के प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ नए कानून प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



नवागंतुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को राजस्व अधिकारियों को नई अपराधिक विधियों के बारे में प्रशिक्षण शिविर, कार्यशाला का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया।

कार्यशाला में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में जिसमें तीन गतिविधियां लागू हुई है जो 1 जुलाई से लागू होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं इंडियन साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया गया है।

उन्होंने अपराधों से सम्बन्धित उपबंधों में निहित नियमों, आपराधिक षड्यंत्र, महिला व बालक के विषय में धारा का प्राविधान, दंड का प्राविधान, दुष्कर्म का प्राविधान, विवाह से सम्बन्धित अपराध, दहेज उत्पीडन, पुनर्विवाह, क्रुरता, गर्भपात, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से आपराधिक कृत करवाना, वैश्यावृत्ति, आत्महत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, शासकीय कार्य में बाधा, राजस्व मामलों की विभिन्न धाराओं के बारे में भूमि विवाद, जल सम्बन्धी विवाद, दस्तावेज, शासकीय संसूचनाओं, सम्मन तामीला, लोक शांति भंग करना, प्रतिपूर्ति जमा कराना, चोरी, सामुदायिक सेवा आदि के विषयों में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत तीन नई गतिविधियां 1 जुलाई से विभिन्न धाराओं पर कार्य करने के लिए लागू की गई है, उसका अच्छी तरह से अध्ययन करके उन प्रावधानों के अनुसार विभिन्न गतिविधियों पर कार्यवाही सुनिश्चित कराना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी सतीश चन्द्र, मोहम्मद जसीम, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन की पाइप चोरी की घटना का हुआ अनावरण

- 3 आरोपी गिरफ्तार, चोरी के 100 पाइप, डीसीएम गाडी व कार बरामद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस एवं एसओजी चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली कर्वी अन्तर्गत हुयी जल जीवन मिशन के पाइप चोरी की घटना का अनावरण करते हुये 3 आरोपियों को चोरी के 100 पाइप, घटना में प्रयुक्त डीसीएम गाडी व एक कार के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 7 जून को वादी संतोष कुमार द्विवेदी पुत्र रामलखन द्विवेदी निवासी जगदीशगंज ने थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी थी कि वह भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइल लाइन बिछाने का कार्य करते हैं, राणन तालाब के पीछे पाइप रखे हुये थे, जिन्हे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये है। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात चोरों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना के अनावरण प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभारी एसओजी सर्विलांस एमपी त्रिपाठी को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं प्रभारी एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा थाना भरतकूप अन्तर्गत बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे अण्डर पास से डीसीएम गाडी में लदे हुये 100 पाइप कास्ट आयरन लोहा तथा कार के साथ अजय सिंह उर्फ छोटू निवासी गुदरौली थाना औंग, जनपद फतेहपुर, महेन्द्र यादव निवासी अहिमा व कमल कुशवाहा निवासी बडागाव थाना महराजपुर जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि वह लोग अपने तीन अन्य साथियों के साथ इसी कार से रैकी किये। साथ ही योजना बनाकर राणन तालाब से इसी डीसीएम में पाइप लादकर चोरी कर लिये थे। भरतकूप मंदिर के आगे पहाड के नीचे जंगल में छिपा दिये थे। आज बेंचने के लिये ग्राहक की तलाश में ले जा रहे थे। घटना में प्रयोग किये गये डीसीएम वाहन तथा कार को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक राजीव सिंह, उप निरीक्षक राहुल सिंह, आरक्षी राहुल देव, आदित्य कुमार एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, आरक्षी रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, गोलू भार्गव, राघवेन्द्र, ज्ञानेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली कानून व्यवस्था सम्बन्धी बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरूवार को कलेक्टरेट सभागार में कानून व्यवस्था अभियोजन व रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा, नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों की अवैध व्यापार के रोकथाम के लिए बैठक हुई। बैठक में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, गिरोह बंद अधिनियम, महिलाओं और नाबलिकों के विरुद्ध अपराध, पास्को एक्ट, अपहरण, आईपीसी, सत्र न्यायालय, अन्य अधिनियम, संमन व तामीला गवाहों की उपस्थिति आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो पुराने मुकदमें में सजा दिलाई जा चुकी है, उसे लिस्ट से हटाए। साथ ही फर्जी मुकदमे लिखवाने वालों से कडाई से निपटे। उन्होंने कहा कि किसी के विरूद्ध फर्जी मुकदमा न लिखा जाए। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि गैंगस्टर एक्ट में इतनी दहशत होनी चाहिए कि अपराधी स्वयं आकर सेरेन्डर करें। साथ ही महिलाओं व नाबालिकों के अपराध के सम्बन्ध में कहा कि इसमें कमी आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के अंतर्गत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं, बालिकाओं को योजना से सम्बन्धित 9 धाराओं, धारा 326 क, धारा 304 क, धारा 376 क, धारा 376 ग, 376 घर, धारा 4 पास्को धारा 6 पास्को, धारा 14 पास्को एवं धारा 302 के साथ पठित पास्कों की धारा 4 या धारा 6 की पीडिता को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जनपद में वर्तमान समय तक कुल 30 लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित की गई है। उन्होंने कहा कि जो समिति बनाई गई है व क्षतीपूर्ति अवशेष है, उसमें समिति से संमन्वय बनाकर जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जो समस्या आ रही है, उसमें मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता कर इसका भी निस्तारण कराएं।

उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा केन्द्र के निर्धारण के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दूरियां अधिक होने की स्थिति में जनपद के शहर में चार केन्द्र निर्धारण किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्ही विद्यालयों को चिन्हित करें जिनकी छवि अच्छी हो। उन्होंने कहा कि राधा सेठ पोद्दार इण्टर कॉलिज व जगत रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को मानक के उपयुक्त पाए जाने के बाद प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा सुचिता पूर्ण होनी चाहिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# 1 जुलाई को होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ: सीएमओ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट-**

वशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान जुलाई के अंतर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा के निर्देशानुसार अंतर विभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी की अध्यक्षता में गुरूवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान का द्वितीय चरण जनपद 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाना प्रस्तावित है। जिसमें विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियां झाडियां की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिडकाव, जनजागरूकता आदि संपादित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार संचारी रोग अभियान में खाद्य सुरक्षा व औषधि रसायन विभाग को भी जोडा गया है जो कि खुले में बिकने वाले कटे हुए फलों, जूस इत्यादि का निरीक्षण करने का कार्य करेंगे व खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बोर्न डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आशा व आंगनवाडी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षयरोग के लक्षण वाले व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता द्वारा घर के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनाने का भी कार्य किया जाएगा। इस मौके पर यूनिसेफ व डब्लूएचओ के प्रतिनिधि डॉ दिलीप द्विवेदी, मनीष दीक्षित, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चंदेल, ज्योति सिंह, जयशंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा महिला के साथ दुराचार के आरोपी को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि बीते बुधवार को थाना मानिकपुर में एक पीडिता ने प्रार्थना-पत्र दिया कि झर्री फाटक के शिवम नामदेव ने उनके साथ दुराचार किया है। इस सूचना पर थाना मानकिपुर में शिवम नामदेव विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर ने घटना को संज्ञान में लेकर निरीक्षक अपराध को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

## तेज गड़गड़ाहट के साथ मस्जिद की मीनार पर गिरी आकाशीय बिजली

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर में हुई तेज बारिश के दौरान गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली घनी बस्ती में स्थित बड़ी मस्जिद की मीनार पर गिर गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और मस्जिद की मीनार का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गुरुवार शाम करीब 4 बजे बादलों में तेज गड़गड़ाहट के साथ शहर में बारिश हुई और तभी आकाशीय बिजली भी चमकी, जो शहर की घनी बस्ती वाले इलाके मोहल्ला आजाद नगर में बड़ी मस्जिद की मीनार पर गिर गई। जिससे मीनार का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं मस्जिद के आसपास वाले घरों में भी करंट दौड़ गया। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोग अपने घरों से बाहर निकल कर भागने लगे। जब लोगों की नजर मस्जिद की मीनार पर गई, तब उनको समझ आया कि बिजली मीनार पर गिरी है। जिससे मस्जिद के पास मजमा लग गया। फिलहाल घनी बस्ती होने में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# हर सनातनी को गुजारना चाहिए मर्यादित जीवन: शंकराचार्य



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के ट्रस्टी एवं ज्योतिरमठ, वद्रिकाश्रम (हिमालय) ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती ने गुरूवार को धर्मनगरी चित्रकूट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गुप्त गोदावरी, सति अनुसुईया, रामघाट और कामदगिरि मन्दिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। यहां उन्होंने देश में धर्म रक्षा के लिए बनी चारों पीठों और आदि गुरू शंकराचार्य की परम्परा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चार मठ की तरह चार पुरूषार्थ दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हैं। हर सनातनी को मर्यादित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि लम्बे संघर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनकर तैयार हुआ है और अब लोग श्रीरामलला के दर्शन कर रहे हैं। यह जनता के लिए और राम भक्तों के लिए गौरव का विषय है। गौरतलब है कि शंकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती पन्ना से लौटे थे। वह चित्रकूट भ्रमण करने के बाद प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। धर्मनगरी पहुंचने पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी और उपेन्द्र तिवारी ने उनका स्वागत किया।

## चार दिन बाद पकड़ा गया मगरमच्छ

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कस्बा सिरसा कलार के बिजली घर के सामने तालाब में चार दिन पूर्व ग्रामीणों ने मगरमच्छ देखा था। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान द्रगपाल को दी थी और ग्राम प्रधान ने डीएफओ प्रदीप यादव को सूचना कर दी थी। बताया था कि तालाब में मगरमच्छ ग्रामीणों को देखा है ग्रामीण काफी भयभीत है। जल्द से जल्द मगरमच्छ को पकड़ा जाए। डीएफओ प्रदीप यादव ने दूसरे दिन ही मगरमच्छ पकड़ने का आश्वासन दिया था। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद बुधवार को इटावा से टीम सिरसा कलार के तालाब में आई जिसके बाद तालाब में जाल डालकर मगरमच्छ को पकड़ा गया।

# जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार पूरे देश में आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण पान राजस्व, चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समझ नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम, आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का सरलता पूर्वक निस्तारण किया जायेगा।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरूवार को इण्डियन बैंक के सहयोग से प्रचार वाहनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रचार वाहन रैली जनपद के नगरीय क्षेत्र में स्थित भीड-भाड वाले स्थानों पर जाकर वाहन में स्थापित जन संशोधन प्रणाली के माध्यम से जनता को लोक अदालत के आयोजन व उसकी उपयोगिता के बारे में जागरूक करेंगे। साथ ही पैरालीगल वालेण्टियर्स रामसागर ने इन्ही स्थानों पर जाकर लोक अदालत से सम्बन्धित प्रचार सामग्री का वितरण किया। जिला जज विकास कुमार प्रथम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य न्याय की पहुंच जन-जन तक सुलभ करना है। इस उद्देश्य से ही प्रचार-प्रसार के लिए रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ताकि विधिक जागरूकता फैलाकर आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लाभ आधिक से अधिक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में सुलह-समझौता के माध्यम से छोटे आपराधिक वाद तथा सभी दीवानी वादों के निस्तारण पर बल दिया जाता है ताकि छोटे वादों का सुगमता पूर्वक निस्तारण भी हो जाये एवं समाज में सौहार्द भी स्थापित हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने रैली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये इण्डियन बैंक को धन्यवाद दिया। साथ ही सभी को एकजुट होकर आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी व सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी कृष्ण यादव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज रेनू मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, अतिरिक्त सिविल जज (सीडि) इला चैधरी, सिविल जज (जूडि) सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, अग्रणी प्रबन्धक इण्डियन बैंक तुलसीराम, अध्यक्ष संजय करवरिया, जिला बार एसोसिएशन के सचिव मनोज कंचनी आदि मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु

निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56235627A | Energy cum Speed Monitoring unit (ESMON) for 25KV AC EMU and MEMU (with signal cable length 8.5 meter) as per RDSO specification No: RDSO/SPEC/EMU/0032 - 2002 (Rev 0) with amendment 1, 2 & 3 or latest. | 18 नग | 23.07.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2024
ईमेल पता - dycmmcb15@gmail.com
1929/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.2 (-2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-2.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 33.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# योगी सरकार में सील तोड़ने वाले हमराज बिजनेस सेंटर के चार बिल्डरों पर एफ.आई.आर.

* थाना चमनगंज क्षेत्र में भी सफीक नाम के बिल्डर ने तोड़ डाली केडीए की सरकारी सील, माना जाता है हाजी वसी का करीबी

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**





**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक के विशेष कार्यधिकारी रवि प्रताप सिंह की तहरीर पर योगी सरकार में सरकारी सील तोड़ने वाले न्यू हमराज बिजनेस सेंटर के चार बिल्डरों के खिलाफ थाना अनवरगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि सील तोड़ने वाले अभी इसी परिसर में और निर्माणकर्ता बाकी हैं लेकिन देर आय दुरुस्त आए, लेकिन सिलसिला यहीं नहीं रुकना चाहिए जो अवैध निर्माण हैं उनका ध्वस्तीकरण भी होना चाहिए कारण यह है कि इस मामले में एक जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस प्रयागराज सुनवाई कर रहे हैं।
जातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित जिसके प्रवर्तन प्रभारी डॉक्टर रवि प्रताप सिंह हैं।
कोपरगंज का एरिया वर्तमान समय में जेई से सहायक अभियंता बने जे एन पांडे देखते हैं। साथ ही साथ इसके ऊपर भी जिम्मेदारी कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव और अपर सचिव की है। इन सभी की अनदेखी के कारण बहुत बड़ी बड़ी अवैध इमारतें तैयार हों गईं। जिनमे बहुत बड़ी बड़ी खामियां हैं। इन तैयार इमारत से जहां आने वाले समय में आम जनमानस की जाने जा सकती हैं वहीं करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति होने के साथ ही नियम कानून को ताक पर रखकर सरकार और प्राधिकरण की साख पर बट्टा भी लगाया गया है।

### 10 जुलाई को जनहित याचिका पर सुनवाई करेंगे चीफ जस्टिस

आपको बताते चलें कि सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और आरटीआई कार्यकर्ता रफत महमूद ने 27 अप्रैल 2024 को एक जनहित याचिका दाखिल की जिसमें उनके द्वारा अवैध निर्माण होने और अग्निशमन के मानकों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका को स्वीकार करने की अपील की गई। जिस पर 2 मई को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास की बेंच ने याचिका को सुनवाई योग्य माना और कानपुर विकास प्राधिकरण अग्निशमन विभाग के साथ-साथ राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। 10 मई को कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर सरकारी वकील ने सुनवाई कर रही कोर्ट से जवाब लगाने के लिए समय मांगा जिसके बाद सुनवाई कर रही बेंच ने आगामी 10 जुलाई की तारीख नियत कर दी थी। याचिका कर्ता का कहना है कि इन निर्माण में आम जनमानस की जान की सुरक्षा नहीं देखी गई है। और जमकर यहां पर भ्रष्टाचार हुआ है। इसलिए उनके द्वारा यह याचिका दाखिल की गई है।

### दर्जनों बिल्डिंगे की गई थी सील

कानूनी जानकारों की माने तो कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो के अधिकारियों ने याचिका कर्ता के द्वारा की गई याचिका पर कोर्ट को जवाब देने के लिए कोपरगंज के अवैध निर्माणों को दर्जनों की संख्या में सील किया था। लेकिन दूसरे ही दिन अवैध निर्माण कर्ता व्यापारियों ने सील को तोड़ दिया था और अवैध निर्माण अनवरत जारी है। याचिका कर्ता के साथ-साथ कुछ अधिवक्ताओं ने भी जन एक्सप्रेस को बताया है कि जो अखबारों में सील टूटने की खबरें प्रकाशित हुई है और डिजिटल चैनलों पर वीडियो चले हैं उन्हें आधार बनाते हुए कोर्ट के सामने रखा जाएगा। लेकिन अब चार बिल्डरों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के बाद केडीए सम्मानजनक स्थिति में कोर्ट के सामने अपना पक्ष रख सकेगा।




### किन-किन पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्राधिकरण के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध निर्माण करने वाले बिल्डर मोहम्मद इस्माइल, धर्मेंद्र ,राजेश अग्रवाल, और निवा अग्रवाल के विरुद्ध थाना अनवरगंज में प्राधिकरण की सरकारी सील तोड़ने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दबंग बिल्डर ने तोड़ डाली केडीए की सरकारी सील

मिली जानकारी के अनुसार कानपुर हिंसा के आरोपी हाजी वसी का बेहद करीबी माना जाने वाला सफीक नाम का बिल्डर जिसके अवैध निर्माण को कानपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने अभी हाल ही में सील किया था। जैसे दबंगई से हाजी वसी योगी सरकार की सरकारी सील को दबंगई से तोड़ देता था वैसे ही इस बिल्डर ने भी योगी सरकार की सरकारी सील को तोड़ दिया है।

# मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित किया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव के नेतृत्व में गुरुवार को प्रसार निदेशालय में वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला के पूर्व कृषि विज्ञान केंद्रों की दो दिवसीय समीक्षा बैठक हुई। समापन अवसर मे मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक प्रसार डॉ.धूम सिंह उपस्थित रहे।डॉ.सिंह ने वैज्ञानिकों से जनपद के किसानो और किसान महिलाओं तथा युवाओं की आवश्यकता अनुसार कार्य योजना तैयार करने की बात कही।? जिससे उनकी आय बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व निदेशक शोध डॉ.करम हुसैन ने किसानो की आय बढ़ाने के लिए तकनीकी बिंदुओं पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि स्थानीय सभी प्रकार की फसलों के किस्मों का मूल्यांकन करके कृषकों को वितरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि, बागवानी और संबंधित क्षेत्रों के संपूर्ण विकास के लिए क्रियान्वयन लिए जाने वाले गांव का चयन कर सामूहिक प्रयत्नों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों को एफ एल डी एवं ओएफटी पर सुझाव दिए।जिससे वार्षिक कार्य योजना किसानों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार हो और कृषकों को लाभकारी सिद्ध हो। इस अवसर पर डॉ.एस.एल.वर्मा, डॉ.ए.के.सिंह, डॉ.आशा यादव, डॉ.शशिकांत सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने बैठक में तैयार की आगे की रणनीति




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने प्रकोष्ठ एवं विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने 30 जून रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के **मन की बात** कार्यक्रम, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान, मतदाता अभिनंदन समारोह सहित अन्य आगामी कार्यक्रमो के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस 6 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओ से वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। पार्टी के सभी 13 मंडलों के 1062 बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम होंगे। पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे और उसकी फोटो सरल ऐप पर अपलोड करेंगे।
उन्होंने कहा कि एक जुलाई को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, डॉ. तेज बहादुर सिंह यादव, संजीव बेरी, अशोक त्रिपाठी, डॉ. के जी गुप्ता, अंकुर गुप्ता, अंकित शर्मा, प्रकाशवीर आर्य, नीलम गुप्ता महेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों को एमएसएमई की योजनाओं से कराया रूबरू

**जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा**



एमएसएमई विकास कार्यालय के समिति कक्ष में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निदेशक नीरज कुमार ने आए हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक विष्णु कुमार वर्मा ने एमएसएमई विभाग कार्यालय कानपुर के क्षेत्राधिकार में आने वाले विभिन्न क्रियाकलापों पर चर्चा की। उन्होंने उद्यमियों और भावी उद्यमियों से एमएसएमई की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। सहायक निदेशक ग्रेड 1 अमित बाजपेई ने उद्यमियों को एमएसएमई की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। सहायक आयुक्त डीआईसी कानपुर अजय कुमार यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक ऑफ़ बड़ौदा कानपुर के एजीएम अमिताभ शुक्ला ने उद्यमियों को ऋण संबंधी विभिन्न पहलुओं के विषय में बताया। चार्टर्ड अकाउंटेंट गोविंद महेश्वरी द्वारा जीएसटी संबंधी पहलुओं पर व सहायक निदेशक (फियो ) आलोक श्रीवास्तव ने उद्यमियों को एक्सपोर्ट संबंधित विभिन्न जानकारियां दी।वही आईआईए की पूर्व अध्यक्ष सरिता बहाव ने उद्यमियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक अविनाश कुमार अपूर्व द्वारा किया गया।

# नए कानून से सरकार जन-जन को कराएं जागरूक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को अधिवक्तागण कानपुर बार एसोसिएशन गेट से नए कानूनों का क्रियान्वन स्थगित करो स्थगित करो पहले सब को जागरुक करो तब नए कानून लागू करो के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। संघर्ष समिति संयोजक रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश की सैकडों वर्ष पुरानी आई पी सी, सी आर पी सी और इविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बना दिए जिन्हें 1 जुलाई से लागू किया जाना है। इन तीनों नए आपराधिक कानूनों में अधिकतर धाराओं को बदल दिया गया है नए कानून अभी विधि शिक्षा में भी सम्मिलित नहीं है इसकी वजह से नवागंत अधिवक्ताओं को भी इसकी जानकारी नही है बदली धाराओं की जानकारी आम जनमानस को भी नही दी गई है यदि लोगों को जागरूक किए बिना कानून लागू किए जाते हैं तो आम आदमी सहित हम अधिवक्ताओं को भी समस्याएं आएंगी। जिनको कानूनों की जानकारी है तब तो पुलिस अपनी मनमानी कर देती है यदि बिना जागरूक किए नए कानून लागू किए जाते हैं तो देश में पुलिसिया राज कायम हो जाएगा और जानकारी के अभाव में लोग न्याय से वंचित होंगे। हम सभी अधिवक्ताओं कहना है कि नए कानून लागू करने से पहले नए कानूनो का कम से कम 5 वर्षों तक विधि विद्यालयो में अध्ययन कराया जाए और इसी मध्य गांव-गांव घर-घर कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और तब तक के लिए प्रधान मंत्री नए कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करें। यदि इसमें समस्या हो तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जनहित में तीनों कानूनों को स्थगित कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर नगर मैजिस्ट्रेट राम शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित ज्ञापन स्वीकार किया और कहा कि हम दोनों प्रतिवेदनों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज देंगे। प्रमुख रूप से अधिवक्ता नरेश चन्द्र त्रिपाठी, अरविन्द दीक्षित, संजीव कपूर, विजय सागर, कंचन गुप्ता, राम जी दुबे, अखिलेश सिंह, गौरांग त्रिवेदी, राजुल श्रीवास्तव, नूर आलम, विशाल कनोजिया, भागवत आकाश शर्मा, राकेश शाह, संदीप वर्मा, शुभम जोशी, के के यादव आदि काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थिति रहें।

# मंत्री संजय निषाद की पत्नी मंच पर गिरी, कार्डियोलॉजी में भर्ती

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद अपनी पत्नी के साथ एक कार्यकर्म मे मौजूद थे तभी अचानक उनकी पत्नी मंच पर गिर गई, उनको कानपुर के कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल में भरती कराया गया है। जैसे ही इसकी सूचना कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल को लगी तो हड़कंप मच गया जब वीआईपी मूवमेंट की खबर स्टाफ को मिली। यह पता चला कि मंत्री संजय निषाद की पत्नी को हार्ट अटैक हुआ है। कार्डियोलॉजी के निदेशक, सीनियर हार्ट सर्जन डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि संजय निषाद की पत्नी के सभी टेस्ट कराए गए हैं।
डॉक्टर वर्मा ने बताया कि उनके टेस्ट में नॉन स्पेसिफिक चेस्ट पेन पाया गया है, शुगर का स्तर बढ़ा हुआ है और उन्हें अक्सर की समस्या पहले से है, जिसका ऑपरेशन भी हो चुका है। अचानक तबियत खराब होने और अटैक के लक्षण दिखने पर यह पता चला कि गर्मी और उमस भी इस तबियत खराब होने का कारण हो सकती है, क्योंकि हिट इंडेक्स लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते उमस भी हो रही है। डॉक्टर ने बताया कि उमस भी तबियत खराब होने का कारण हो सकती है। फिलहाल, उन्हें कुछ घंटों तक अस्पताल में रखा जाएगा, इसके बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। वहीं, संजय निषाद अपनी पत्नी को अस्पताल में एडमिट कराकर पार्टी के कार्यक्रम में चले गए हैं और उनके बेटे अस्पताल में कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद हैं।

### ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ी बकरी चोरों की कार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** साढ़ थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी छोटे, राजेंद्र, राजू सिंह ने गुरुवार सुबह साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात उनके गांव में सेंट्रो कार से आए अज्ञात चोरों ने घर के बाहर बंधे तीन बकरे कार के अंदर खिंचकर डाल लिए। बाहर सो रहे ग्रामीणों ने शोर मचाया तो कार सवार भागने लगे। जिसपर ग्रामीणों ने कार का पीछा करने के साथ घटना की सूचना फोनकर पुलिस को दी। लगभग 5 किलो मीटर तक पीछा करने के बाद कार सवार अज्ञात चोर सड़क के किनारे कार को खड़ाकर भाग निकले। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कार के शीशे तोड़ डाले। मौके पर पहुंची पुलिस कार को साढ़ थाने लेकर आई है। सुबह थाने पहुंचकर ग्रामीणों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस कार के नंबर से कार मालिक का पता लगा रही है। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि कार को कब्जे में लिया गया है। घटना के गहनता से जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# ट्रेनी दरोगा अरुण यादव का शव लाया गया कानपुर







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना कल्याणपुर क्षेत्र के लव कुश बिहार निवासी सुरेंद्र कुमार के ट्रेनी दरोगा बेटे अरुण यादव 29 वर्ष ने माइग्रेन की बीमारी से परेशान होकर बाराबंकी ईसठी थाना के आवास में बुधवार शाम को सरकारी पिस्टल से दाहिने कनपटी पर गोली मारकर जान दे दी। देर शाम कमरे में रहने वाले दूसरे साथी ट्रेनिंग दरोगा ने मामले की जानकारी थाने में दी वहीं सूचना मिलने पर परिजन कानपुर से बाराबंकी के लिए निकल लिए थे। एसपी बाराबंकी डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि दोपहर 11ः00 बजे अरुण ने साथी दरोगा के साथ खाना खाया था उसके बाद कुछ देर काम करने के बाद वह कमरे में चला गया था ।वहीं साथी दरोगा विशेष किसी मामले में जांच करने चला गया था शाम 5 बजे जब विशेष कमरे पर आया तो कमरा अंदर से बंद था खटकने पर दरवाजा नहीं खुला तो उसने पुलिस को जानकारी दी दरवाजा खोलने पर अरुण का शव मुंह के बल पड़ा हुआ था अरुण का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया कमरे में एक सुसाइड नोट मिला जिसमें माइग्रेन से परेशान होकर जान देने की बात लिखी है परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है फोरेंसिक की टीम ने जांच कर रही है।

### हजारों की संख्या में अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी जनता

गुरुवार को जैसे ही ट्रेनी दरोगा अरुण यादव का पार्थिव शरीर घर पहुंचा उसके अंतिम दर्शन करने वालों की हजारों की संख्या में जमकर भीड़ लग गई। परिजनों का तो रो-रो कर बुरा हाल था ही आसपास पड़ोस के लोग भी आंखों से आंसू बहाते हुए दिखे।

# नहीं सहेंगे दलितों और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न : धनीराम पैंथर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

लगातार दलितों अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय अल्पसंख्यक बोर्ड व कानपुर के सभी सामाजिक संगठनों ने एक जुट हो कर आवाज बुलंद की। राष्ट्रीय सचिव धनीराम पैन्थर ने बताया की भारतीय संविधान के तहत इस देश के एस0सी0 /एस0टी0 व ओ0बी0सी0 एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय व आदिवासियो समुदाय के भाईयों एवं बहनों को आरक्षण की व्यवस्था की गई है और केन्द्र सरकार सब का साथ और सबका विकास का नारा भी दे रही है साथ ही बेटी बचाव और बेटी पढ़ाओं की भी बात कर रही है। परन्तु विगत कुछ वर्षो से जब से केन्द्र में एन0डी0ए0 गठबन्धन की सरकार आई है तब से सम्पूर्ण भारतवर्ष में जाति द्वेश भावना व धार्मिक भेद-भाव के कारण एस0सी0/एस0टी0, ओ0बी0सी0, धार्मिक अल्पसंख्यकों व आदिवासी समुदाय के साथ खुलेआम घृणित मानुवादी मानसिकता के कारण संविधान की खुलेआम धज्जिया उडाकर शोषण व अत्याचार हो रहा है।जिससे सम्पूर्ण एस0सी0/एस0टी, ओ0बी0सी0, धार्मिक अल्पसंख्यको एवं आदिवासी समुदाय के लोगों में भयंकर रोष व्याप्त है। जहां एक ओर भारतीय संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार है जो जिस धर्म को मानता है इबादत करना चाहता है वह अपने-अपने धर्म के अनुसार आचरण कर सकता वहीं समय समय पर समाज मे आपसी द्वेष देखने को मिलता है।

## किसानों को नहीं मिल रहा बिजली योजना का लाभ

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** प्रदेश की योगी सरकार ने किसानों के लिए मुक्त बिजली योजना शुरू की है ।जिसका 98 प्रतिशत किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है ।प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ जानकारी के मुताबिक जनपद में दो प्रतिशत से भी कम किसानों को मिला है ।एक गांव में एक से दो किसानों के पास समरसेबल या बिजली के नलकूप सिंचाई के लिए लगे हैं ।ऐसे लोगों से पानी खरीद कर किसानो को सिंचाई करनी पड़ती है ।किसानों से मिली जानकारी के मुताबिक योगी सरकार ने किसानों को मुफ्त बिजली योजना शुरू की ।बिजली का बिल माफ कर दिया ।लेकिन 98 प्रतिशत किसानों को 100 से 120 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से पानी खरीद कर अपने खेत की सिचाई करनी पड़ रही है ।उनको कोई राहत नहीं मिल रही है ।नलकूप मालिक सिंचाई की दरों में कोई कटौती करने को तैयार नहीं है ।सरकार की इस योजना का लाभ न मिलने से किसानो में दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है ।क्योकि सरकार ने नलकूप मालिक के लिए कोई नियम कानून नहीं बनाया ।जनपद के कई किसानों से बात करने पर पता चला है,कि इस योजना की समीक्षा नहीं हुई तो आने वाले समय में भाजपा सरकार को बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ सकती है।

# योजनाओं की प्रगति एवं विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक किया।बैठक में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह,सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला,शैलेंद्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा किया।

जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओ, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया।

एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न,लंबित विवेचना, गैंगस्टर रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं,उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक सुव्यवस्थित से पहुंचे इसके लिए हम सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। आप लोग पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्यों को संचालित करें। अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को जन सामान्य के प्रति अपना आचरण व व्यवहार नम्र रखने के निर्देश दिया। और कहा कि जन प्रतिनिधियों द्वारा फोन किए जाने पर तत्काल उठाएं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिजली की चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** घर में लगी लाइट के बिजली की चपेट में आने से गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा सीएचसी बीकापुर लाया। जहां पहुंचने पर मौके पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया है तथा मेमो कोतवाली भेजने पर एस आई आनंद प्रताप सिंह हमराही सिपाही के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति तुलसी राम पुत्र राम जन्म उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी रैथुआ थाना पूरा कलंदर को उस समय बिजली अपने चपेट में ले ली जब घर में चद्दर की छवाई कर रहा था। कि घर में लाइट के लिए कनेक्शन से गुरुवार को दिन में लगभग 2ः00 बजे घर बिजली की चपेट में आने से परिजन गंभीर अवस्था में बीकापुर लाये जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

### पारिवारिक कलह के चलते महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के भरहू खाता निवासिनी पूजा पत्नी संजय तिवारी उम्र लगभग 32 वर्षीय पारिवारिक कल के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन करने पर एंबुलेंस से सी एच सी बीकापुर आई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए डॉक्टर ने रेफर कर दिया है। जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली पूजा ने बताया कि 10 वर्ष पहले मेरी शादी संजय के साथ हुई थी संजय मुंबई में रहते हैं। और अपनी माता-पिता भाई-बहन के कहने पर मुझे घर पर छोड़ दिए हैं पूजा ने संजय पर संदेह व्यक्त करते हुए परिवार के उक्त लोगों के सहयोग से मुंबई में दूसरी पत्नी रखने का संदेह व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है।

### अध्यक्ष-मंत्री पद पर बैजनाथ तिवारी अमरनाथ दुबे निर्वाचित हुए

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** बार एसोसिएशन बीकापुर के वर्ष 2024 - 2025 का वार्षिक चुनाव शांत पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बैजनाथ तिवारी को 77 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया है तथा अवध राम यादव को 44 मतों में संतोष करना पड़ा है इस तरह 33 मतों के अंतर से अवध राम यादव चुनाव हार गए हैं। मंत्री पद के लिए अमरनाथ दुबे 76 मत पाकर विजयी हुए और देवी दयाल मिश्रा को 43 मत प्राप्त हुआ है। जिससे 33 मत के अंतर से देवी दयाल को हार का सामना करना पड़ा है। और मंत्री पद पर दो मत अवैध घोषित किए गए हैं। बार एसोसिएशन के अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचित लोगों में सैयद मोहम्मद शोएब वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष, राधेश्याम गौड़ कनिष्ठ उपाध्यक्ष ,बलराम यादव लेखा परीक्षक ,राम सिंह यादव संयुक्त सचिव, हनुमान दत्त वर्मा संयुक्त सचिव ,राम सजीवन चौरसिया वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य, रमेश कुमार ,सतीश चंद्र श्रीवास्तव, श्रीकांत त्रिपाठी ,सुरेंद्र कुमार पांडे ,अरुण कुमार पांडे ,अवधेश कुमार वर्मा कार्यकारी सदस्य ,राकेश चंद्र पाठक कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य ,विजय प्रकाश मिश्रा कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य संजय कुमार पांडे ,कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य निर्वाचित किए गए हैं।

### नए प्रतिष्ठान से यात्रियों को मिलेगी सुविधा: अरविंद सेन

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** बीकापुर तहसील क्षेत्र के खजुरहट मिल्कीपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित श्री साईं रेस्टोरेंट का उद्घाटन करते हुए पूर्व आइएएस अरविंद सिंह यादव ने इस क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने बताया कि खजुरहट से मिल्कीपुर मार्ग पर इस तरह के प्रतिष्ठानों की स्थापना न केवल यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। बल्कि क्षेत्र के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। रामनगरी अयोध्या दर्शन पूजन के लिए जाने वाले यात्रियों के लिए भी काफी सुविधाजनक रहेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से संस्था के प्रोपराइटर एवं प्रधान सूर्यभान यादव, पिंकू यादव, शिक्षक नेता संजय उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव, मोहम्मद मुस्लिम शेख, प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद, राजेश यादव, सत्य प्रकाश पटेल, उत्तम शर्मा, अविनाश सिंह, अजय पांडे सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे। संचालक सूर्यभान यादव ने आगंतुकों का आभार जताया।

### अविवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। विवि एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में एलएलबी, एलएलएम, एमएड, बीफार्मा, डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई को कराई जायेगी। आवासीय परिसर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसिलिंग मेरिट के आधार पर की जायेगी। जिसकी सूचना 01 जुलाई को घोषित की जायेगी। अविवि आवासीय परिसर के प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि विवि परिसर के स्नातक, वोकेशनल स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड, एमपीएड में प्रवेश के लिए आंनलाइन आवेदन मांगे गए है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते है। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसिलिंग की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जायेगी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की साइट का अवलोकन करते रहे।

### अवैध अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में संगठन ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला मंत्री लालजी शर्मा ने उपजिलाधिकारी सोहावल, जनपद-अयोध्या को रौनाही ड्योढ़ी मार्ग जिसका चौड़ीकरण व उच्चीकरण हो रहा है पर स्थिति बभनियावां चौराहा पर मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़कमार्ग की भूमिपर अवैध अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया जिसमें राजस्व प्रशासन को अवगत कराया गया कि रौनाही ड्योढ़ी मार्ग का उच्चीकरण व चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग और पुलिस टीम द्वारा सड़क मार्ग के खाते की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है उक्त मार्ग पर स्थिति बभनियावॉ चौराहा पर समुदाय विशेष द्वारा ईदगाह के नाम पर अवैध अतिक्रमण किया गया है जिसे संरक्षित करने के उद्देश्य से सड़क मार्ग को टेढ़ा किया गया है। और राजस्व टीम के नोडल नायब तहसीलदार व कानूनगो अपने निजी लाभ के लिए आप को यथास्थिति से भ्रमित करने का पूर्ण प्रयास कर रहे है। जिससे वह अपनी मंशा में सफल होने के उद्देश्य से मुस्लिमों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाना नहीं चाह रहे है प्रशासन का बुलडोजर ड्योढ़ी बाजार में प्रवेश करने से पूर्व यदि मुस्लिमों द्वारा किया गया अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जायेगा तो विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल तथा हिन्दू जनमानस इसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा और 30 जून को चक्का जाम करने पर विवश होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी राजस्व विभाग की होगी।

# मण्डलायुक्त व डीएम ने जलभराव से प्रभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार एवम नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अतिवृष्टि के कारण जलभराव से प्रभावित जलवानपुरा सहित अन्य प्रभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जलवानपुरा मोहल्ले की गलियों का भ्रमण कर यथास्थिति से अवलोकित हुए तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जलवानपुरा में क्षीरसागर से जल निकासी की व्यवस्था के लिए डाली जा रही पाइप लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को शीघ्र कार्य को पूर्ण करते हुये जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान वहां के निवासियों द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षो से अतिवृष्टि होने पर जलभराव की समस्या विद्यमान है इस पर मण्डलायुक्त द्वारा वहां के निवासियों को अवगत कराया गया कि इस समस्या के स्थायी निदान हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा जल निकासी हेतु पाइप लाइन डाली जा रही है जिसमें पानी को पम्प करके हनुमान गुफा के समीप सोतिया नाले मे डाला जायेगा इससे यहां की जलभराव की समस्या का स्थायी निदान होगा।

इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप जल निकासी की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया तथा नगर निगम के अधिकारियों को रेलवे विभाग के साथ समन्वय करते हुए स्थायी समाधान के साथ अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम, जल निगम, अयोध्या विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अधिशाषी अभियन्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आधी तूफान और ओलावृष्टि के समय रहते सावधान रहें, जिला प्रशासन ने जारी किए सुझाव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने अतिवृष्टि/आंधी तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय विद्युत के दौरान बरती जाने वाली सावधानिया तथा उनके प्रभाव के बारे में जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि घर के अंदर रहने, खिड़की दरवाजे बंद रखें, सम्भव हो तो यात्रा न करें। सुरक्षित स्थानों पर रहे, जर्जर मकानों तथा पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, विद्युत उपकरणों को बंद रखने, नदी तालाब आदि के पास न जाने, विद्युत सुचालक वस्तुओं से दूर रहने, रेडियो, समाचार पत्रों तथा टीवी के माध्यम से मौसम की विभिन्न जानकारी लेते रहने हेतु सावधानी बरते। तथा आधी तुफान के प्रभाव के बारे में कहा कि विद्युत पोलो एवं तारो का टूटना, ट्रेफिक की समस्या, दृश्यता का कम होना तथा ओलावृष्टि के कारण खड़ी फसलों को नुकसान होता है।

# लीगल एड क्लीनिक का किया गया निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के अनुक्रम में व माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में तहसील महराजगंज के अन्तर्गत स्थित लीगल एड क्लीनिक कुण्डौली रायबरेली का निरीक्षण अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनुपम शौर्य के द्वारा किया गया। दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल से लीगल एड क्लीनिक के कार्यो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गयी।

अपर जिला जज/सचिव द्वारा प्रभारी निरीक्षक बछरावाँ को निर्देशित किया गया कि वह लीगल एड क्लीनिक को उनके कार्यो के प्रति सहयोग प्रदान करें। दौरान निरीक्षण सचिव के द्वारा उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को सम्पर्ण की भावना से कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन कर उनको आमजन को सरकारी सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने व उनका लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गये। दौरान निरीक्षण प्रभारी निरीक्षक बछरावाँ, पराविधिक स्वयं सेवक जालिपा प्रसाद, रामकुमार, सुशील व कु0 दीक्षा उपस्थित रही।

# सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने इग्नू सत्रांत परीक्षा का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केन्द्र में इग्नू सत्रांत परीक्षा का सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 रीना कुमारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा की शुचिता का जायजा लिया। वही दूसरी ओर केन्द्र में विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता शिविर लगाया गया। जागरूकता शिविर में उन्होंने कहाकि कौशल विकास के लिए इग्नू पाठ्यक्रम उपयोगी है। वर्तमान में ज्ञान संवर्धन के लिए नये पाठ्यक्रमों को इग्नू में शामिल किया गया है। विद्यार्थी इग्नू की बेवसाइट पर जाकर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते है। कार्यक्रम में डॉ0 रीना ने कहा कि 30 लाख से भी अधिक विद्यार्थी इग्नू में अध्ययनरत् हैं। इसके माध्यम से दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक कौशल विकास आधारित शिक्षा पहुॅचाई जा रही है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा विद्यार्थियों को सहायता सेवा के लिए सोशल मीडिया एवं हिन्दी भाषा में स्वयंप्रभा चैनल के माध्यम से सत्रों का आयोजन भी किया जाता है। जिससे इग्नू के विद्यार्थी दुनिया के किसी भी कोने में हो शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके।कार्यक्रम में इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि इग्नू विद्यार्थियों के लिए दोहरे नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। स्नातक अथवा परास्नातक के विद्यार्थी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है। इग्नू की सभी उपाधियां, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू.) द्वारा मान्य है।

# संवादहीनता की भेंट चढ़ता छात्रों का आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौ?द्योगिकी विश्वविद्यालय में एमएससी के छात्र यशपाल की आत्महत्या मामले में आंदोलित 8 छात्रों के निष्कासन किए जाने की निंदा करती है। अभाविप आचार्य नरेंद्र देव विश्ववि?द्यालय के कुलपति के तानाशाहीपूर्ण रवैया को कदापि स्वीकार नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौ?द्योगिकी विश्ववि?द्यालय पर विद्यार्थियों पर इस प्रकार का तानशाहीपूर्ण रवैया विश्वविद्यालय में व्याप्त घोर अनियमितता को दर्शाती है। कल जब अभाविप के कार्यकर्ता में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया, यह उनकी संलिप्तता भी इस प्रकरण में दर्शाती है।अभाविप अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेयी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सह पर विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों से मनमानी करते हैं। कल जब अभाविप के कार्यकर्ता कृषि मंत्री से मिलने का प्रयास किये तो उन्होंने छात्रों से मिलने से इंकार कर दिया जो कहीं न कहीं उनकी संवादहीनता को प्रदर्शित करता है। यदि दो दिन में मृतक यशपाल को न्याय नहीं मिला तथा तथा विद्यार्थियों का प्रवेश बहाल नही किया गया तोअभाविप बड़ा आंदोलन करेगी।अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य ऋषभ गुप्त ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौ?द्योगिकी विश्ववि?द्यालय के कुलपति भ्रष्टाचार में लिप्त है, विश्वविद्यालय के कुलपति को राजनैतिक दलों के कुछ लोगो का संरक्षण प्राप्त है जिससे शिक्षण संस्थान में अराजकता को बढ़ावा मिलता है।प्रान्त सोशल मीडिया संयोजक नवीन दुबे ने बताया कि मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही घोर निंदनीय है इस प्रकरण से समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है सर्व समाज में वि?द्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।पत्रकार वार्ता में प्रान्त एग्रीविजन संयोजक ऋषभ मिश्र, प्रान्त खेलो भारत संयोजक अंशुमान सिंह, प्रान्त स्स्नष्ठ संयोजक शिवम मिश्र, विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी अंश जायसवाल, मानवेन्द्र प्रताप सिंह मिशन सिंह विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी, मोहित साहू, कुन्दन सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## 21 लाख से अधिक धनराशि से सीएचसी का होगा सुदृढ़ीकरणः हर्षिता माथुर

# डीएम की पहल से सीएचसी दीन शाह गौरा को मिले आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर की नई पहल से कॉरपोरेट सामुदायिक जिम्मेदारी के दृष्टिगत भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (गैस-बी0यू0) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा में स्वास्थ्य संबंधी 16 आधुनिक उपकरणों के लिए 2105000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त उपकरणों के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

इन उपकरणों में डबल डोम सीलिंग लाइट, ईएम ड्रग ट्रॉली, लेबर टेबल,मल्टी पैरा मॉनिटर, फ्लोलर बेड, सेक्शन मशीन, रुधिर विज्ञान विश्लेषक, मल्टी पैरा रोगी मॉनिटर, जेनरेटर 25 केवीए, एलईडी परीक्षण लाइट स्टैंड मॉडल, महिला बंध्याकरण के लिए लेप्रोस्कोप, एनएसवी उपकरण, औपचारिक चैम्बर, सर्जिकल उपकरण सेट, जैव रसायन विश्लेषक, बकेट ट्रॉली (बीएमडब्ल्यू) आदि शामिल है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, बीपीसीएल की ओर से टीएम गैस यूपी-2 जितेन अधिकारी और मैनेजर सेल रायबरेली आयुष गर्ग भी उपस्थित रहे।

# यू.पी. में हार का बदला बिजली कटौती से ले रही योगी सरकार: ओ.पी. यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विद्युत विभाग की विद्युत कटौती एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सौरभ सिंह यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा के नेतृत्व में डी.एम. कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया एवं धरना दिया, इसी बीच विद्युत विभाग में महामहिम राज्यपाल महोदय को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की ओर से आशुतोष राय एस.डी.एम. न्यायिक एवं बाबूराम नगर मजिस्ट्रेट ने प्राप्त कर ज्ञापन को उचित माध्यम से भेजने का आश्वासन दिया। डी.एम. कार्यालय में उपस्थित होने के बावजूद ज्ञापन लेने स्वयं नहीं आयीं इसके लिए अधिवक्ता सभा द्वारा निन्दा प्रस्ताव किया गया। इस अवसर पर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया और योगी सरकार पर आरोप लगाया कि यू.पी. में हार का बदला लेने के लिए विद्युत कटौती की जा रही है। महामहिम को भेजे गये ज्ञापन में लिखा गया है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। खरीफ की फसल में धान की बेढ़न डालने व रोपाई करने का समय है। छात्रों के विद्यालय खुलने वाले हैं। कल कारखानों में मजदूरों को विद्युत आपूर्ति के अभाव में काम नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से त्राहि-त्राहि मची हुई है। विद्युत विभाग के अभियन्ता लूट-खसोट में मस्त है। यही कारण है कि विभाग घाटे में चल रहा है और कर्मचारियों की तिजोरी भरती जा रही है। पुरानी व जर्जर लाइनों के कारण ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर घरेलू कनेक्शन से कामर्शियल कनेक्शन चलाये जा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि विद्युत कटौती रोकी जाय। शहरी



क्षेत्र में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाय। जर्जर एवं पुरानी विद्युत लाइनें सही करायी जाय। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कामर्शियल कनेक्शन दिये जाय। विभागीय कर्मचारियों की सांठ-गांठ से की जा रही विद्युत चोरी रोकी जाय। विद्युत विभाग के अभियंताओं एवं कर्मचारियों की आय से अधिक सम्पत्ति की जाँच की जाय। मीटर रीडर द्वारा मीटरों में की जा रही छेड़खानी रोकी जाय। विद्युत विभाग द्वारा की जा रही गलत ढंग से विद्युत बिलिंग रोकी जाय। विद्युत विभाग द्वारा गैर तकनीकी लोगों से काम लिए जाने से रोका जाय। इलेक्ट्रिकल से डिप्लोमा व आई.टी.आई. करने वाले बेरोजगारों को संविदा पर रक्खा जाय। विद्युत विभाग की लापरवाही से होने वाली धन-जन की क्षति का मुआविजा दिलाया जाय।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व डीजीसी दिनेश यादव, अखिलेश माही, गोविन्द सिंह चौहान, अनिल यादव, अरविन्द यादव, विवेक सोनकर, फिरोज खान, संदीप कुमार, सौरभ कुमार, सुरेन्द्र कुमार, विभव यादव, राजेश यादव प्रोफेसर, अशोक चौधरी, अनिल कुमार यादव, कमलेश यादव, एजाज अहमद, राजेश यादव, राकेश यादव, विमल यादव, रंजीत यादव, आशीष यादव, राम लोचन, शिवकुमार अग्रहरि, योगेन्द्र सिंह मौर्य, अनुज सिंह यादव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, महासुख चौधरी, नितिन कुमार, अतुल कुमार, अतुल कुमार इन्द्रा, कमलेश चौरसिया, प्रमोद चौधरी, सन्त प्रकाश यादव, अमर बहादुर यादव, अनुज बरवारी, उमानाथ पाल, उमेश यादव, जयकिशन यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 29°C |
| कानपुर | 32°C | 29°C |
| देहरादून | 30°C | 30°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 34°C |

# यूपी 112: मजबूत हुआ पुलिस का तंत्र, अब काफिले में 6278 गाड़ियां

- यूपी पुलिस 112 का नेटवर्क और भी मजबूत हुआ है।
- इस काफिले में गुरुवार को 1778 नए वाहनों को जोड़ा गया




यूपी 112 के काफिले में अब 6278 वाहन हो गए हैं। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1778 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इससे यूपी 112 का रिस्पांस टाइम कम होगा और जरूरतमंदों तक तेजी से मदद भेजी जा सकेगी। योगी ने कहा कि हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया है। चौपहिया के साथ दोपहिया वाहनों को भी 112 के बेड़े में शामिल किया है, ताकि गली-मोहल्लों तक आमजन की मदद की जा सके। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय यूपी 112 सुर्खियों में बना रहा। लोगों ने पुलिस बल के सेवाभाव को देखा था। जिन गली-मोहल्लों में फोर व्हीलर नहीं जा सकती, वहां टू व्हीलर पहुंचे। उन्होने कानपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कर्मचारी कल्याण के लिए एसी हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल की सराहना भी की।

## इमरजेंसी के वक्त मिनटों में मिलेगी मदद

**हैदराबाद की कंपनी ने बनाया हेलमेट**

एसी हेलमेट का निर्माण हैदराबाद की कंपनी ने किया है। वहीं कानपुर मेट्रो में कार्यरत एफकॉन इंफास्ट्रक्चर ने सीएसआर से सहयोग दिया है। सीएम ने कार्यक्रम में कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षी सुगौरव तिवारी को हेलमेट पहनाने के बाद कहा कि इस बार गर्मी के नया रिकॉर्ड बनाया है। अंतिम चरण के चुनाव में एक ही दिन में दर्जनों चुनाव कर्मियों की मौत हो गयी थी, जो हमारे लिए चिंता का सबब था। तब तापमान बहुत अधिक था। ट्रैफिक जवान गर्मी में ड्यूटी करने के दौरान बेहोश हो जाते हैं या कोई अप्रिय घटना हो जाती है। एसी हेलमेट कुछ हद तक मदद कर सकता है।

**जनता का मिला भरपूर सहयोग**

सीएम ने कहा कि कानपुर के पुलिस कमिश्नर जब गोरखपुर के एडीजी थे तो उन्होंने सेफ सिटी का प्रयास प्रारंभ किया था। सुप्रीम कोर्ट ने गृह मंत्रालय व राज्यों को महिला सुरक्षा के बारे में संवेदनशील बनने को कहा था। इसे ध्यान में रखते हुए 2016 में सेफ सिटी के लिए गोरखपुर से ऑपरेशन त्रिनेत्र की शुरुआत की। इसमें नागरिकों का भी सहयोग मिला। उसके परिणाम हमें देखने को मिलते हैं। अब घटना होने के चंद घंटों के अंदर अपराधी पुलिस की भेंट चढ़ जाता है।

**24 एजेंसियों से हुआ एकीकरण**

बता दें कि यूपी-112 के द्वितीय चरण में नई तकनीक के साथ संसाधनों को भी बढ़ाया गया है। साथ ही, 15 नई एजेंसियों के साथ एकीकरण किया गया है। कॉलटेकर्स की संख्या 673 से बढ़ाकर 825 की गयी है। अब प्रतिदिन औसतन 28 हजार कॉल सुनी जा सकेंगी। पीआरवी को ट्रेक भी किया जा सकेगा।

**सटीक लोकेशन मिलेगी**

कॉलर की सटीक लोकेशन पता करने के लिए 112 ने ईएलएस तकनीक का उपयोग किया है, जो पहली बार देश के किसी पुलिस बल ने प्रयोग की है। पीआरवी कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरे भी दिए गए हैं, जिससे घटनास्थल की फोटो और वीडियो रिकार्ड की जा सकेगी। साथ ही, पीआरवी पर पीटीजेड कैमरे लगाए गए हैं। इससे संवेदनशील घटनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग जिला मुख्यालयों और यूपी-112 द्वारा की जा सकेगी।

## कचरे के ढेर से पटी राजापुर मंडी समिति

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजापुर मंडी समिति में गल्ला मंडी और फल सब्जी मंडी कचरे के ढेर पर बसी है।बरसात के मौसम में जहां चंदन कुमार पटेल उप निदेशक विपरण,प्रशासन मंडी परिषद ने सचिव को बरसात से पहले सफाई के दिशा निर्देश दिए लेकिन राजापुर मंडी में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।फल सब्जी मंडी के गेट की नालियां कूड़े से लबालब भरी हुई हैं। कूड़े के ढेर से मंडी में बेहद गंदगी है। किसानों और व्यापारियों का मंडी में व्यापार करना दूभर है। कूड़ा प्रतिदिन मंडी से बाहर नहीं भेजा जाता है। यही हाल गल्ला मंडी का है गल्ला मंडी में व्यापारी पवन गुप्ता की दुकान के पीछे और ट्रांसफॉर के पास कूड़े के अंबार लगे हैं। चंदन कुमार पटेल ने दो सप्ताह पहले ही निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर कूड़े को मंडी में जमा न करें, प्रतिदिन सड़क मार्ग, मंडी परिसर की चारदीवारी के मध्य, कार्यालय भवन के पीछे, किसान विश्राम गृह के पूछे, कैंटीन नीलामी चबूरों, पेय जल शौचालय।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### लखनऊ जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से प्रारम्भ

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** जिला लखनऊ बैडमिंटन चैम्पियनषिप गोमती नगर स्थित बी0बी0डी0 उ0प्र0 बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल मे 28 जून से प्रारम्भ होगी। जिसमे जिले के करीब 300/350 बालक-बालिका, पुरूष-महिला (वेटरन नही) हिस्सा ले रहे है, जिसके आधार पर जिला का चयन होगा, जो प्रदेष स्तर अखिल भारतीय स्तर पर भाग ले सकेगे। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल ध्यानी जी के अनुसार इसे 11 वर्ष 13, 15, 17 व 19 वर्ष एवं पुरूष/महिला (वेटरन स्पर्धा नही) की एकल/युगल/मिश्रित युगल स्पर्धाए खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता का प्रारम्भ प्रातः 09:30 पर होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 सुधर्मा सिंह, (सचिव, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) व विषिष्ठ अतिथि श्री अरूण कुमार कक्कड, (उपाध्यक्ष, उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं आलोक सरन (एड़वोकेट) के द्वारा किया जायेगा। पुरस्कार वितरण 30 जून को शाम 04:00 बजे विराज सागर दास (चैयरमेन-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ) एवं डा0 नवनीत सहगल, पूर्व आई0ए0एस0, (अध्यक्ष-उ0प्र0 बैडमिंटन संघ, चैयरमेन प्रसार भारती, भारत सरकार) के द्वारा किया जायेगा।

### दवा कारोबारी ने अधिवक्ताओं पर दर्ज कराया प्लाट कब्जाने का केस

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** थाना ठाकुरगंज के अन्तर्गत वकील रराज कुमार वर्मा ने अपने कुछ वकील साथियों के साथ दबंगई दिखाते हुये प्लाट पर कब्जे का प्रयास किया। साथ ही निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। भीड़ को इक्ठा होते देख कर अधिवक्ता जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मामला ठाकुरगंज की भूहर चौकी का है जिसमें ई-ब्लाक राजाजीपुरम् निवासी दवा कारोबारी संतोष कुमार सक्सेना के प्लाट पर वकीलों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया तथा मारपीट की। पीड़ित संतोष ने मामले की जानकारी भूहर पुलिस चौकी में दी परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुयी। उन्होनें घटना की शिकायत संयुक्त पुलिस आयुक्त से की। उन्होने सख्त रवैया अपनाते हुये मामले की जॉच करायी और मामला सही पाये जाने पर ठाकुरगंज पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अधिवक्ता राज कुमार वर्मा सहित दस अन्य के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया और मामले की जॉच की जा रही है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन आज

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव दिनांक 28 जून 2024 को सम्पन्न होना सुनिश्चित हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया हेतु चुनाव अधिकारी श्री राम सुरेश प्रदेश अध्यक्ष टेक्निकल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह यादव प्रदेश महामंत्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश को नामित किया गया है। द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव के लिए प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग व्यवस्थापन 'ग' वर्ग एवं ख वर्ग द्वारा विशेष अवकाश 28 एवं 29 जून 2024 स्वीकृत किया जा चुका है। द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव में प्रदेश से निर्धारित प्रतिनिधि के अलावा विभागीय संगठन एवं प्रदेश के अन्य विभागों के संगठन के अध्यक्ष महामंत्री आमंत्रित किये गए है।

### आरएनआई की आन लाइन वार्षिक विवरण की तिथि बढ़ी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी के प्रयासों से आरएनआई ने आन लाइन वार्षिक विवरण भरने की तिथि एक माह बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2024 कर दी है। इससे देश के सभी समाचार पत्र प्रकाशकों को राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश त्रिवेदी ने उप प्रेस पंजीयक श्री रजित चंद्रन से व्यक्तिगत वार्ता कर समाचार पत्र प्रकाशकों के हित की बात की थी, जिसका लाभ देश के संपूर्ण समाचार पत्र प्रकाशकों को हुआ है। लघु एवं मध्यम समाचार पत्र समिति के प्रदेश महामंत्री श्री धनराज महेश्वरी, उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री श्री रमेश शंकर पांडेय सहित कई संगठनों ने आरएनआई के उक्त निर्णय का स्वागत करते हुए मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश त्रिवेदी के प्रयासों की सराहना की है।

### ग्रामीण से ग्रामीण व शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में होगा समायोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र में जिले के अंदर शिक्षकों के समायोजन के विस्तृत दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत जहां शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से कम संख्या वाले विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे। इसमें भी ग्रामीण से ग्रामीण और शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में ही समायोजन होगा। शिक्षक समायोजन के लिए अधिकतम 25 विद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे। विशेष सचिव बेसिक शिक्षा अवधेश कुमार तिवारी के मुताबिक जिल के अदर समायोजन के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली समिति होगी। इसमें उपाध्यक्ष सीडीओ, डायट प्राचार्य, वित्त व लेखाधिकारी बेसिक और बीएसए सदस्य होंगे। सत्र 2023- 24 में यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर आरटीई के नियमों के तहत विद्यालयों की आवश्यकतानसार शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। अधिक शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों की जिले की नियुक्ति की तिथि के आधार पर कनिष्ठ शिक्षक को अधिक मानते हुए उन्हें चिह्नित किया जाएगा। एक ही विषय के दो शिक्षक होने पर कनिष्ठ शिक्षक को अधिक मानते हुए उनका समायोजन किया जाएगा। अधिक आवश्यकता वाले विद्यालयों में खाली पदों की सूची जारी होगी। ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन जिला स्तरीय समिति करेगी। बाकी प्रक्रिया एनआईसी के माध्यम से की जाएगी। समायोजन की समय सारिणी व अन्य निर्देश दिए गये हैं।

## अब आधार की तर्ज पर बनेगा किसान कार्ड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

देश में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। एक जुलाई से पूरे प्रदेश में किसान रजिस्ट्री की शुरुआत की जा रही है। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा, खसरा नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद एक किसान नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूरा होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। रजिस्ट्री से मिलने वाले नंबर के जरिये ही दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग का दावा है कि पूरे प्रदेश में एक साथ किसान रजिस्ट्री शुरू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।केंद्र सरकार की ओर से एग्रीस्टैक कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार कराए गए मोबाइल एप पर प्रदेश के हर किसान का पूरा विवरण दर्ज किया जायेगा।एक जुलाई से 31 जुलाई तक हर गांव में शिविर लगेंगे। इसमें दो कर्मचारी रहेंगे। ये गांव में रहकर संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, ईकेवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण विरासत, बैनामा आदि होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इसमें किसान के हर गाटे में दो सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा।अभी किसान को किसी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने से उनके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसने क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में भी सहूलियत होगी। पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों को चिह्नित करने में आसानी होगी।यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहते हैं किकिसान रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। धांधली की गुंजाइश नहीं रहेगी। पायलट परियोजना के तहत फर्रुखाबाद में 185634 किसान रजिस्ट्री की गई। अब इसे एक जुलाई से पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के साथ ही राजस्व, गन्ना, आईटी की टीम लगी है।

## मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली को बदनाम करने की साजिश होगी नाकाम: आफाक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद आफाक ने आरोप लगाया है कि मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के खिलाफ जो शिकायतें पुलिस से की गई है।

और सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया जा रहा है वह न सिर्फ मौलाना बल्कि मुसलमानों के खिलाफ साजिश का एक हिस्सा है। यह सब हमारे धार्मिक स्थल हैं। वर्तमान में वहां शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली के प्रयास उल्लेखनीय हैं। मौलाना द्वारा वहां पर किए जा रहे कार्यों से बड़ी संख्या में गरीब व जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मौलाना ईदगाह और उससे जुड़ी तमाम चीजों की बहुत अच्छी तरह से देखभाल और हिफाजत कर रहे हैं। ऐसे में यह कहना कि ईदगाह में कोई गड़बड़ी चल रही है गलत है। इसके पीछे जिन साजिशों का हाथ है उसपर मोहम्मद आफाक लगातार नजर बनाए हुए हैं।

आखिर में आफाक ने कहा की मेरा मानना है गलत ढंग से काम करने वाले भू माफियाओं को मौलाना की संरक्षण नहीं मिला होगा इसी लिए इस तरह की बयान बाजी हो रही है। जल्दी ही इन साजिशों का पर्दाफाश किया जाएगा और उन्हें नाकाम बनाया जाएगा।

## जस्टिश त्रिवेणी सहाय शिक्षा निकेतन स्कूल का नकुल दुबे ने किया प्रचार



- नकुल दुबे ने स्कूल के पर्चे लोगों में बांटे, कहा कि बच्चों को मिलेगी अच्छी शिक्षा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र में इटौंजा के चाँदपुर, खानीपुर गांव नेशनल हाईवे रोड पर स्थित जस्टिश त्रिवेणी सहाय शिक्षा निकेतन स्कूल का प्रचार स्कूल के संस्थापक पूर्व मंत्री पूर्व विधायक नकुल दुबे ने कई गांवों में जाकर ग्रामीण लोगों में स्कूल के पर्चे वितरण किए। बता दें कि जस्टिश त्रिवेणी सहाय शिक्षा निकेतन स्कूल के संस्थापक नकुल दुबे ने कहा कि यह विद्यालय उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा वातावनुकूलित कक्षाएं है शिक्षा के लिये शान्त एवं सौम्य वातावरण है, प्री-नर्सरी, कम्प्यूटर की शिक्षणेत्तर स्मार्ट क्लास, बच्चों के खेलने के लिये बड़ा खेल मैदान है, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान स्कूल प्रबंधन द्वारा दिया जाता है। बच्चों के लिए आवागमन हेतु वाहन की व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। वहीं स्कूल के मैनेजर अतुल दुबे ने बताया कि बेहतर शिक्षा बच्चों को हमारे विद्यालय में दी जाती है। प्री नर्सरी, अंग्रेजी माध्यम, सी.बी.एस.ई पैटर्न इस विद्यालय में उपलब्ध है। इस मौके पर गुरुवार को नकुल दुबे स्कूल मैनेजमेंट एवं अन्य टीचरों व अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ कई गांवों में स्कूल का प्रचार प्रसार किया।

## दुघरा जमखनवां बगहा, करौंदी होते हुए मानपुर मंडी जाने वाली सड़क जर्जर

- कही पर लगाई चकती, तो कहीं की खानापूर्ति, सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे
- इस सड़क पर ग्रामीण व किसानों को मंडी जाने में होती है परेशानी

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के दुघरा जमखनवां बगहा करौंदी होते हुए मानपुर मंडी जाने वाली सड़क जर्जर हैं और सड़क पर गढ्ढे ही गढ्ढे दिखाई देते हैं। बता दें कि इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क पर चकती लगाने का काम किया जा रहा है चकती लगाने का कार्य मात्र खानापूर्ति की जा रही है। इस सड़क पर कहीं चकती लगाई कहीं गड्ढे छूटे हैं और कहीं कहीं सड़क कटी हैं जिससे कि ग्रामीणों में नाराजगी हैं। हाईवे से लेकर दुघरा गांव तक पूरी सड़क जर्जर पड़ी हुई हैं जिससे कि इस सड़क पर निकलने वाले आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों में सड़क को लेकर आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे कि लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं मानपुर बगहा करौंदी सड़क पर दुकानदारों ने बताया कि इस सड़क की शिकायत क्षेत्रीय विधायक से भी की गई है।

### विधायक ने कहा कि फिर से बनाई जायेगी पूरी सड़क, क्षेत्रीय लोगों को मिलेगी सुविधा

इस पूरे मामले पर जब संवाददाता ने बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला से बात की तों उन्होंने बताया कि दुघरा जमखनवां बगहा करौंदी गांव को जोड़ने वाली सड़क को बारिश के बाद फिर से नई बनाई जायेगी। कहा कि बारिश का मौसम खत्म होने के बाद इस सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा। अभी इस सड़क पर पड़ने वाले गढ्ढो को भरने का कार्य किया जा रहा है, जिससे बारिश के महीने में इन गांवों के ग्रामीणों को गढ्ढो का सामना ना करना पड़े, यह पूरी रोड फिर से नहीं बनाई जायेगी।

## पैमाइश में लापरवाही में नपेंगे आधा दर्जन एसडीएम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भूमि की पैमाइश में लापरवाही मिलने पर शासन ने आधा दर्जन उप जिलाधिकारियों यानि एसडीएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। ये एसडीएम आगरा, गाजीपुर, सुल्तानपुर की तहसीलों में तैनात हैं। सीएम योगी ने राजस्व संहिता की धारा-24 के तहत दायर होने वाले सीमांकन वादों पैमाइश के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री राजस्व महकमें की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के मूड में हैं लेकिन राजस्व विभाग खासकर तहसीलों के अहलकारों और अफसरों ने तो जैसे कार्यप्रणाली में तनिक भी बदलाव न करने की कसम खा रखी है।मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम हो या फिर डिप्टी सीएम के आवास पर हर सोमवार को होने वाला जनता दर्शन कार्यक्रम,सबसे ज्यादा भूमि सम्बंधी फरियाद लेकर पहुंचने वालों की तादाद ज्यादा होती है। लखनऊ से अफसरों को ताकीद किया जाता है कि लोगों को बेवजह दूर दराज के जनपदों और गांवों से लखनऊ की दौड़ न लगानी पड़े। जिलों में ही समस्या का निदान कर दिया जाये लेकिन अफसर अनदेखी अनसुनी से बाज नहीं आ रहे हैं।एसडीएम और तहसीलदार बदल जाते हैं लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों को जमीन की पैमाइश करने की फुर्सत नही मिलती।शासन की समीक्षा में सामने आया कि आगरा की फतेहाबाद, खैरगढ़ व बाह तहसील, गाजीपुर की सदर व सैदपुर और सुल्तानपुर की सदर तहसील में पैमाइश के मामलों का निस्तारण संतोषजनक नहीं है। पांच-पांच साल से मामले लटके हुए हैं।इसके बाद राजस्व विभाग ने फतेहाबाद के एसडीएम जेपी पांडेय, खैरगढ़ के अरुण कुमार यादव, बाह के रतन कुमार वर्मा, सैदपुर के पुष्पेंद्र पटेल और गाजीपुर सदर के एसडीएम चंद्रशेखर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सुल्तानपुर सदर में उस एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिसके कार्यकाल में मामले नहीं निपटे। उस एसडीएम के नाम की जानकारी की जा रही है।

## उपचुनाव: मिल्कीपुर से अवधेश का बेटा और कटेहरी से लालजी की बेटी को सपा देगी टिकट!

- बीजेपी और सपा की प्रतिष्ठा दांव पर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में विधानसभा की 10 सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं। इसमें अयोध्या की मिल्कीपुर और अंबेडकरनगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट शामिल है। मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद अब फैजाबाद से सांसद हैं वहीं कटेहरी के एमएलए लालजी वर्मा अंबेडकनगर का संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।इन दोनों सीटों पर समाजवादी पार्टी में नाम का मंथन शुरू है। संसद सत्र खत्म होने के बाद दिल्ली से लौटकर अखिलेश फाइनल मुहर लगा देंगे। मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को और कटेहरी से लालजी वर्मा की बेटी छाया वर्मा चुनाव मैदान में उतर सकती हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से 2022 के विधानसभा चुनाव में 13 हजार वोटों से अवधेश प्रसाद ने जीता था। लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा में सपा को 8000 वोटों से बढ़त मिली। कटेहरी विधानसभा सीट में लालजी वर्मा ने 2022 का विधानसभा चुनाव 7 हजार वोटों से जीता था लेकिन लोकसभा चुनाव में कटेहरी में उन्हें 17 हजार वोटों की बढ़त मिली थी।मिल्कीपुर और कटेहरी के अलावा यूपी की जिन सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें फूलपुर, मझवा, मीरापुर, करहल, कुंदरकी, गाजियाबाद और खैर विधानसभा, रायबरेली की ऊंचाहार सीट भी शामिल हैं।यूपी की इन 10 सीटों के उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव के नजरिए से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सपा को उम्मीद है कि उसके लिए लोकसभा चुनाव सरीखा परिणाम होगा।

## बच्चों के लिए आज से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** ग्रीष्मावकाश के बाद कल 28 जून से परिषदीय विद्यालय खुल जाएंगे। इससे पहले 25 जून से शिक्षकों के लिए विद्यालय खुल गए हैं। विद्यालयों में शिक्षक पहुंच रहे हैं और साफ-सफाई करवा रहे हैं। शुक्रवार से विद्यालय खुलेंगे तो सफाई हो चुकी होगी। गर्मी को देखते हुए 28 और 29 जून को दो घंटे ही स्कूल संचालित होगा। उसके बाद एक जुलाई से नियमित कक्षाएं चलेंगी। एक जुलाई से विद्यालय को उत्सव का रूप दिया जाएगा। विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों और गुब्बारों से सजाया जाएगा।

## कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ सरकार की सहानुभूति सराहनीय

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जो 28 मार्च 2005 तक के जो कर्मचारी और शिक्षक सेवायोजन के तहत आ चुके थे उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मान लिया है। यह एक वर्ष पहले केंद्र सरकार ने संगठनों की मांग तथा उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय तक चल रहे वादों में निर्णय के बाद किया था। केंद्र में हो जाने के बाद 1 वर्ष से उत्तर प्रदेश के भी संगठन मांग कर रहे थे।अब इसे उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कर्मचारी और शिक्षकों पर लागू कर दिया है ,इससे लगभग 50000 कर्मचारी और शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलेगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जनसंख्या पर नियंत्रण करने से ही सुधरेंगे हालात

**संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर लें तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं।**

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर लें तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है।

## एक्सप्रेस आलेख

**राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एव अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है।**


# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी



ललित गर्ग

**सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें।**

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है। यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा।



**इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा।**

## एक्सप्रेस कविता

*कहां गए वो रिश्ते, कहां गई संवेदनाएं*
*जो कभी थे प्यारे अपने, हम देखते हैं अब उनसे*
*मिलने के सपने, अपने गुम हो गए*
*संबंधों को किया हलकान, सिक्कों की खनखनाहट में,*
*सारे रिश्ते नातों को*
*किया परेशान*

*गांव शहरों की ओट में , लुप्त हुए दादी नानी के गांव*
*रिश्ते की ओट में, मिट गए सब रिश्ते और नाते,*
*जब से खुले जमीन जायजात के खाते,*
*रिश्ते अब अपने रिश्तों से कतराने आने लगे हैं*
*बेटे,बेटी भी मां बाप से घबराने लगे है,*
*फ्लैट, मकान और दुकान*
*की बेदम चाहत ने*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जैसा मैं चाहता हूँ, वैसा ही हो जाये। जब तक ये इच्छा रहेगी, तबतक हमारे मन को शांति नहीं मिल सकती।*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 16:27 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व भाद्रपद 10:10 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सौभाग्य, 21:39 तक |
| सूर्योदयः | 05:15 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 10:26-12:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| अभिजीत मुहूर्तः | कोई नहीं |

# जन एक्सप्रेस

### जेल आना जाना !

*कहां बची नैतिकता ?*
*ऐसे मुस्कराना ।।*
*पड़ गया है वास्ता ।*
*जेल आना जाना ।।*
*रहे चिपके पद से ।*
*है हरकत बचकाना ।।*
*देते थे दुहाई ।*
*देख रहा ज़माना ।।*
*अर्जीयां बस आर्जीयां ।*
*लज्जा नहीं आई ।।*
*पड़ गया खटाई में ।*
*लगता अब रिहाई ।।*
*हुई ऐसी हालत ।*
*सारे शर्मशार ।।*
*राजनीति ये है नई ।*
*अंदर भी तकरार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या हाई बीपी का कारण बन सकती हैं? किडनी से जुड़ी समस्याएं

कुछ लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि किडनी से जुड़ी समस्याओं से बीपी बढ़ सकता है? आइये डॉक्टर से जानते हैं इसके बारे में।

अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए किडनी का स्वस्थ रहना भी बेहद जरूरी होता है। किडनी शरीर के विषाक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती है। देखा जाए तो किडनी का सीधा संबंध शरीर के कई अंगों के साथ होता है। कुछ लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि किडनी से जुड़ी समस्याएं होने से बीपी बढ़ सकता है? किडनी की कार्यक्षमता अगर कम हो जाए तो यह शरीर पर कई तरीकों से असर डाल सकती है। आइये शारदा हॉस्पिटल के जनरल मेडिसिन के प्रोफेसर और एचओडी डॉ. आदेश के गड़पायले से जानते हैं इसके बारे में।



**क्या किडनी की समस्या से हाई बीपी होता है?**

डॉ. गड़पायले के मुताबिक किडनी की कार्यक्षमता कम हो जाए तो इससे ब्लड प्रेशर पर असर पड़ सकता है। किडनी और ब्लड प्रेशर का आपस में सीधा संबंध होता है। अगर आप क्रॉनिक किडनी डिजीज से परेशान हैं तो संभव है कि आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति होने पर कई बार धमनियों में सिकुड़न आ सकती है, जिससे भी ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है। वहीं, अगर आप पहले से ही हाई बीपी के शिकार हैं तो ऐसे में संभव है कि आप किडनी से जुड़ी बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं।

**किडनी को नहीं मिलता पर्याप्त ब्लड**

आमतौर पर किडनी से जुड़ी समस्याएं होने पर कई बार किडनी को पर्याप्त मात्रा में ब्लड नहीं मिल पाता है, जिस कारण कुछ मामलों में ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। ऐसे में कई बार किडनी शरीर में जमा विषाक तत्वों का सफाया करने में भी असमर्थ हो सकती है। अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई समस्या है तो सबसे पहले उसे ठीक करने की जरूरत है। इसके लिए डॉक्टर ब्लड या यूरीन टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं।

किडनी को स्वस्थ रखने के तरीके

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए आपको पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

इसके लिए आपको हेल्दी डाइट लेनी चाहिए, जिसमें हरी पत्तेदार सब्जियां और फल शामिल करने चाहिए।

ऐसे में अपने ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखें।

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए धूम्रपान करने से बचें।

इसके लिए आपको ज्यादा नमक खाने से बचें।

## एक्सप्रेस विशेष

# पर्यटन क्षेत्र में व्यापक संभावना



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**लखनऊ की तुलना में दुधवा में तापमान बहुत कम रहता है। यह प्रकृति के सान्निध्य में ही सम्भव है। प्रदेश सरकार ने पर्यटन स्थलों पर कनेक्टिविटी के प्रयास प्रारम्भ किए हैं। लखीमपुर खीरी में पुरानी एयर स्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने जा रहे हैं। यहां रेलवे के सहयोग से एक हॉलिडे ट्रेन प्रारम्भ की गयी थी। इसे और अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने का हमारा प्रयास है।**

विश्व के अनेक देशों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन व तीर्थाटन का विशेष योगदान रहता है। इसके लिए इन देशों ने योजनबद्ध ढंग से प्रयास किया। अपनी आध्यात्मिक, ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहरों को सजाया-सँवारा, वहां विश्व स्तरीय सुविधाओं व संसाधनों का विकास किया। इसके कारण अनेक स्थानों को विश्व स्तरीय प्रतिष्ठा मिली। स्वतंत्रता के बाद भारत के लिए भी ऐसा करने का अवसर था, लेकिन सरकारों द्वारा कतिपय मध्यकालीन इमारतों के अलावा अन्य ऐतिहासिक स्थानों के विकास पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। सरकार ने तीर्थाटन व पर्यटन पर अत्यधिक जोर दिया। इस विषय को प्राथमिकता में शामिल किया। अनेक सर्किट का निर्माण चल रहा है। इक्ष्वाकुपुरी के रूप में सरयू के तट पर एक आध्यात्मिक सांस्कृतिक नगरी की स्थापना की जाएगी। इसे विकसित करने के लिए नुजूल, वन और उद्यान विभाग की भूमि उपयोग में लाई जाएगी। इस हरित नगरी में निर्मित क्षेत्रफल अधिकतम पांच प्रतिशत होगा। इक्ष्वाकुपुरी का विकास पूर्व एशियाई हिंदू वास्तुशैली और भारत की तीनों नागर, द्रविड़ और बेसर के मिश्रण से किया जाएगा। भवन निर्माण की अन्य प्राचीन शैलियों का भी प्रयोग होगा। विश्व के अनेक देशों के लोग अपने को श्री राम का वंशज मानते हैं। उन्होंने अपनी शैली में श्री राम के प्रतीक स्थापित किया। उनका भी इसमें प्रयोग होगा। इस प्रकार इस नगरी से अनेक देशों के लोगों भावनात्मक लगाव बढ़ेगा।यूपी में पर्यटन की अपार संभावना है।गत वर्ष उत्तर प्रदेश में करीब पचास करोड़ पर्यटक आए थे। यह प्रदेश की आबादी से लगभग दोगुनी संख्या है। यह उत्तर प्रदेश में पर्यटन की सम्भावनाओं को दर्शाता है। इनमें से अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के क्षेत्र में आए थे।मुख्यमंत्री ने 'ईको पर्यटन संवाद' कार्यक्रम को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र ईको पर्यटन विकास बोर्ड के 'लोगो' का अनावरण किया।नई ईकोपर्यटन इकाइयों की स्थापना करने वाले महानुभावों का सम्मान किया। गत वर्ष काशी में दस करोड़ से अधिक, मथुरा-वृन्दावन में साढ़े सात करोड़ से अधिक तथा अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के अपनी जन्मभूमि पर विराजमान होने के उपरान्त पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं। इसमें अभी और बढ़ोत्तरी होनी है। प्रदेश में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, माँ विन्ध्यवासिनी धाम, माँ पाटेश्वरी धाम, माँ शाकुम्भरी धाम, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती तथा संकिसा सहित जैन तीर्थ स्थलों एवं सूफी परम्परा से जुड़े स्थलों के रूप में स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक सम्भावनाएं पहले से ही मौजूद हैं।इससे यह भी पता चलता है कि उत्तर प्रदेश मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण जनपद सोनभद्र के फॉसिल्स पार्क है। यह उतने ही पुराने हैं, जितनी जीव सृष्टि है। यहां लगभग एक सौ पचास करोड़ वर्ष पूर्व के फॉसिल्स पाए जाते हैं। प्रदेश में स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म की भी सम्भावनाएं मौजूद हैं। श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी तथा पीलीभीत सहित प्रदेश में पंद्रह हजार वर्ग किमी क्षेत्र की वन सम्पदा है। यहां पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व के वन मौजूद हैं। प्रदेश सरकार वर्तमान में चित्रकूट और बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व के कार्य आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं को देश व दुनिया के सामने लाने, लोगों का इसके प्रति आकर्षण बढ़ाने, मनोरंजन, ज्ञानवर्धन करने, अपने अतीत और इतिहास के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करने तथा भावी चेतावनी के प्रति सभी को जागरूक करने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड का गठन किया गया है। लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बनायी जा रही है। यहां कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किया जा रहा है। यह नदी कभी आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गोमती पीलीभीत से निकलकर वाराणसी के निकट माँ गंगा से मिलती है।प्रदेश में ईको टूरिज्म के क्षेत्र में अनेक कार्य प्रारम्भ किए गए। दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व तथा सोहागी बरवा में अनेक कार्य हुए हैं। लोग यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य का लाभ उठाने आ रहे हैं। उन्हें प्रकृति को देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

**बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किलों, ऐतिहासिक इमारतों को होटल तथा पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास किए गए हैं। प्रदेश में अलग-अलग जनपदों में अलग-अलग सम्भावनाएं हैं। पर्यटन से जुड़े लोगों का सहयोग और सक्रियता इन सम्भावनाओं को आगे बढ़ा सकता है।**

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संभाला चार्ज बताई अपनी प्राथमिकताएं



- 27 जून 2010 बैच की आईएएस लखीमपुर खीरी जिले की नवागत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जनपद मुख्यालय पहुंचकर कोषागार में पदभार ग्रहण किया
- आम नागरिक एवं जरूरतमंदों के लिए हमारा कार्यालय सदैव खुला है दुर्गा शक्ति नागपाल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पदभार संभालने के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर हो, इसे सुनिश्चित कराए। यह फरियादियों के लिए अच्छी खबर है उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें। अधिकारी सजग और प्रो-एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें।नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा। आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि।जनता सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे।

प्रेसवार्ता में डीएम द्वारा कही गई बातों से प्रतीत होता है की फरियादियों को न्याय मिलेगा नौकरशाहो के प्रति सख्ती से स्पष्ट होता है की जनपद को एक तेजतर्रार और जनहित में जन शिकायतों पर हिला हवाली पर अंकुश लगेगा लेकिन होता यह है प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं बातें ज्यादातर हवा हवाई होती है। प्रारंभ में जो उर्जा होती है बाद में नहीं दिखाई देती उन्होंने पत्रकारों को हर खबर से अवगत कराने के लिए अफसरों से कहा साथ ही पत्रकारों से यह कहा गया किसी भी खबर को सोच समझकर चलाएं खबर ग़लत है उसका पत्रकारों को खंडन करना पड़ेगा जिससे यह भी शुभ संकेत है। बिना तथ्यों के आधारित पत्रकारिता पर विराम लगेगा बिना साक्ष्य किसी का नाम किसी विभाग पर खबर लगाना भी बंद होगा प्राकशित खबर को संज्ञान में लाया जाएगा। कुल मिलाकर जनपद को एक कार्यों में निष्ठा रखने वाला तथा जनपद में सुस्त पड़ी अफसर शाही में ऊर्जा आएगी और सरकारी योजनाएं धरातल पर नजर आएंगी पीड़ित पहले जिस सम्बंधित विभाग का मामला है पीड़ित पहले वहां जाएं न्याय न मिलने पर जि़ला अधिकारी कार्यालय आए उसे न्याय मिलेगा अगर पीड़ित किसी योजना का लाभ पाने का फरियादी है तो किसी कारण वश वह योजना का लाभ न मिल पाने पर सरकार की अन्य महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ जरूर दिया जायेगा।

## स्थानान्तरित जिलाधिकारी को दी गई विदाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



गुरुवार को जिले के अधिकारियों स्थानांतरित डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को अधिकारियों ने भावभीनीं विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा। जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने वाले लोकप्रिय डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को गुरुवार की सुबह जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत में एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान डीएम को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान डीएम ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिलें में कार्यो का संचालन किया। निवर्तमान डीएम ने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। साम्प्रदायिक सौहार्द के अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपदवासियों, जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों के सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।एसपी ने कहा कि निवर्तमान डीएम आदर्श व्यक्तित्व के धनी व कुशल प्रशासक है।मेरा परम सौभाग्य है कि सर के मार्गदर्शन में काम किया। इस दौरान उन्हें पूरा सहयोग मिला। उन्होंने संयम और सूझबूझ के साथ पूरी टीम भावना के साथ जिले को बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। अपने कार्यों से उन्होंने सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। वह जिले के लिए मिसाल एवं प्रेरणा स्रोत है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डीएम से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। वह मेहनती, कर्मठ, जुझारू प्रवृत्ति के अधिकारी है, उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है।उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा।एडीएम ने डीएम के कार्यकाल की ना केवल सराहना की बल्कि बताया कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें उनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला। पूरा जिला उनके कार्यकाल को स्वर्णिम नेतृत्व के रूप में याद रखेगा।इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एआरएम कार्यालय सीतापुर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर




सूत्रों के अनुसार पिछले 10 सालों के रिकॉर्ड देखा जाए तो सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार सबसे भृष्ट अधिकार साबित होंगे। सीतापुर बस स्टैंड अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है। यात्रियों को कोई भी सुविधाएं नही मिल रही है। राकेश कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यकाल में यात्रियों को पीने का पानी तक नसीब नही हो रहा है। फिर भी राकेश कुमार के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है। विश्वत सूत्रों का यहाँ तक कहना है कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अपनी चल रही जांचों के चलते सीतापुर से स्थानांतरण कराकर भागने की फिराक में है।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर डिपो के एआरएम कार्यालय में भृस्टाचार चरम सीमा पर है। सूत्रों की माने तो पिछले कुछ सालों के रिकॉर्ड देखे जाए तो एआरएम राकेश कुमार से भृष्ट और रिश्वतखोर एआरएम जिले में कोई नही आया। डिपो की सरकारी दुकानों से सुविधा शुल्क लेना संविदा चालको परिचालकों से अवैध वसूली करना एआरएम राकेश कुमार की कार्यशैली में आता है। बताते चलें कि एक आउटसोर्सिंग गॉर्ड राजू कन्नौजिया निगम के संविदा परिचालकों व चालको से अवैध वसूली करके सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार तक वसूली की रकम पहुचाता हैं। एक संविदा चालक ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार के कहने पर ही हम लोगों से प्रति माह अवैध वसूली होती हैं। साथ ही लम्बी दूरी तय करने वाली बसों के संविदा चालको व परिचालकों से प्रति माह 1500 रुपये तथा यदि किसी चालक परिचालक को नई बस निगम की एलॉट करने के एवज में 15000 रुपये प्रति माह वसूली होती है। ये सारी वसूली राजू कन्नौजिया गॉर्ड के द्वारा कराई जाती है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो राकेश कुमार जैसे भृष्ट सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आज तक सीतापुर डिपो में नही आये हैं। बताते चले कि पूर्व में भी राकेश कुमार पर गंभीर आरोप लग चुके हैं तथा इनको 12 कॉलम की चार्जशीट भी मिल चुकी हैं जिसकी जांच चल रही है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि जो सफाई कर्मचारी बस स्टैंड परिसर में झाड़ू लगाते हैं उनकी सैलरी में से भी 700 से 800 रुपये प्रति माह काट लिए जाते हैं, यहाँ तक कि जो आउटसोर्सिंग गॉर्ड डंडा लेकर बस स्टैंड पर ड्यूटी करते हैं। उनकी सैलरी से भी प्रति माह 500 रुपये की कटौती सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार के आदेश पर की जाती हैं जिसका खामियाजा यह होता है कि सफाई कर्मचारी मन लगाकर सफाई नही करते हैं। साथ ही गॉर्ड भी नियमानुसार अपना कर्तव्य निर्वाहन नही करते हैं। सूत्रों के अनुसार सभी ड्राइवरो परिचालकों में रोष व्याप्त हैं परन्तु नोकरी जाने के डर से कोई विरोध न कर पा रहा है।

सीतापुर बस स्टैंड पर न पानी सुविधा यात्रियों को मिल पाती है न ही बिजली पंखों की सुविधा मिल पाती हैं।

विश्वस्त सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि रोडवेज बस स्टैंड के मेंटिनेंस व यात्रियो की सुविधा हेतु मुख्यालय से जितना भी बजट आता है सारा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा हड़प कर लिया जाता है, जिसकी वजह से यात्रियों में भी त्राहि त्राहि मची हुई हैं। न पीने का स्वच्छ पानी मिल पाता है यात्रियों को ओर न हो और कोई सुविधा।

## नवागत जिलाधिकारी ने जिला व खण्ड विकास अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ परिचय लेते हुये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये, उसका शतप्रतिशत लाभ पात्रों को दिया जाये तथा जो भी आवेदन जिस स्तर से लम्बित हों, उस अधिकारी व कर्मचारी से समन्वय स्थापित करते हुये उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को बेहतर किया जाये। स्कूलों की बाउन्ड्री व टायलिंग आदि का कार्य संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर पूर्ण कराया जाये। निपुण भारत योजना के तहत बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये। मानसून का समय चल रहा है, जिससे गांव में बीमारियों का प्रकोप अधिक रहता है, जिसकी रोकथाम के लिये उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व एमओआईसी समन्वय स्थापित करते हुये बचाव हेतु सभी तैयारियां समय से पूरी करें तथा किसी प्रकार की कोई कमी नही होनी चाहिये, इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नही होगी। एक अभियान चलाकर सभी गांव की साफ-सफाई व एण्टीलार्वा का छिड़काव अवश्य कराया जाये। डेंगू व मलेरिया का प्रकोप इस मौसम में बहुत अधिक रहता है, इसके बचाव हेतु सभी सम्भव तैयारियां पहले से ही पूरी की जायें। दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। किसी भी लाभार्थी का अनावश्यक परेशान न किया जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्नातक एवं परास्नातक के सत्र में प्रवेश लेने के लिए फॉर्म वितरण

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज, गोला में स्नातक एवं परास्नातक के वर्तमान सत्र में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश फॉर्म वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 02 जुलाई, 2024 निर्धारित की गई है।

समस्त छात्र/छात्राएं जिन्होंने प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर लिया है या प्रवेश फॉर्म लेने के इच्छुक है वह जुलाई के प्रथम सप्ताह से अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के मानकानुसार एम.ए. में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी को सामान्य वर्ग व पिछड़ा वर्ग हेतु 45: एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रवेशार्थियों हेतु 40: न्यूनतम अंक स्नातक में आवश्यक रूप से होने चाहिए। साथ ही अन्य फैकल्टी से कला संकाय में प्रवेश लेना चाहता है तो स्नातक में 50: अंक के साथ उत्तीर्ण होने पर स्नातकोत्तर में प्रवेश ले सकता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुकान पर ग्राहक बुलाने पर दो दुकानदारों में मारपीट

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। ग्राहक बुलाने को लेकर दो दुकानदारों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों पक्षों को पकड़ कर थाने पर बैठा दिया। मारपीट होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताते चलें कि कस्बे की सदर बाजार में कपड़ा मार्केट में दो कपड़ा दुकानदारों के बीच हुई लड़ाई झगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे को पीटते हुए दिख रहे है। वहीं कई लोग दोनों पक्षों में बीच बचाव करते दिख रहे है। मामला बाजार का होने के कारण काफी भीड़ लग गई। बाजार में दो समुदायों के बीच विवाद होने की सूचना पर भारी पुलिस बल और पीएसी मौके पर पहुँच गई। इस दौरान पुलिस ने एक पक्ष से दो व दूसरे पक्ष से चार लोगों को पकड़ कर थाने ले आई। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय ने बताया ग्राहक बुलाने को लेकर विवाद हुआ है। दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र नही मिला है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सहयोग से होगा दहेज मुक्त समाज का निर्माणः जिला प्रोबेशन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि दहेज एक सामाजिक बुराई है, जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएँ और अपराध उत्पन्न हुई हैं तथा भारतीय वैवाहिक व्यवस्था प्रदूषित हुई है। हम सबको मिलकर दहेज मुक्त भारत का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि दहेज, शादी के समय दुल्हन के ससुराल वालों को लड़की के परिवार द्वारा नकद या वस्तु के रूप में किया जाने वाला भुगतान है। आज सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिये बल्कि बालिकाओ की स्थिति के उत्थान के लिये कई कानूनी (दहेज निषेध अधिनियम 1961) और योजनाओं द्वारा सुधार हेतु प्रयासरत है। उन्होंने बताया है कि इस समस्या से छुटकारा पाने में लोगों की सामाजिक और नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अपराध है, बल्कि अनैतिक भी है। इसलिये दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति समाज की अंतरात्मा को पूरी तरह से जगाने की जरूरत है, ताकि समाज में दहेज की मांग करने वालों की प्रतिष्ठा कम हो जाए। उन्होंने बताया कि दहेज से सम्बन्धित किसी भी शिकायत जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के मोबाइल नम्बर 7518024017 वन स्टॉप सेन्टर अथवा 181 महिला हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर की जा सकती है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर या वन स्टॉप सेन्टर, निकट जिला चिकित्साधिकारी (सी0एम0ओ0) ऑफिस परिसर, हरदोई में सम्पर्क कर सकते है।

### ब्लॉक स्तरीय खरीफ गोष्ठी में आधुनिक खेती के बताये गए तरीके

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। बुधवार को ब्लाक स्तरीय खरीफ फसल गोष्ठी कस्बा के राजकीय कृषि बीज भंडार पर हुई। गोष्ठी में कृषकों को आधुनिक खेती के बारे में विस्तृत बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम तिवारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा भारत सरकार किसानों के हितों को लेकर अनेकों योजनायें चला रही है। कृषि विभाग के माध्यम से योजनाओं का लाभ लें। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा ने किसानों को दीमक मारने वाली दवाई ट्राई कोडर्मा व बेबेरिया के बारे में जानकारी दी। बताया एक किलो प्रति बीघा में इन दवाइयों का प्रयोग किसान कर सकता है। राजकीय बीज भंडार पर दीमक रोधी दवाई मौजूद है। किसान इनका प्रयोग अपने खेतों में करे। राजकीय भंडार प्रभारी सुबोध त्रिवेदी ने कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान गोष्ठी में महिला व पुरुष प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर बाजरे का बीज मुफ्त में दिया गया। वहीं किसानों से पराली न जलाने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, चन्नू सिंह चौहान, राहुल वर्मा, चंद्रभान, परशुराम, अवनीश, आदि मौजूद रहे।



## रोजगार मेले मे 183 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया है कि आज जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई में किया गया, जिसमें कई कम्पनियों ने भाग लिया।

रोजगार मेले में लगभग 372 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कम्पनी के अधिकारियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन व भत्ते के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इच्छुक अभ्यर्थियों ने आवेदन के रूप में कम्पनी द्वारा निर्धारित प्रपत्र को भरकर परीक्षा साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार में 183 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

## गर्रा नदी में डूबने से बालक की मौत, नदी से शव बरामद

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शाहाबाद। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम वीरमपुर में नदी में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर गांव के तैराकों ने उसे नदी से निकाला। आनन-फानन सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। पचदेवरा थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वीरमपुर में सालिगराम की पुत्री शशी पति से विवाद के बाद बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। मंगलवार को उनका नाती अनुराग उम्र 12 वर्ष पुत्र फकीरे भैंस चराने नदी के किनारे गया था। दोपहर में भैंस के साथ वह भी नदी में नहाने लगा। अचानक वह नदी में डूब गया।जिससे आसपास के लोगों ने दौड़कर गांव में सूचना दी। सूचना पर गांव के तैराकों ने उसे नदी से निकाला। परिजन बालक को सीएचसी लेकर आए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। बालक की मौत से घर में कोहराम मचा है।

## मौसम की पहली बरसात से खुली नगर पालिका की पोल

- सड़क के किनारे बने नाले का गंदा पानी सड़को पर बहने लगा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**सांडी।** स्थानीय कस्बे के मुख्य मार्ग के किनारे जल निकासी के लिए बनाया गया नाला लोगों के लिए मुसीबत बन गया है।सही तरीके से पानी की निकासी न होने के कारण गंदे जलभराव की समस्या बनी हुई है।मौसम की पहली बरसात में ही नगर पालिका की पोल खुलकर लोगो के सामने आ गयी है।

बताते चलें कि कस्बे के मुख्य मार्ग के किनारे जल निकासी के लिए लाखों की कीमत से जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है।बरसात शुरू हो चुकी है और नाला निर्माण का कार्य अभी तक अधर में लटका हुआ है। यहां मानक विहीन बनाए जा रहे नाले समस्या के निस्तारण के बजाय मुसीबत बनकर रह गए हैं। सही तरीके से पानी का निकास न होने के कारण मुख्य मार्ग के किनारे दुकानों के सामने कचरा और गंदे जल भराव की समस्या बनी हुई है।कस्बा निवासी आकाश गुप्ता ने बताया कि नाले में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के साथ-साथ मानक विहीन बनाया गया है। जिसके चलते दुकान के सामने कचरा और गंदा जल भराव हो गया। इस मामले की उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल सहित आला अधिकारियों से शिकायत की। जिस पर जांच के नाम पर फर्जी फोटो अपलोड कर समस्या का निस्तारण दिखाया गया है। फिलहाल पानी के निकास के लिए बनाया गया नाला लोगों की समस्या कम करने के बजाय मुसीबतों को बढ़ाये हुए है। ठेकेदार और जेई की साठ गांठ के चलते लोगों की शिकायत का सही तरीके से निस्तारण भी नहीं हो रहा है। अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि अभी नाले का निर्माण चल रहा है। जल्दी समस्या का समाधान हो जाएगा।

## शाहाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक अंतर्जनपदीय बदमाश को किया गिरफ्तार, दो फरार

- गोली लगने से दो सिपाही व बदमाश घायल

हरदोई



पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी द्वारा अपराधों पर नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शाहबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी व लूट की घटना में शामिल एक शातिर अभियुक्त को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायर करके भागने का प्रयास किया जिसमें पुलिस ने की जबाबी कार्यवाई में एक बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपी जे कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद किया गया। जबकि मौका पाकर दो साथी मौके से फरार हो गए। थाना शाहाबाद पुलिस गुरुवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के लिए अगमपुर तिराहा पर मौजूद थी। उसी समय कस्बा शाहाबाद की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई पड़ी। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल चालक द्वारा भगाने का प्रयास किया गया जिससे मोटरसाइकिल अनियन्त्रित होकर गिर गई। उसी समय पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

जबकि उसके पीछे बैठे अन्य दो साथी मौका पाकर फरार हो गए। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पता पूछने पर शाहरुख पुत्र सिराजुद्दीन उम्र 26 वर्ष निवासी सीपुर पचोर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज बताया। वहीं पकड़े गए शातिर बदमाश ने जनपद हरदोई में विभिन्न थाना क्षेत्र में हुई चोरी व लूट की घटनाओं के बारे में भी शामिल होने का जिक्र किया। बताया 6 अप्रैल 2024 की रात में थाना लोनार क्षेत्र में नकटोरा पुलिया और पाली रोड पर चोरी की गई एवं 11 अप्रैल 2024 को थाना पाली क्षेत्र के दरियापुर तिराहे के पास सर्राफा व्यापारी से रुपए लूटने का प्रयास किया।

राहगीर आने के बाद असफल रहे वही दिनांक 17 मई 2024 को थाना लोनार क्षेत्र के ग्राम रायपुर गुलरिया के निकट एक व्यक्ति के बैग से नगदी व लैपटॉप चोरी किया था। दिनांक 31 मई 2024 की रात्रि में शाहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आँझी पुलिस चौकी ओवर ब्रिज पुल पर स्कूटी से जा रहे अंग्रेजी शराब के सेल्समैन की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर रुपए छीने थे। उपरोक्त सभी घटनाओं के संबंध में संबंधित थाने पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत है।

पूछताछ के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि उक्त सभी घटना में अभियुक्त शाहरुख व उसके दो अन्य साथी कार्य करते थे। और बचाव हेतु अवैध शस्त्र भी रखते थे। इसी क्रम में पकड़े गए अभ्युक्ति से जानकारी प्राप्त हुई उसने बताया शाहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तड़ेर के निकट बंद बड़ा आटा मिल के पीछे स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास अवैध शस्त्र छिपाकर रखा है।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की निशान देही पर मौके पर पहुंचे। जहां पर अभियुक्त द्वारा छिपाकर रखे गए लोडेड तमंचा उसके साथ कारतूस उठाकर पुलिस टीम पर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई पुलिस टीम द्वारा आत्म रचार्थ फायरिंग की गई।

जिसमें अभियुक्त शाहरुख के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसी दौरान दो पुलिस कर्मी हेड कांस्टेबल जंग बहादुर व कांस्टेबल मोहित खोखर भी घायल हो गए। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्त को पुनः समय करीब 9:50 बजे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस बरामद किया।

# अवैध अस्पतालों की भरमार, जिम्मेदार बेपरवाह

## बिना पंजीकरण, बिना डिग्री के डाक्टर संचालित हो रहे सिफा क्लीनिक और दिलीप डायग्नोस्टिक सेंटर में बेखौफ किया जाता है अनैतिक कृत्य

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराध और अपराधी मुक्त, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी मुक्त प्रदेश बनाने का दावा योगी सरकार पार्ट 1 से ही किया जा रहा है परंतु विभागीय जिम्मेदारों की बेपरवाही से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश का सपना दिवास्वप्न बन कर रह गया है। प्रदेश सरकार द्वारा जनता के बेहतर इलाज के लिए प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है ताकि जनता का निजी अस्पतालों में शोषण ना हो और जनता को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके, परन्तु स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की मेहरबानी से बिना पंजीकरण, बिना डाक्टर के अवैध अस्पतालों का संचालन बेखौफ किया जा रहा है जहां भ्रूण हत्या जैसा जघन्य कुकृत्य भी बेरोकटोक किया जा रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण देवरिया जिले संचालित सैकड़ों अवैध अस्पताल है जिनका ना तो विभाग में पंजीकरण है ना ही डाक्टर,ना प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। स्वास्थ्य विभाग की बेपरवाही तो तब और उजागर हो गई जब स्वास्थ्य के संबंध में कखगघ ना जानने वाले अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं और गरीब मजबूर जनता की पसीने की कमाई पर डांका डाल रहे हैं।







### गाइनेकोलॉजिस्ट लिखकर दाई बनी डाक्टर

ऐसा ही एक अवैध अस्पताल देवरिया जिले के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के बैकुंठपुर बाजार में नहर रोड़ पर सिफा क्लीनिक के नाम से संचालित किया जा रहा है जहां ना तो डिग्रीधारी डाक्टर है ना ही प्रशिक्षित कर्मचारी और तो और निजी अस्पतालों में दाईं का काम करने वाली एक महिला अपने नाम के आगे बेखौफ होकर डाक्टर रुखसार लिखते हुए, गाइनेकोलॉजिस्ट लिखकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता का धनादोहन करती है और विभागीय जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। बिना पंजीकरण अवैध रूप संचालित हो रहे सिफा क्लीनिक में बिना डिग्री की डाक्टर रुखसार धड्ढले से भ्रूण हत्या जैसा अपराध बेखौफ करतीं हैं।

### बेचता था भूंजा बन गया रेडियोलॉजिस्ट

स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की बेपरवाही का आलम यह है कि एक भूंजा बेचने वाला व्यक्ति रेडियोलॉजिस्ट बन अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच कर रिपोर्ट बना रहा है। बताते चलें कि सिफा क्लीनिक भवन के अंदर ही बिना पंजीकरण, बिना डिग्रीधारी डाक्टर के दिलीप डायग्नोस्टिक सेंटर भी संचालित किया जा रहा है। जहां विगत वर्षों तक भूंजा बेच रहा व्यक्ति आज रेडियोलॉजिस्ट बन अल्ट्रासाउंड मशीन से लिंग जांच कर ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली जनता से मोटी रकम ऐंठता है।

### बिना डिग्री का डाक्टर बना अवैध अस्पतालों का खेवनहार

अवैध रूप से संचालित अस्पताल की कहानी में दिलचस्प मोड़ तब आ गया जब लोगों ने बताया कि क्षेत्र के दर्जनों अवैध अस्पताल एक ऐसे डाक्टर के नाम पर संचालित किए जा रहे हैं जिस डाक्टर के पास खुद ही कोई डिग्री तक नहीं है।हम बात करते हैं बैकुंठपुर क्षेत्र में डाक्टर दीनानाथ यादव नाम के मशहूर इस तथाकथित डाक्टर के पास कोई वैध डिग्री ही नहीं है?। परंतु इस तथाकथित डाक्टर के नाम पर दर्जनों अवैध अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं तो वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सिफा क्लीनिक, दिलीप डायग्नोस्टिक सेंटर और तथाकथित डाक्टर दीनानाथ यादव पर कुछ बड़े सफेदपोश नेताओं का वरदहस्त प्राप्त है।

### जांच कराकर की जाएगी विभागीय कार्रवाई - सीएमओ

इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर राजेश झा ने कहा कि अवैध रूप से संचालित सिफा क्लीनिक और दिलीप डायग्नोस्टिक सेंटर का मामला मिडिया बंधुओं द्वारा संज्ञान में लाया गया है शीघ्र ही जांच टीम गठित कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# रखरखाव के अभाव में बदहाल हुआ अंत्येष्टि स्थल, जिम्मेदार बेपरवाह

**जन एक्सप्रेस | निचलौल/ महराजगंज**



निचलौल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में चंदन नदी के किनारे लाखों की लागत से बना अंत्येष्टि स्थल रख रखाव के आभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हालात यह है कि लोग शव दाह स्थल पर शव जलाने के बजाय नदी तट के किनारे दाह संस्कार कर रहे है। खेत-खलिहान, नदियों से प्रदूषित व प्रदूषण से मुक्ति के लिए गांवों में लोगों की मृत्यु के बाद शवदाह को लेकर होने वाली परेशानियों को देखते हुए शासन ने नदी किनारे वाले ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए। लेकिन मानक पर काम नहीं किए गए। अधिकांश धनराशि बंदरबांट कर दी गई। इसी क्रम में निचलौल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर स्थित चंदन नदी के किनारे लाखों की लागत से लगभग चार साल पूर्व अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया। लेकिन समय बीतने के साथ -साथ रख रखाव के आभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। उक्त अंत्येष्टि स्थल के निर्माण काल के दौरान अनियमितता के आरोप भी लगे, लेकिन मामले की लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। शवदाह स्थल परिसर में नियमित सफाई नहीं होने की वजह से पूरा परिसर झांड झंखाड़ से भरा पड़ा है। परिसर में शवदाह स्थल, विश्राम स्थल, लकड़ी भंडार गृह , शौचालय व स्नान घर का निर्माण कराया गया तो जरुर है लेकिन स्थितियां बद से बदतर हो गई है। ठहरने के लिए बने विश्राम स्थल की दीवारों में दरारें पड़ चुकी है। अंत्येष्टि स्थल रखरखाव के आभाव में बदहाल होने की वजह से बने शवदाह स्थल का उपयोग भी लगभग शून्य हैं। कमोवेश यही हाल शौचालय, स्नानघर का भी है। धूप और पानी से बचने के लिए लोग विश्राम स्थल का सहारा जरूर लेते हैं। चंदन नदी घाट पर क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन से ऊपर गांवों के लोग दाह संस्कार करने आते है।अंत्येष्टि स्थल पर आए लोगो ने बताया कि अपनों के निधन से वैसे ही दुखी होते हैं। ऐसे में अंत्येष्टि स्थल पर जब अव्यवस्थाएं मिलती हैं तो हृदय और भी दुखी हो जाता है।

इस संबंध में पूछे जाने पर ग्राम विकास अधिकारी एलहाक अंसारी ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है जल्द ही अंत्येष्टि स्थल परिसर की साफ सफाई करा दिया जाएगा।

# सार्वजनिक पोखरी व रास्ते पर हुए अतिक्रमण को खाली कराने की किया मांग

**जन एक्सप्रेस | गगहा ,गोरखपुर**



गगहा क्षेत्र के रकहट गांव निवासी जयशंकर त्रिपाठी पुत्र शिवदत्त त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी बासगांव को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर पोखरी और सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए खाली कराने की मांग की है। उपजिलाधिकारी को दिये गये पत्र में उन्होंने लिखा है कि गांव में स्थित अराजी नंबर 96,और 97 नंबर में पोखरी दर्ज है। जिसमें बारिश और और नाबदान का पानी गिरता है।पोखरी के अगल बगल बसे आधा दर्जन से अधिक लोग मिट्टी गिराकर पोखरी पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण के चलते पोखरी का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। इसी तरह गांव के सार्वजनिक रास्ते पर जो मेरे घर की तरफ जाता है।कुछ लोगों द्वारा मिट्टी गिराकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि पोखरी और सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की जानकारी ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल को दी गई परंतु मामले का संज्ञान नहीं लिया गया। पीड़ित ने सार्वजनिक रास्ते और पोखरी पर हो रहे अतिक्रमण को खाली कराने और आरोपियों पर कार्यवाई की मांग की है।

## दस्तक अभियान को सफल बनाने पर हुई विशेष चर्चा

# गोला को निपुण ब्लॉक बनाने का संकल्प लें शिक्षक: बीईओ

**जन एक्सप्रेस | गोला गोरखपुर**



ब्लॉक संसाधन केंद्र गोला सभागार में बृहस्पतिवार को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी गोला उदय शंकर राय ने विभागीय कार्यों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने की बात कही। डी बी टी पूर्ण करने एवं निपुण ब्लाक बनाने की योजनाओं , कार्यक्रमों के संचालन व कक्षा-कक्ष में शिक्षण तकनीकियों के प्रयोगों पर चर्चा की।

बीईओ ने अध्यापकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को निपुण बनाते हुए सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को साकार करने के लिए संकल्प लें।शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग जरूर करें।विद्यालय में आपसी सामंजस्य बनाकर टीम भावना से कार्य करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने पर जोर दिए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के अधीक्षक डा. अमरेंद्र नाथ ठाकुर ने शिक्षकों से दस्तक अभियान के तहत संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने की अपील किए तथा संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय भी बताए। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गोला के अध्यक्ष काशीनाथ तिवारी, मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, उपेंद्र मिश्र, ए आर पी विपिन मिश्र, रामनयन शुक्ल, हरे कृष्ण दुबे, अजय शुक्ल, जैनेंद्र दुबे, उपेंद्र दुबे, रामकृष्ण शुक्ल, विनोद सिंह, अखिलेश्वर मिश्र, संतोष सिंह, रामजनम, दिलीप कुमार, संजीव कुमार, अमित गुप्ता, जितेंद्र गौरव, नरसिंह तिवारी, सुशील तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, प्रज्ञानन्द त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, रवींद्र नाथ यादव, मिथिलेश राय, उपेंद्र यादव, रंजीत कुमार, सुनील भरद्वाज, प्रदीप मिश्र,मनोज मिश्र, विजयानंद मौर्य, अनिल भारती, हितेश यादव, सलमान खुर्शीद, मालती देवी, विजयलक्ष्मी, येशवर्य लक्ष्मी पांडेय, रजनी शुक्ल, प्रतिभा तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, संजय तिवारी, मिथिलेश राय, राजेश यादव, कुलदीप गुप्ता, सतीश सिंह, सुशील तिवारी, अरविंद पटेल, आमिर हसन, रामविलास यादव, राजन मल्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुखर्जी के विचारों में दिखता है सम्पूर्ण भारत: सहजानंद

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**




भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया तथा सेवा सप्ताह के तहत जिला पंचायत सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने डाक्टर मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में आपातकाल के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित भी किया गया । अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह पर जिला पंचायत सभागार में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे।

भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वे सम्पूर्ण भारत को एक रूप मानते थे। डॉक्टर मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि डा मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थापित हो गई। भविष्य का भारत उनकी ओर एक आशा भरी दृष्टि से देख रहा था। उन्होंने अपनी दृढ़ संकल्पशक्ति के साथ भारत के विभाजन की पूर्व स्थितियों का डटकर सामना किया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी डटकर, सीना तानकर 'एकला चलो' के सिद्धान्त का पालन करते हुए डॉक्टर मुखर्जी अखण्ड राष्ट्रवाद का पावन नारा लेकर महासमर में संघर्ष करते रहे।

### राष्ट्रीय एकता पक्षधर थे डाक्टर मुखर्जी- निषाद

विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि संसद में डाक्टर मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को प्रथम लक्ष्य रखा। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि राष्ट्रीय एकता की शिला पर ही भविष्य की नींव रखी जा सकती है । डॉ मुखर्जी जम्मू काश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे और आज मोदी के नेतृत्व में उनका सपना साकार हुआ है।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 1952 में जम्मू की विशाल रैली में डा मुखर्जी ने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तात्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपनी दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वे 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू काश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। जहाँ उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया गया। 23 जून, 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। वे भारत के लिए शहीद हो गए, और भारत ने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया जो हिन्दुस्तान को नई दिशा दे सकता था। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पौधारोपण भी किया । इस दौरान पूर्व विधायक डाक्टर सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा,पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही,पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमाशंकर कुशवाहा, गंगा सिंह कुशवाहा, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, अंकुर राय, कृष्ण नाथ राय, सोमेश्वर त्रिपाठी, संजय पांडे, रमेश वर्मा, अमित तिवारी व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित

# कसिली फीडर पर संविदाकर्मी का शव रख परिजनों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन माने। बताया जा रहा है कि संविदाकर्मी की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

देवरिया क्षेत्र के कसिली.सतरांव विद्युत निगम कार्यालय पर गुरुवार को महुआबारी निवासी और संविदा लाइनमैन अजीत प्रसाद ;42 वर्षद्ध पुत्र सुखदेव प्रसाद का शव रखकर परिजनों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। कुछ देर के लिए आपूर्ति भी ठप कर दी गई थी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन माने।

बरहज के महुआबारी निवासी अजीत प्रसाद का महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। अजीत की मौत की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। लोग उनका शव लेकर उपखंड कार्यालय पर पहुंच गए। जहां विभागीय लापरवाही से हुई मौत का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे।

परिजन एसएसओ और अधिकारियों को कसूरवार ठहरा रहे थे। जानकारी होने पर एसडीएम अंगद यादवए सीओ आदित्य कुमार गौतमए एसडीओ.टू राधेश्याम चौहानए इंस्पेक्टर राहुल सिंह और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। करीब ढ़ाई घंटे तक मान.मनौव्वल के बाद परिजन माने। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। अजीत कसिली विद्युत निगम कार्यालय में संविदा पर लाइनमैन का काम करते थे। लोगों के अनुसार वह नौ जून को शटडाउन लेकर परसियां भगवती में जंफर जोड़ रहे थे। इसी बीच आपूर्ति बहाल हो गई। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गए थे। एसडीओ राधेश्याम चौहान ने बताया कि उच्चाधिकारियों से बात कर पत्नी को नौकरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। घटना की जांच कराई जाएगी। क्षेत्र के महुआबारी गांव निवासी और कसिली फीडर के संविदा लाइनमैन अजीत कुमार नौ जून को परसियां भगवती में जंफर जोड़ने के दौरान आपूर्ति बहाल हो जाने से झुलस गए थे। जिनकी गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अजीत के मौत से पत्नी सीमा देवी दहाड़ें मारकर रोने लगी। जबकि बच्चों का रो.रोकर बुरा हाल है। लोगों के अनुसार अजीत परिवार के अकेले कमाऊ सदस्य थे। जो किसी तरह परिवार का भरण.पोषण कर रहे थे। उनकी मौत से गांव और क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया।

# समाज सेवा से बढ़ता है कई पीढ़ियों का सम्मान: विधायक

**जन एक्सप्रेस | गोला गोरखपुर**



समाज सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं। समाज सेवा अगर निः स्वार्थ भाव से की जाय तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है। उक्त बातें बाबू आर एन सिंह परिवार द्वारा स्व. अवध नारायण सिंह (बलता सिंह) स्मृति में गोला विकास खंड के मदरिया (नकटा) घाट के लोकार्पण के अवसर पर चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने कहा कि बाबू आर एन सिंह का परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्म, अध्यात्म के माध्यम से अपनी जड़ से जुड़कर समाज की सेवा कर रहा है जो समाज के लिए अनुकरणीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिद्ध पीठ मदरिया के उत्तराधिकारी श्रीश दास महाराज ने कहा कि समाज के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा हर किसी को होना चाहिए।समाज सेवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। समाज की सेवा ही यश में वृद्धि करती है जो वर्षों तक याद की जाती है। कई पीढ़ियों का सम्मान बढ़ जाता है। इसके पूर्व कार्यक्रम को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन रणविजय सिंह, आलोक सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य के. एल.शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक अमरजीत सिंह एवं गीता सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया ।इस इ जिला पंचायत सदस्य माया शंकर शुक्ल, सत्य प्रकाश यादव, रामअधार दुबे, बृजभूषण मिश्र, प्रसिद्ध दुबे, अश्वनी मिश्र, सुभाष मिश्र, वेद प्रकाश त्रिपाठी, विपिन मिश्र, प्रशांत शाही, महेंद्र सिंह, सतीश सिंह, महेंद्र शर्मा, हरे कृष्ण दुबे, प्रदीप दुबे, मिथिलेश सिंह, अभिनाश सिंह, रवींद्र नाथ दुबे, उधम सिंह, ज्वाहिर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनहित में किसी भी विभाग को नहीं करने दूंगा मनमानी: ई. सरवन निषाद

**जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा , गोरखपुर**

चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के ब्रह्मपुर विकास अंतर्गत बसूई बंधे के पास ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से मिट्टी और बालू खनन का कार्य किया जा रहा है। जिस की मजबूती के लिए बांधों के निर्माण किया जा रहा है उसी के पास खनन होने से बंधा जर्जर हो रहा है।स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी तरीके से बंधे के किनारे से मिट्टी और बालू खनन करने की शिकायत पिछले दिनों विधायक से की थी,जिसके बाद चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने पिछले सप्ताह सीएम योगी आदित्यनाथ से ठेकेदार द्वारा मिट्टी खनन और बालू खनन और कार्य में मनमानी की शिकायत की थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने डीएम को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था जिसके बाद डीएम ने सिंचाई विभाग और ठेकेदार को फटकार भी लगाई थी उसके बावजूद भी ठेकेदार मानने को तैयार नहीं है लगातार सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों को धमकी दे रहा है और बेखौफ होकर मिट्टी और बालू खनन का कार्य कर रहा है।



### जनहित के कार्यों से नहीं होगा समझौता: विधायक

बंधें के पास से किए जा रहे बालू व मिट्टी खनन के संबंध में चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने कहा कि लाखों रुपए से बंधे का मरम्मत कराया जा रहा है जिससे कि बाढ़ की भीषण विभिषिका से जनजीवन बचाया जा सके। ठेकेदारों द्वारा मनमानी की शिकायत ग्रामीणों ने की थी जिसकी शिकायत मैंने मुख्यमंत्री से किया था लेकिन उसके बावजूद भी वह अवैध रूप बंधे के किनारे से मिट्टी और बालू खनन का कार्य कर रहा है। विधायक ने कहा कि जनहित से कोई भी समझौता स्वीकार नहीं होगा मुख्यमंत्री स्वयं किसी भी तरह से जनता के हितों के लिए समझौता नहीं करते, ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराऊंगा और कार्य करने वाले फर्म को ब्लैक लिस्टेड कराऊंगा ।चौरी चौरा में किसी भी विभाग द्वारा मनमानी नहीं करने दूंगा। विधायक ने कहा कि इस मामले में जल्द सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अवगत कराऊंगा।

### बोले एसडीएम, होगी कड़ी कार्रवाई

अवैध खनन के संबंध में एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा ने कहा कि संबंधित विभाग और स्थानीय पुलिस को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है दोषी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**




जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यटन विभाग से संबंधित चल रहे कार्यों के संबंध में कार्यदाई संस्थाओं की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान कार्य संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास लिमिटेड, नगर पालिका परिषद, आवास विकास परिषद द्वारा पीपीटी के माध्यम से अब तक के हुए कार्यों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रवण धाम क्षेत्र में अयोध्या अंबेडकर नगर मुख्य मार्ग से अन्नावा - श्रवण धाम क्षेत्र मार्ग पर गेट निर्माण का प्रस्ताव हेतु पत्रालेख हेतु निर्देशित किया गया। शिव बाबा धाम में यात्री हाल को विस्तारीकृत करने हेतु पत्रालेख के लिए निर्देशित किया गया। तहसील आलापुर में राम जानकी मंदिर टिकारिया जहांगीरगंज में यात्री के लिए शेड बनाना तथा पुराने बाउंड्रीवाल को पुनरुद्धार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान मौके पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, जिला सूचना अधिकारी/जिला पर्यटन अधिकारी सन्तोष कुमार द्विवेदी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर, कार्यदाई संस्था के लोग तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र अंतर्गत आमजनमानस की सुविधा व तत्काल पुलिस सहायता हेतु निर्मित पुलिस चौकी श्रवण क्षेत्र के नव निर्मित भवन का जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पुलिस चौकी के नव निर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव, क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु ऐश्वर्या उपाध्याय व प्रतिसार निरीक्षक एवं SHO अकबरपुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, एक पक्ष के युवक की पीटकर हत्या

## गांव में तनाव को देखते हुए लगाया पुलिस बल

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



दोस्तपुर थाना अंतर्गत ताजुद्दीनपुर गांव में बीती रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। एक पक्ष से युवक की पीटकर हत्या की गई। मृतक की पत्नी में घटना में घायल हुई है। वही दूसरे पक्ष से भी तीन लोग घायल हुए जिसमें एक को गंभीर चोटे आई हैं। उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। दोस्तपुर के ताजुद्दीनपुर निवासी आत्माराम व हौसिला प्रसाद के मध्य बीती रात जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों ओर से लाठियां चली। एक पक्ष से आत्माराम (40) उसकी पत्नी आरती (35) घायल हुए तो दूसरे पक्ष से हौसिला (40), किरन (22) पुत्री हौसिला, रेनू (17) पुत्री हौसिला को चोटे आई। सभी घायलों को पुलिस लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर आई। जहां से आत्माराम उसकी पत्नी आरती और दूसरे पक्ष के हौसिला को डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया।देर रात राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने आत्माराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि हौसिला के कान से रक्त स्राव होने से उसे झटके आ रहे थे। ऐसे में उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। बताया जा रहा है कि हौसिला की पुत्री की शादी मई माह में हुई है। आरोप है कि उसके सुसराल में फोन करके बेटी के चरित्र पर सवाल उठाए गए। इस पर हौसिला को पड़ोसी आत्माराम पक्ष पर शक हुआ। और बीती रात इस बात को लेकर झगड़ा हुआ। फिलहाल गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल लगाया गया है। एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की गई है। हालांकि पुलिस ने एफआईआर में खेल कर दिया है। हत्या के मामले में आत्माराम पक्ष से गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## चोरी से बिजली चलाने वाले किसानों पर शुरू हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** चोरी से बिजली चलाने वाले किसानों पर विधुत विभाग के अधिकारियों ने नजरें गड़ा दी हैं। छापेमारी करते हुए अधिकारियों ने चोरी से पानी का मोटर चला रहे चार किसानों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। विधुत विभाग द्वारा कराई गई कार्रवाई से किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअस्ल ये पूरा मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के ग्राम देवरी पोस्ट कुम्ही का है। जहां विद्युत विभाग को चोरी से बिजली चलाने की सूचना मिल रही थी। इसके क्रम में अवर अभियंता प्रवीण कुमार ने कहा था कि अगर चोरी करते पकड़ेगे तो सख्त करवाई करेंगे। वरना चोरी करने वाले विद्युत कनेक्शन ले लें। इसके बाद जब सघन चेकिंग अभियान चलाया गया हमारी टीम चेकिंग के लिए गांव में गई।

वहां पर प्रकाश पुत्र पलटू, झुल्लूर यादव पुत्र सीताराम यादव, तेजू वर्मा पुत्र संतराम वर्मा तथा बेथरा में वीरेंद्र सोनकर पुत्र छोटेलाल सोनकर को चोरी से मोटर चलाते हुए पकड़ा गया।

# सपाइयों व बुद्धजीवियों में उबाल, प्रदर्शन

- **बजरंगदल पदाधिकारियों द्वारा अमर्यादित नारेबाजी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन,**
- **पूरी कौम को क्यों कर रहे टारगेट - गुफरान सैफी**

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



कलेक्ट्रेट परिसर में एक समुदाय विशेष को लेकर विवादित नारेबाजी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन की लचरशीलता को लेकर लोगों में गुस्सा है। इस क्रम में गुरुवार को सपा के विधानसभा अध्यक्ष गुफरान सैफी, लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद व पूर्व विधायक सफदर रज़ा खां ने सिटी मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बीते दिनों बजरंग दल द्वारा किसी मुद्दे को लेकर विरोध में नारेबाजी की गई है। लोकतंत्र में किसी विषय पर विरोध करना संवैधानिक अधिकार है। लेकिन बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक विशेष धर्म के खिलाफ अमर्यादित नारेबाजी की जा रही है। जो आपराधिक कृत्य है। ज्ञापन में कहा गया है कि डीएम ऑफिस में ऐसी नारेबाजी का स्वतः संज्ञान लेकर विधिक कार्रवाई की जाए। सभी ने भावनाएं आहत होने का आरोप डीएम को संबोधित ज्ञापन में लगाया है। पूर्व में शहर कांग्रेस की ओर से मामले का विरोध किया गया लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की है। इस मामले पर सपा के विधानसभा अध्यक्ष गुफरान सैफी ने कहा कि हम लोग उम्मीद कर रहे थे पहले भी ज्ञापन दिया गया है तो अबतक कोई न कोई कार्रवाई होगी। पर जमीन पर कोई कार्रवाई होती दिख नहीं रही है। उन्होंने ये भी कहा जिस तरीके से इस प्रांगण के अंदर जिलाधिकारी की उपस्थिति में ऐसे नारे लगाए गए जो एक कौम के खिलाफ है ये बहुत ही निंदनीय है। जिस केस में वो आए थे उसमें कार्रवाई हो रही थी फिर पूरी कौम को क्यों टारगेट कर रहे हैं। हमने मांग किया है कि जिन लोगों ने ऐसे नारे लगाकर यहां के माहौल को खराब करने की कोशिश की है ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो जिससे की दूसरे लोगों के लिए यह सबक बने। वही सपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने कहा इसी कलेक्ट्रेट में अल्पसंख्यकों के खिलाफ नारे लगाए गए। यह असंवैधानिक है। हमने मांग किया है जिन्होंने यह असंवैधानिक कार्य किया है उन पर कार्रवाई की जाए।

## शिक्षक के निधन पर शोक सभा, दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** प्राथमिक विद्यालय बसायकपुर में शिक्षामित्र पद पर तैनात और शिक्षामित्र संघ जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष स्व0 प्रयागदत्त तिवारी की बीते 17 जून को सड़क दुर्घटना में असामयिक मौत हो गई। बृहस्पतिवार को जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षा मित्र प्रयागदत्त तिवारी के आत्मा की शांति के लिए जयसिंहपुर बीआरसी प्रांगण में शोकसभा का आयोजन किया गया। वहां पर मौजूद शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशको,अनुचरो,ने दो मिनट का मौन रखकर, उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। और उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह काफी मिलनसार, हँसमुख प्रवृत्ति के साथ एक कर्मठ और सुयोग्य शिक्षक थे। और वह हम सबके बीच के शिक्षक थे ।उनकी क्षति की भरपाई संभव नहीं है।भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। तथा परिजनों को इस कठोर दर्द व दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# गौशाला के पास मिले दर्जनों मरे गोवंश, कई एक के मिले कंकाल

## पोस्टमार्टम के बगैर गड्ढों में गाड़ा गया, गौरक्षा वाहिनी ने उठाया जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

लंभुआ में एक गौशाला में कई दर्जन गोवंश मर गए। पचास मीटर दूर गोवंश के क्षत विक्षत शव से उठी दुर्गंध से परेशान ग्रामीणों ने जब आवाज बुलंद की तब अधिकारियों की नींद टूटी। आनन फानन में अधिकारी लीपापोती के लिए गौशाला पहुंचे। इस बीच खबर लगते ही राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने डीएम व सीडीओ को फोनकर कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला लंभुआ के वृहद गोशाला खुनशेखपुर का है। जहां गोशाला से 50 मीटर दूर स्थित गड्ढे में कई दर्जन से गोवंश मरे हुए पाए गए। वहां पर कुछ गोवंश का कंकाल भी पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार यहां प्रतिदिन लगभग 7 से 8 गोवंश मर रहे हैं। न तो यहां ठीक से चारे की व्यवस्था है और न ही डॉक्टर बीमार गाय का इलाज करने आ रहे हैं। गौशाला में चारा भी नाम मात्र का रहता है। बिना चारा एवं बिना इलाज के गोवंश के मरने का सिलसिला जारी है। गौशाला में मौके पर तीन से चार गाय मरणासन्न अवस्था में पाई भी गई। दो महिलाओं के अलावा अन्य कोई कर्मचारी गौशाला में मौजूद नहीं मिला।

ग्रामीणों की माने तो जो गोवंश मरते हैं उनका न पोस्टमार्टम कराया जाता है और ना ही विधिवत अंतिम संस्कार। मरने के बाद गोवंशों को खुले में फेंक दिया जा रहा है, जिसके कारण बहुत तेज दुर्गंध आ रही है अगल-बगल रहना मुश्किल हो गया है। हालांकि इस प्रकरण की जानकारी होने पर खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने तथ्य पर पर्दा डालते हुए बीस गोवंश के मरने की बात कही है। जबकि ग्रामीणों के अनुसार संख्या इससे कई गुना अधिक है।

इस मामले पर राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ इसकी कड़ी निंदा करता है और उच्च स्तरीय जांच की मांग करता है। अगर 24 घंटे के अंदर इसकी जांच नहीं की गई राष्ट्रीय और रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## शासन की मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षा कराने पर लगा प्रश्न चिन्ह

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

विद्यालय प्रबंधक द्वारा जबरन केंद्र व्यवस्थापक को बदलकर शासन की मंशा अनुरूप नकल विहीन परीक्षा कराने व फर्जीवाड़ा को धता बताने के लिए दूसरे केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने का मामला सामने आया है। मामला करौंदीकला ब्लॉक के सरजू देवी महाविद्यालय पहाड़पुर का है। प्रधानाचार्य डा विभा पांडे ने डीएम को एक शिकायती पत्र देकर विद्यालय के प्रबंधतंत्र पर आरोप लगाया है जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ विभा पांडे ने अवगत कराया है विद्यालय की प्रबंधक उनके पति और बेटे ने विश्वविद्यालय के मिलीभगत से विद्यालय की प्रधानाचार्य को षड्यंत्र करके केन्द्राध्यक्ष पद से हटवा दिया। विश्वविद्यालय द्वारा नामित केन्द्राध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह के स्थान पर प्रबंधक ने सुनियोजित ढंग से अपने निजी व्यक्ति अजय कुमार यादव का मोबाइल नंबर विश्वविद्यालय को दे दिया। इतना ही नहीं अजय यादव इस महाविद्यालय में किसी पद पर विश्वविद्यालय द्वारा नामित नहीं है। अजय यादव महाविद्यालय में डा अरुण कुमार सिंह बनकर केन्द्राध्यक्ष का काम कर रहा है। शिकायती पत्र में प्रधानाचार्य डॉ विभा पांडे ने आरोप लगाया है कि विद्यालय के प्रबंधतंत्र द्वारा उन्हें जबरन केंद्राध्यक्ष पद से हटाया गया और विगत कई माह से उनका वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र पर नकल विहीन परीक्षा को संपन्न करना उनकी प्राथमिकता थी जबकि प्रबंधतंत्र अपने निजी व्यक्ति को केंद्राध्यक्ष बनाकर सामूहिक नकल कराकर छात्रों को परीक्षा कर उत्तीर्ण कराने का काम कर रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-रुदलापुर, विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

पत्रांक : मेमो/केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य निधि/2024-25 दिनांक : 27.06.2024

**पूर्णकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष **2024-25** में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM/RGSA) केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य निधि के अंतर्गत कार्यों हेतु विवाह भवन, अन्त्येष्टि स्थल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल का मैदान, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, कूड़ेदान, कूड़ा गाड़ी, डस्टबिन कप, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक बैग, एसीलेटरी भस्मक कप व आर.सी.सी. सेन्टर स्वच्छता किट, कचरा पात्र, माइक, स्ट्रीट लाइट, इण्टरलॉकिंग ईंट, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वाल पुट्टी, टीन चादर, एस्बेस्टस सीट, बजरी, वाल पेंटिंग, बेंच, शील्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, प्लास्टिक पाइप, हैंड पंप मरम्मत/रिबोर, इलेक्ट्रानिक मैटेरियल, सफेद बालू, गिट्टी, रेट्रो फिटिंग सामग्री, फागिंग मशीन, स्प्रे मशीन, स्टेशनरी आदि सामानों की आपूर्ति हेतु अनुभवी संस्था को अल्पकालिक निविदा हेतु आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा के पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छाया प्रति प्रमाणित संलग्न करनी होगी। सामग्री की मात्रा घट या बढ़ सकती है। दो प्रतिशत धरोहर की धनराशि नगद या एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **05.07.2024 को 10:30 बजे तक** सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में **ग्राम पंचायत रुदलापुर** के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 1:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मूल्य 5000/- रुपये होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं :-**

1. निविदादाता का सैल्स टैक्स/ इनकम टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, तथा वह आयकर व जीएसटी देता हो, का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
2. धरोहर/अर्नेस्टमनी की धनराशि बैंक में जमा रसीद/एफडीआर/डाकघर का राष्ट्रीय बचत पत्र ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव के नाम बंधक के पक्ष में जमा करना होगा तथा निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा।
3. निविदादाता को इस आशय का शपथ प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि उसका फर्म ब्लैक लिस्टेड नहीं है।
4. सफल निविदादाता द्वारा कार्य लागत का 5 प्रतिशत सिक्योरिटी मनी जमा करना होगा। जिसमें 2 प्रतिशत निविदा स्वीकृत किये जाने के एक सप्ताह के भीतर एफडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में जो ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव के नाम बंधक होगा। शेष 3 प्रतिशत में अर्नेस्टमनी की धनराशि समायोजित करते हुए बिल से कटौती की जायेगी। सिक्योरिटी मनी कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होने का प्रमाणक होने के 6 माह उपरांत वापस किया जायेगा। निविदादाता के डिफाल्टर होने अथवा कार्य संतोषजनक नहीं होने पर सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी।
5. प्रस्तुत की गई दरें पीडब्ल्यूडी/शासन द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
6. निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में **ग्राम पंचायत रुदलापुर** के कार्यालय में रुपया 500.00 (पांच सौ रुपये) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत द्वारा जारी निविदा प्रपत्र पर डाली गई निविदा पर विचार किया जायेगा।
7. किसी भी विवाद पर ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय के विपरीत किसी प्रकार का कोई विवाद किसी अन्य न्यायालय में नहीं लाया जा सकेगा।
8. जिस फर्म का दर न्यूनतम होगा उसे कार्य कराये जाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा लिखित आदेश के द्वारा सूचित किया जायेगा।
9. निविदा को स्वीकृत करना अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदादाता द्वारा कार्य का विस्तृत/मानक एवं कार्य स्थल आदि की जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**सुभावती**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-रुदलापुर
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज

**हरीलाल चौधरी**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत-रुदलापुर
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज



## कार्यालय ग्राम पंचायत-सोहास, विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

पत्रांक : मेमो/केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य निधि/2024-25 दिनांक : 27.06.2024

**पूर्णकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष **2024-25** में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM/RGSA) केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य निधि के अंतर्गत कार्यों हेतु विवाह भवन, अन्त्येष्टि स्थल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल का मैदान, ई-रिक्शा, साईकिल रिक्शा, कूड़ेदान, कूड़ा गाड़ी, डस्टबिन कप, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक बैग, एसीलेटरी भस्मक कप व आर.सी.सी. सेन्टर स्वच्छता किट, कचरा पात्र, माइक, स्ट्रीट लाइट, इण्टरलॉकिंग ईंट, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वाल पुट्टी, टीन चादर, एस्बेस्टस सीट, बजरी, वाल पेंटिंग, बेंच, शील्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, प्लास्टिक पाइप, हैंड पंप मरम्मत/रिबोर, इलेक्ट्रानिक मैटेरियल, सफेद बालू, गिट्टी, रेट्रो फिटिंग सामग्री, फागिंग मशीन, स्प्रे मशीन, स्टेशनरी आदि सामानों की आपूर्ति हेतु अनुभवी संस्था को अल्पकालिक निविदा हेतु आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्ते एवं विवरण निविदा के पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छाया प्रति प्रमाणित संलग्न करनी होगी। सामग्री की मात्रा घट या बढ़ सकती है। दो प्रतिशत धरोहर की धनराशि नगद या एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **05.07.2024 को 10:30 बजे तक** सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में **ग्राम पंचायत सोहास** के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 1:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धनराशि मूल्य 5000/- रुपये होगी।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं :-**

1. निविदादाता का सैल्स टैक्स/ इनकम टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, तथा वह आयकर व जीएसटी देता हो, का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
2. धरोहर/अर्नेस्टमनी की धनराशि बैंक में जमा रसीद/एफडीआर/डाकघर का राष्ट्रीय बचत पत्र ग्राम प्रधान/ ग्राम पंचायत सचिव के नाम बंधक के पक्ष में जमा करना होगा तथा निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा।
3. निविदादाता को इस आशय का शपथ प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि उसका फर्म ब्लैक लिस्टेड नहीं है।
4. सफल निविदादाता द्वारा कार्य लागत का 5 प्रतिशत सिक्योरिटी मनी जमा करना होगा। जिसमें 2 प्रतिशत निविदा स्वीकृत किये जाने के एक सप्ताह के भीतर एफडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में जो ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव के नाम बंधक होगा। शेष 3 प्रतिशत में अर्नेस्टमनी की धनराशि समायोजित करते हुए बिल से कटौती की जायेगी। सिक्योरिटी मनी कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होने का प्रमाणक होने के 6 माह उपरांत वापस किया जायेगा। निविदादाता के डिफाल्टर होने अथवा कार्य संतोषजनक नहीं होने पर सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी।
5. प्रस्तुत की गई दरें पीडब्ल्यूडी/शासन द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
6. निविदा फर्म किसी भी कार्य दिवस में **ग्राम पंचायत सोहास** के कार्यालय में रुपया 500.00 (पांच सौ रुपये) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत द्वारा जारी निविदा प्रपत्र पर डाली गई निविदा पर विचार किया जायेगा।
7. किसी भी विवाद पर ग्राम पंचायत का निर्ण अंतिम होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय के विपरित किसी प्रकार का कोई विवाद किसी अन्य न्यायालय में नहीं लाया जा सकेगा।
8. जिस फर्म का दर न्यूनतम होगा उसे कार्य कराये जाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा लिखित आदेश के द्वारा सूचित किया जायेगा।
9. निविदा को स्वीकृत करना अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदादाता द्वारा कार्य का विस्तृत/मानक एवं कार्य स्थल आदि की जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**सरोज सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-सोहास
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज

**हरीलाल चौधरी**
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत-सोहास
विकास खण्ड- पनियरा, जिला- महराजगंज

# पत्रकार आशुतोष हत्याकाण्ड के सही खुलासे हेतु सीबीआई जांच कि मांग




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच मांग को लेकर बुधवार सायं राम-जानकी मन्दिर बौलिया से कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च घासमंडी चौक कोतवाली चौक डाकघर तिराहा होते हुए जेसीज चौक पहुंचा। जहां लोगों ने दिवंगत पत्रकार कों श्रृद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम पत्रकार संघ एवं युवा एकता मंच के बैनर तले आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार कों सौंपा गया। घासमंडी चौक पर सैकड़ों की संख्या में जुटे लोग जस्टिस फार आशुतोष, आशुतोष हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा है, सीबीआई जांच कराकर दोषियों को दण्डित करो की तख्तियां व जलती मोमबत्ती ले चलते रहे। पत्रक में कहा गया है कि लगभग डेढ़ माह बीतने को है लेकिन सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सका। न ही षड्यंत्रकारियों को पुलिस गिरफ्तार कर पायी। जिससे न्याय मिलता नहीं दिख रहा। लिहाजा सीबीआई जांच कराने से ही पीड़ित परिवार व समाज को न्याय मिलेगा। क्योंकि यह महज एक पत्रकार की हत्या नहीं है। बल्कि निर्भीकता पूर्वक सच का सामना करने और शासन की मंशा के अनुरूप भू माफियाओं, गो तस्करों व सफेद पोशो कों बेनकाब करने वाले आशुतोष जैसो कों एक चेतावनी है कि जों भी रसूखदारों का विरोध करेगा उसका बदला दिल दहला देने वाले इस घटना की तरह अंजाम होगा। श्रृद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने कहा कि आशुतोष श्रीवास्तव ने समाज के बेहतरी के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। शासन के मंशानुरूप गोकशी गो तस्करों एवं भू-माफिया के विरुद्ध आजीवन आवाज बुलंद करते रहे।

उसी आवाज कों साजिशन बंद करने हेतु हत्याकांड कों अंजाम दिया गया। वहीं नीरज सिंह ने कहा कि शेर दिल आशुतोष की आवाज भले ही बंद कर दिया गया हो लेकिन लड़ाई जारी रहेगी। कोई भी कातिल बच नहीं पायेंगा। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विरेंद्र सिंह बंटी ने कहा कि सरकार को सीबीआई जांच करा मामले में दूध का दूध पानी का पानी करना चाहिए।

पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल ने कहा कि इस सरकार में न्याय नहीं मिला तो दूसरी सरकारों से कोई उम्मीद नहीं है। भाई संतोष श्रीवास्तव ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाई मरते दम तक समाज के लिए लड़ता रहा। अब आगे लड़ाई हम सब को लड़ना है। भू माफियाओं व साजिश कर्ताओं के विरुद्ध मुहिम जारी रहेगा। संचालन श्रीष मोदनवाल ने किया। कार्यक्रम कों पत्रकार संघ संरक्षक राज कुमार सिंह, अध्यक्ष विनोद साहू, महामंत्री राकेश अग्रहरि, अक्षत अग्रहरि, नीरज अग्रहरि, सुशील सेठ बागी आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान अमलेन्द्र गुप्ता, प्रणय तिवारी, आनंद सिंह, श्यामचन्द्र यादव, राजेश चौबे, उपाध्यक्ष अज़ीम सिद्दीक़ी, कोषाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, मुन्ना त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मोनू श्रीवास्तव, निशा नाथ, धीरज पाटिल, औरंगजेब खान, राकेश शर्मा, जया अनवर, फैज़ान अंसारी, प्रधान मुकेश राजभर, पूर्व प्रधान मो. राशिद, पूर्व प्रधान आनंद बरनवाल, मनीष गुप्ता, रामलीला समिति अध्यक्ष संदीप जायसवाल, लायन्स अध्यक्ष मनीष अग्रहरि, संस्कार भारती अध्यक्ष कृष्ण कांत सोनी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष विकास साहू, संगम पांडेय, शिवशंकर दुबे पब्बर, मो अब्बास, अनील मोदनवाल, सर्वेष शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# मवेशियों के लिए चारा लेने गए ग्रामीण का गन्ने के खेत में मिला शव

- धारदार हथियार से हमला कर हत्या का आरोप
- मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव





**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

मवेशियों के लिए चारा लेने निकले ग्रामीण का गन्ने के खेत में लहुलुहान हालत में शव पड़ा मिला।ग्रामीण का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पत्नी और बेटी ने धारदार हथियार से हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी शब्बीर बुधवार की सुबह मवेशियों के लिए चारा लेने गए हुए थे। देर शाम तक इंतजार के के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटे। अंधेरा होने पर स्वजनों ने गांव के ही कुछ लोगों के साथ तलाश शुरू की।तलाश करने के दौरान देर रात गांव से कुछ दूर गन्ने के खेत लहुलुहान हालत में शब्बीर का शव पड़ा मिला।सिर में धारदार हथियार से हमला किया गया था।कान,गर्दन के पास धारदार हथियार से हमले के निशान थे।नाक से खून बह रहा था। ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गई।मृतक की पत्नी और बेटी ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की।आस पड़ोस के खेतों में भी साक्ष्यों की तलाश में खोजबीन की।

मृत्यु का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पत्नी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।मृतक के तीन बेटे और एक बेटी है। बड़े बेटे कमरुद्दीन और बेटी परवीन की शादी हो चुकी है। शिखाबुद्दीन और नसरुद्दीन अभी अविवाहित है। फिलहाल ग्रामीण की मौत के बाद से पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

## हरे भरे सागौन के पेड़ों के मामले में डीएफओ सख्त

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव उमर खान सिंह में सागौन के पांच पेड़ काटने के मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने रेंजर से मांगा स्पष्टीकरण। बीते दिनों उमराखानसिंह गांव में बेशकीमती हरे सागौन के पाच वृक्ष ठेकेदार द्वारा बिना परमीशन के काटकर रातों-रात गायब कर उसकी जड़ो पर मिट्टी से ढक देने की खबर लगते ही वन विभाग के वनरक्षक इकबाल अहमद ने जांच शुरू कर दी है। इसके बाद जिले में बैठे वन विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में आते ही उन्होंने रेंज अधिकारी से स्पष्टीकरण मांग लिया जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारी सकते में आ गए और उन्होंने गांव पहुँचकर जांच शुरू कर दी अब उन्हें लकड़कट्टे की तलाश है जिससे उस पर कार्यवाही की जा सके।

# पूरनपुर में 56 हेक्टेयर में 30 प्रजातियों के 80 हजार पौधों रोपित कराएगा वन विभाग





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

धरा को हरा-भरा बनाने के लिए सामाजिक वानिकी की तरफ से कवायद शुरू हो चुकी है। इसको लेकर क्षेत्र की सात नर्सरी में 30 प्रजातियों के 15.55 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन महोत्सव सप्ताह में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर पौधारोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है। पुरनपुर सामाजिक वानिकी विभाग 56 हेक्टेयर में 79.925 हजार पौधारोपण कराएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव, विश्व प्रकृति दिवस आदि पर पौधारोपण भी किया जाता है। पहली से सात जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसमें वृहद स्तर पर अभियान चलाकर पौधारोपण किया जाता है। पूरनपुर सामाजिक वानिकी 2022 में करीब एक लाख 37 हजार पांच सौ पौधे रोपित किए गए थे।2023 में 20 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे रोपित कराए गए।इस साल भी पौधारोपण के लिए विभाग द्वारा पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। पूरनपुर रेंज की सात नर्सरी में नीम, जामुन, पीपल, बरगद, आवला, शरीफा, नीबू सहित करीब 30 प्रजातियों के 15.55 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसमें अवशेष पौधे भी शामिल हैं।बताते हैं कि पूरनपुर सामाजिक वानिकी रेंज की नर्सरी गोपालपुर प्रथम में 3.16 लाख, शाहगढ़ में 1.70 लाख, माधोटांडा में 1.99 लाख, गढ़ा 1.12 लाख, गोपालपुर द्वितीय में 3 लाख, मथना में 3 लाख, बराही में 1.57 लाख पौध तैयार की जा रही है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के अधिकारियों का कहना है कि जुलाई में शुरू होने वाले पौधारोपण अभियान को लेकर क्षेत्र की सात नर्सरी में करीब 15.55 लाख पौध तैयार की जा रही है। पिछले साल वन विभाग द्वारा एक लाख 32 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे।

इस साल का वन विभाग 56 हेक्टेयर में 79.925 पौधे रोपित कराएगा। लेकिन इस बार भी लक्ष्य से अधिक पौधों का रोपण की उम्मीद है। इसको लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। सभी नर्सरियों में पौध भी लगभग तैयार हो चुकी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए।

# नल के विवाद में युवक ने चचेरे भाई के सर पर कसी से हमला कर की हत्या

- साझे की मशीन से चारा काटने को लेकर उपजा विवाद
- पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



पूरनपुर।साझे की जगह पर लगी मशीन से चारा काटने का विरोध कर युवक ने पिता के साथ मिलकर चचेरे भाई के साथ मारपीट के बाद कसी से हमला कर हत्या कर दी।घटना को लेकर खलबली मच गई। आरोपित घटना के बाद मौके से फरार हो गए।देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जगह जमीन के छोटे-छोटे विवाद खूनी रूप धारण कर रहे हैं। लोग गुस्से में अपनों का ही खून बहा रहे हैं। बुधवार शाम माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भैंरो कला में युवक ने पिता के साथ मिलकर रिश्ते के चचेरे भाई की हत्या कर दी। गांव निवासी महेश चंद्र का अपने बड़े भाई रमेश चंद्र से साझे की जगह में लगे नल और चारा मशीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। गुरुवार शाम छह बजे महेश चंद्र का पुत्र गौरव (30) साझे की जमीन पर लगी चारा मशीन से घास काटने लगा। जिससे गुस्साए राहुल ने गाली गलौज शुरू कर अंजाम भुगतने की धमकी दी।महेश चंद्र ने बताया कि उन्हें नहीं पता था की छोटे से विवाद में अपने ही अपनों का खून बहा देंगे।वह अपने पुत्र के साथ घर के आंगन में बैठकर जगह के विवाद को लेकर चर्चा करने लगे।इसी दौरान रमेश चंद्र अपने बेटे राहुल के साथ हांथ में कसी लेकर घर में घुस आया। घर में मौजूद महेश चंद्र उनकी पत्नी राजेश्वरी पुत्र गौरव के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान राहुल ने अपने चेहरे भाई गौरव के सिर पर कसी से हमला कर लहुलुहान कर दिया। हमले में घायल गौरव बेहोश होकर गिर गया।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।सरेशाम हुई घटना से गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के बाद मौके पर दर्जनों लोग एकत्र हो गए।आनन फानन में घायल युवक को उपचार के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों युवक को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक की मृत्यु से स्वजनों में चीत्कार मच गया।

# शास्त्री पुल पर बड़े वाहनों पर रोक से भटौली पर बढ़ा दबाव

**जनएक्सप्रेस/मिर्जापुर।** पूर्वांचल के जिलों को मिर्जापुर से जोड़ने वाले शास्त्री पुल का पाथवे क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत होने तक उस पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। यह रोक मंगलवार को भी जारी रही। बड़े वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया है। यह व्यवस्था पुल की मरम्मत होने तक जारी रहेगी। उधर, शास्त्री पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक के कारण भटौली पुल पर दबाव बढ़ गया है। भटौली पुल पर वैसे तो छोटे माल वाहक वाहनों को आवागमन की अनुमति दी गई है, लेकिन उस पर से बसें और ट्रकें भी गुजर रही हैं। मिर्जापुर को पूर्वांचल के जिलों से जोड़ने वाले दुद्धी-लुंबिनी मार्ग पर स्थित शास्त्री पुल के पाथ वे 22 जून को देर रात बालू लादकर औराई की ओर जा रहा ट्रक चढ़ गया था। इससे पाथवे लगभग चार मीटर तक क्षतिग्रस्त हो गया था। उसमें ट्रक भी फंस गया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को खिंचवाकर बाहर निकालवाया। इसके बाद 24 जून को दोपहर में पाथवे क्षतिग्रस्त होने का मामला तूल पकड़ने लगा तो अधिकारियों ने शास्त्री पुल पर आवागमन पर रोक लगा दी। हालांकि शाम को आवागमन शुरू करा दिया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से यात्री की मौत

**जनएक्सप्रेस/मिर्जापुर।** मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जाते समय ट्रेन की चपेट में आने से मंगलवार की रात एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। कटरा कोतवाली क्षेत्र के डंगहर पथरहिया निवासी रामसागर (51) कई साल से परिवार के साथ दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाने का काम करते थे। बहन के ससुर की तेरहवीं में शामिल होने के लिए वे दिल्ली से घर आए थे। 23 जून को तेरहवीं में शामिल होने के बाद वे अपने ननिहाल और फिर ससुराल भटवा की पोखरी मोहल्ले में चले गए। मंगलवार की रात ससुराल से वे सामान लेकर दिल्ली जाने के लिए निकले थे। मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से दो पर जा रहे थे, इस बीच ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। जीआरपी ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। रामसागर से दो पुत्र हैं। वे चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे।

## गड्ढे के पानी में डूबने से बालक की मौत

**जनएक्सप्रेस/मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के ददरा मुतलके रामपुर गांव में बुधवार की शाम 10 वर्षीय बालक खेलते-खेलते पानी से भरे गड्ढे में जा गिरा। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे परिजन जब तक उसे बाहर निकालते, उसकी डूबकर मौत हो गई थी। ददरा मुतलके रामपुर गांव निवासी रामू का 10 वर्षीय पुत्र प्रमोद बुधवार की शाम घर के बाहर खेलते-खेलते पास ही स्थित पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। इसकी जानकारी पास-पड़ोस के लोगों द्वारा उसके घर वालों दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए।

## नरमुंड मिलने से फैली सनसनी, पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर इटहरा गांव के पास गुरुवार को सुबह एक नरमुंड मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुंगरा बादशाहपुर पुलिस जांच में जुटी है। उक्त हाईवे पर सुबह गांव के लोग सौच के लिए गए थे जहां हाईवे किनारे झाड़ी में एक सिर का नरमुंड लोगो ने देखा। जिसे देखते ही जंगल में आग की तरह नरमुंड मिलने की बात क्षेत्र में फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने नरमुंड अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। उक्त नरमुंड के मिलने की उलझी गुत्थी सुलझाने के लिए मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने मौके पर जिले से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया है। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम भी जांच में जुटी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक का कहना है कि उक्त मार्ग पर इटहरा गांव के पास झाड़ी में गांव वाले एक सिर का नरमुंड देखे और उनकी सूचना पर उसे कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिले से फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। वैसे सही जानकारी तो जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।

## मीटिंग के दौरान शिकायत करने पर कार्यकत्री ने दो महिलाओं को दी गाली

**जनएक्सप्रेस/बरखेड़ा।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगरा फिजा निवासी महिला नीरज कुमारी व उनकी सास विमला देवी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 24 जून को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार वितरण को लेकर एक मीटिंग की गई थी।जिसमे मैंने पोषाहार वितरण में भ्र्ष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।वही जिससे आंगनबाड़ी सुनीता देवी आग बबूला हो गई।आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद सदस्यों के बीच गाली देकर बेज्जती करने लगी।तथा मना करने पर सुनीता देवी उनकी पुत्री प्रभा गंगवार तथा पति रूपराम ने मुझे व मेरी सास विमला देवी के साथ पुनः गाली देकर मारपीट शुरू कर दी जिससे मेरी सास बेहोश होकर गिर पड़ी उपरोक्त तीनो हमलावरो ने आइन्दा दखलंदाजी करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे।

## मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने पर रुकेगा वेतन

**जनएक्सप्रेस/मिर्जापुर।** मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने बुधवार को हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को आगाह किया कि जून माह के अंत तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण अपलोड नहीं करने पर संबंधित का वेतन रोका जाएगा। बैठक में नहीं आने पर उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के खिलाफ शासन में पत्राचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में नहीं आने पर सहायक क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से स्पष्टीकरण भी मांगा। उन्होंने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्राचार कर टीम बनाकर शास्त्री पुल की फिर से आईआईटी कानपुर से जांच कराने का निर्देश दिया। पथरहिया स्थित कार्यालय सभागार में मंडल के सभी तीनों जिलों मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही के अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों, कानून व्यवस्था, कर एवं करेत्तर, राजस्व वसूली तथा वादों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ से राहत के लिए जिलाधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश दिया। कहा कि सभी जिलाधिकारी तटबंधों का निरीक्षण तथा राहत शिविरों का सत्यापन करा लें। उन्होंने तीनों जिलों में कुल कितने पुल है और उनकी क्या स्थिति है, उसकी एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। शास्त्री पुल की जांच के लिए प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्राचार कर टीम बनाकर इसकी फिर से आईआईटी कानपुर से जांच कराने को कहा। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा के दौरान शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का निर्देश दिया।

# तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से होंगे लागू: पुलिस अधीक्षक

- दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक कदम है: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**






पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष पीलीभीत में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, की कार्यशाला का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। सरकार द्वारा 24 फरवरी 2024 को तीनों नये आपराधिक कानून से जुड़ी अधिसूचना जारी होने के बाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे इंडियन पीनल कोड (प्च्ब) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (ब्तच्ब) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने व इनमे हुए बदलाव के बारे में चर्चा कि गयी। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली प्च्ब् की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा कहा गया कि यह दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक कदम है। कार्यशाला में अपराधी को दण्ड एवं पीड़ित को न्याय के विशेष प्रावधानों का उल्लेख है। बदलाव भारतीय समाज की आवश्यकता और भावनाओं के अनुरूप है। कानून में संशोधन मुख्य रूप से अपराधी को दंड और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए किया जा रहा है। कानून में संशोधन के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और न्याय को प्राथमिकता दी गई है। आतंक और संगठित अपराध के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। वैज्ञानिक और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के महत्व को नए कानून में स्पष्ट किया गया है। कार्यशाला में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, संयुक्त निदेशक पीलीभीत, समस्त उपजिलाधीकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त तहसीलदार, विशेष लोक अभियोजक, समस्त थानाध्यक्ष/शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बिजली की चपेट में आने महिला समेत दो की मौत, छह झुलसे

**जनएक्सप्रेस/मिर्जापुर।** विंध्याचल और लालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह बारिश के दौरान बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग झुलस गए। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर 29 मवेशी भी मर गए। लालगंज थाना क्षेत्र कोल्हुआ गांव निवासी देवी (30) मंगलवार की रात घर के अंदर सो रही थीं। देर रात तेज गरज-चमक के साथ बारिश के दौरान बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गईं। बच्चों के शोर मचाने पर उठे परिजन उन्हें उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। देवी से दो पुत्र एक पुत्री हैं। पति अशोक ने बताया कि रात में बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से पत्नी की मौत हो गई। उधर, गोगो गांव निवासी सुरेंद्र कुमार दुबे की गाय बिजली की चपेट में आने से मर गई। उधर, विंध्याचल क्षेत्र के गोपालपुर मड़गुड़ा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार निषाद (29) मंगलवार की रात अपने साथियों के साथ गंगा नदी में बीचो-बीच रेत पर मछली मारने के लिए गए थे। रात में अचानक तेज हवा चलने के साथ बारिश होने लगी। बारिश होने पर प्लास्टिक की पन्नी ओढ़कर सभी लोग बचने का प्रयास करने लगे। इस बीच तेज बारिश के दौरान अचानक बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर धर्मेंद्र कुमार निषाद की मौके पर ही मौत हो गई।

# बिल्हौर पुलिस से मुठभेड़ में लंगड़ा हुआ शातिर अपराधी, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे में पिछली वर्ष प्रदर्शनी में लूटपाट की घटना को अंजाम देकर कई घटनाओं का वांछित अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था बिल्हौर पुलिस को मुखबिर ख़ास की सूचना मिली कि बिल्हौर मकनपुर चौखंडी गांव के सामने कच्ची सड़क पर सिकंदर उर्फ शाहिल उर्फ कल्लन पुत्र मोहम्मद अब्दुल सलीम उर्फ कदीर निवासी 38 जी, गंगानगर श्याम नगर चकेरी थाना क्षेत्र का शातिर अपराधी रात्रि में किसी बड़ी घटना की देने की फिराक में चौखंडी गांव के पास खड़ा है जैसे ही बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी को सूचना मिली वह अतिरिक्त निरिक्षक सतीश चंद्र यादव उप निरीक्षक राजपाल हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह जयपाल बिजेंद्र सिंह मदन कुमार राजेंद्र सिंह के साथ पहुंचे बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी अतिरिक्त निरीक्षक सतीश चंद्र यादव ने घेराबंदी करते हुए 25000 इनामियां अभियुक्त को पकड़ने की कोशिश की।

लेकिन उसने पुलिस के ऊपर भी फायर कर दिया पुलिस की जवाबी फायर में अभियुक्त के पैर में गली जा लगी जिससे वह मौके पर ही घायल होकर गिर गया पुलिस टीम ने घायल को दर्द पहुंचा और उसने पूछताछ में अपना उक्त पता बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने कानपुर रिफर कर दिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा पुलिस के इस सहारानीय कार्य की प्रशंसा करते हुए पुलिस टीम को बधाई दी।

> अपर पुलिस उपयुक्त पश्चिम विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान सिकंदर उर्फ कल्लन निवासी गंगानगर श्यामनगर थाना चकेरी जनपद कानपूर नगर है, कानपूर नगर 25 हजार का इनामिया बदमाश है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा .315 बोर, 02खोखा कारतूस और 01 जिंदा कारतूस .315 बोर व रोडवेज बस काटिकट बरामद किया है। साथ ही उसके ऊपर बिल्हौर थाना सहित कई थानों में आपराधिक मुकदमा भी दर्ज हैं।

# सार्वजनिक जमीन पर कब्जे से भड़की सिद्दीक मियां हाते की जनता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



थाना कर्नलगंज स्थित सिद्दीक मियां का हाता में कल उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवादित जगह पर एक पक्ष पर पुलिस के संरक्षण में सार्वजनिक स्थान पर कब्जा कराने का आरोप लगा। क्षेत्रीय लोगों और एक अधिवक्ता के हस्तक्षेप के बाद पुलिस वहां से नदारत हो गई और कब्जा करने वाले ने अपना निर्माण का सामान सार्वजनिक स्थान पर रख दिया।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि थाना कर्नलगंज स्थित सिद्दीक मियां के आहाते में हजारों लोग निवास करते हैं। सिद्दीक मियां के हाते में एक जमीन का टुकड़ा है जो स्थानीय निवासियों के लिए सार्वजनिक स्थान घोषित कर संरक्षित किया गया था। स्थानीय लोग राष्ट्रीय पर्व से लेकर धार्मिक त्योहारों को मनाने के लिए इस स्थान पर एकत्र होते थे। लेकिन अपने आपको भूखंड का मालिक बताते हुए अंजुम रजा और उनके घर वाले कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। जब क्षेत्रीय लोगों ने विरोध किया, तो थाना कर्नलगंज पुलिस ने दोनों पक्षों को कागज के साथ थाने में उपस्थित होने की बात कही और चले गए।

अधिवक्ता मेहताब अली ने बताया कि न्यायालय ने कोई ऐसा आदेश पारित नहीं किया था कि पुलिस मौके पर जाकर कब्जा दिलाए। कोर्ट ने परवाना अमीन भी जारी नहीं किया था जबकि इस विवादित संपत्ति के मामले में मुकदमे सिविल न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस का इस मामले में कहना है कि पुलिस टीम मौके पर जाँच करने गई थी।

इस घटना ने स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष और चिंता पैदा कर दी है, और वे इस मामले में न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र तहत 24 घंटों में किया खुलासा



जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

अरौल थाना पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों के आदेश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुमित पुत्र जगमोऊ धोरारा थाना अरौल उम्र 28 वर्ष व विनोद पुत्र रामनाथ कुशवाहा निवासी सरैया दस्तम खां उम्र 34 वर्ष को चोरी की मोटरसाइकिल बजाज पल्सर के साथ पुलिस अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल उप निरीक्षक विशाल कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल विपिन कुमार कांस्टेबल अनिल कुमार ने धर दबोचा और न्यायलय के समकक्ष भेजा। इस कार्रवाई से क्षेत्र की जनता में पुलिस की छवि और सुधरी है।

# मुख्यमंत्री राहत कोष से दिला चुके 15 करोड़ की मदद

- जीवन के रक्षार्थ तत्पर विधायक मैथानी
- पांच सालों में 15 करोड़ लाकर नगर के असहायों की जिंदगी बचाई

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शहर की धरती पर मौत से लड़ रहे आर्थिक रूप से विपन्न सैकड़ों लोगों की आर्थिक सहायता करने में दीर्घकाल से तत्पर गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी अपने इस कल्याणकारी अभियान में अनवरत सक्रिय हैं।

विदित हो कि संसदीय चुनाव व नयी सरकार के गठन के पश्चात विधायक श्री मैथानी ने स्वयं लखनऊ जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंती योगी जी से भेंट की तथा नगरवासी असहाय रोगियों की आर्थिक सहायता के लिए 1 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त की है। विगत 1 सप्ताह पूर्व भी श्री मैथानी ने मुख्यमंत्रीजी से भेंट करके 18 रोगियों के सहाय?तार्थ 41 लाख रुपये प्राप्त किये थे। इसके बाद 21 अन्य रोगियों के परिवारिक जनो ने जब विधायक जी से अनुरोध किया उन्होंने विभिन्न अस्पतालों में जा कर पहिले मरीजों का हाल जाना फिर लखनऊ जाकर उनकी मडड एड हेतु आर्थिक सहायता की धनराशि प्राप्त की।

विधायक जी के अनुसार वे अबतक मुख्यमंत्री सहायता कोष से 15 करोड़ की रकम प्राप्त करके वितरित कर चुके हैं। उनके अनुसार विकास कार्य आवश्यक है किंतु मानव जीवन की रक्षा सनातन धर्म के धर्म शास्त्रों में वर्णित मानव जीवन की रक्षा को वे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हैं। श्री मैथानी के अनुसार मुख्यमंत्री जी अन्याय जीवनोंपयोगी कार्यों की तुलना में मानव जीवन के रक्षार्थ दृढ़ प्रतिज्ञ है।

## चोरी के पांच दिनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र बैंडी अलीपुर गांव में शनिवार की रात्रि में चोरों ने बंद घर दरवाजा तोड़कर कमरे में रखे उर्द मूंग की बोरी पार के ले गए थे चोरी के पांच दिन बाद भी चोरों का सुराग लगाने में पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी। चोरों वीरेंद्र सिंह के बंद घर से दरवाजा तोड़कर 2 बोरी उर्द व 2 बोरी मूंग पर हाथ साफ कर दिया था।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त गांवों में न होने से चोर सक्रिय हैं। गांव में हुई घटना के बाद से ग्रामीण खुद जगते कर रहे हैं। पीडितों ने घटना की तहरीर भी दे दी थी, लेकिन कुछ नहीं हो सका। बिल्हौर थानाध्यक्ष केशव तिवारी ने बताया कि जांच चल रही है प्रार्थना पत्र के आधार पर जल्द खुलासा किया जाएगा।

# जमीयत उलमा ने जालिम इस्राइल और उसके समर्थक देशों के प्रति गहरा गुस्सा किया व्यक्त

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



जमीयत उलमा मध्य उत्तर प्रदेश के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक कानपुर स्थित जामिया महमूदिया अशरफुल उलूम जाजमऊ में जोन के अध्यक्ष मौलाना इस्लामुल हक असजद कासमी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें जोन के 26 जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए जोन के अध्यक्ष मौलाना इस्लामुल हक असजद कासमी ने कहा कि इस्लामी मदरसे केवल मुसलमानों के ही नहीं बल्कि पूरी मानवता की बहुत बड़ी जरूरत हैं। मदरसों के सिस्टम को मजबूत करना और आधुनिक आवश्यकताओं के साथ सामंजस्य बनाना अत्यंत आवश्यक है। दारुल उलूम देवबंद और जमीयत उलमा-ए-हिंद के वरिष्ठ पद अधिकारियो ने कई बार जोर दिया है कि मदरसों के प्रबंधकों को अपनी शिक्षा के स्तर, लेखा-जोखा में पारदर्शिता, सफाई-सुथराई और अन्य मुद्दों पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। खासकर जमीन, इमारत और सोसाइटी के पंजीकरण को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत करना चाहिए। इस सिलसिले में जमीयत उलमा मध्य उत्तर प्रदेश की तरफ से 26 जिलों के सभी मदरसों का सर्वे कराया जाएगा और जिन मदरसों में कमी पाई जाएगी, उसे ठीक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस काम के लिए जमीयत उलमा-ए-हिंद के निर्देश पर जोन की तरफ से 9 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो मदरसों का सर्वे कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

जमीयत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष और जोन के निगरान मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि इस्लाम में धार्मिक और दुनियावी शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं है। मदरसों में उलेमा तैयार किए जाते हैं, उलेमा पैगम्बरों के वारिस हैं और पैगम्बरों का काम धर्म का प्रचार है। जाहिर है कि दुनिया में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, इसलिए एक दाई और प्रचारक के लिए अन्य भाषाएं सीखना धार्मिक जरूरत है। इसलिए, मदरसों के जिम्मेदारों को दावती दृष्टिकोण से अन्य भाषाओं, जैसे हिंदी, अंग्रेजी आदि को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। मौलाना ने कुछ वरिष्ठों के हवाले से इस पर जोर दिया कि मदरसों में सामान्य ज्ञान और भारतीय संविधान के अध्ययन का प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की इसी सोच के तहत जमीयत ओपन स्कूल की स्थापना की गई है, जिसके माध्यम से मदरसे के छात्रों को हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा दिलाई जाती है। मौलाना ने बताया कि जल्द ही इस विषय पर जोन के मदरसों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जोन के महासचिव मुफ्ती जफर अहमद कासमी ने कहा कि देश में बहुत बड़ी संख्या में ऐसी संपत्तियां हैं जो वक्फ की हैं लेकिन उनका कोई देखभाल करने वाला नहीं है। इस सिलसिले में माह-ए-रमजान में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने संरक्षण वक्फ अभियान चलाया था, जिसके तहत मस्जिदों में बयान के माध्यम से मुसलमानों को जागरूक किया गया था। इसके अलावा, जमीयत उलमा-ए-हिंद की तरफ से वकीलों की एक टीम लगातार कानूनी लड़ाई भी लड़ रही है। इस सिलसिले में जमीयत उलमा-ए-हिंद के निर्देश पर जोन में काम करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

इस्लाह विभाग के संयोजक मौलाना हिलाल कासमी लहरपुर ने सभी जिलों की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और मुसलमानों में फैली सामाजिक बुराइयों के सुधार के लिए आगामी खाका तैयार किया जिसमें शादी-ब्याह के मौके पर फिजूलखर्ची, विरासत की गैर-शरीयत के अनुसार वितरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया।

बैठक में फिलिस्तीन और गाजा के मुसलमानों के प्रति सहानुभूति और जालिम इस्राइल और उसके समर्थक देशों के प्रति गहरा गुस्सा व्यक्त किया गया। इस सिलसिले में मुफ्ती जफर अहमद कासमी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सभी कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए फिलिस्तीनियों की जमीन पर एक अवैध राज्य का गठन किया गया और अब तक हजारों फिलिस्तीनी शहीद और हजारों घायल हो चुके हैं। रोजाना उन पर बमबारी हो रही है लेकिन मानवता के नाम के ठेकेदार खामोश तमाशाई बने हुए हैं। उन्होंने मुस्लिम देशों की चुप्पी पर दुख व्यक्त करते हुए उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। बैठक में सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस आपराधिक लापरवाही को छोड़कर ठोस कदम उठाने और दो-राज्य समाधान के लिए तुरंत प्रगति करने की अपील की गई।

# मकनपुर चौकी क्षेत्र में पुराना कंकाल मिलने पर सैकड़ो ग्रामीण पहुंचकर कर रहे तरह-तरह की चर्चाएं

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर चौकी का ज्यादातर हिस्सा कन्नौज जिले का बॉर्डर से लगता है पुलिस की निष्कर्ता के चलते दूसरे जनपद के अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद में आराम से फेंक कर चले जाते हैं और यहां की पुलिस सोती रहती है चरवाहों की सूचना पर अरौल थाना क्षेत्र के कन्नौज ठठिया थाना अरौल बार्डर के गांव सिंघोली तालाब के पास पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि अरौल थाना व ठठिया थाना बॉर्डर के सिंघोली गांव के पास लगभग 20 दिन पुराना कंकाल पड़ा हुआ है ग्रामीणों ने को जब चरवाहों ने बताया कि वहां पर एक कंकाल पड़ा हुआ है तो देखते-देखते वहां पर सैकड़ो की भीड इकट्ठा हो गई फिर सूचना पुलिस को की गई सूचना के बाद सीमा विवाद के चलते मकनपुर चौकी के अंतर्गत कंकाल पाया गया। अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के गांव में पहचान के लिए सूचित किया गया लेकिन कंकाल की पहचान ना हो सकी जिसके बाद पुलिस ने विधि कार्रवाई करते हुए कानपुर पोस्टमार्टम हाउस भेजा और बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा फिलहाल आसपास जिलों के थानों को सूचित किया गया है।

## होटल के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट विभाग के संकाय सदस्य गुरुवार को होटल लैंडमार्क, कानपुर के कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया । यह प्रशिक्षण सत्र होटल उद्योग में नई ट्रेंड सेवा पर रहा। इस अवसर पर अरविंद चौहान ने खाद्य और पेय सेवा में स्वच्छता के साथ आतिथ्य में सेवाओं के मानकों पर प्रशिक्षण सत्र व अंकित कुमार ने रेस्तरां हाउसकीपिंग सेवा प्रशिक्षण पर प्रशिक्षण लिया। वही शिवांशु सचान ने दिन-प्रतिदिन की स्थिति को संभालने के साथ होटल के संचालन को संभालने का प्रशिक्षण लिया। यह प्रशिक्षण होटल लैंडमार्क में कार्यकारी शेफ बलराम और सहायक महाप्रबंधक दक्षा आनंद और फ्रंट ऑफिस मैनेजर अनुपम सक्सेना द्वारा आयोजित किया गया।

## सूचना

मैं आद्या और आद्या तिवारी पुत्री संजय तिवारी निवासी 127/324 यू ब्लॉक निराला नगर जूही कॉलोनी कानपुर की निवासिनी हूं । भविष्य में मुझे आद्या के नाम से जाना जाय।

## लोडर की टक्कर से बालक की मौत

जन एक्सप्रेस | कन्नौज



हसेरन। सड़क पार कर रहे बालक को तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में बालक की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

कोतवाली छिबरामऊ के महुअन नगला गांव खोजीपुर निवासी स्व. केसराम का पुत्र ऋषभ नौ वर्ष मां रेखा व बड़े भाई शिवा के साथ 16 जून को मौसी की शादी में शामिल होने नादेमऊ चौकी क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी नाना उपदेश के घर आया था। शादी के बाद वह मां और भाई के साथ ननिहाल में ही रुका हुआ था। बुधवार की सुबह करीब 09:30 बजे वह सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार लोडर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में ऋषभ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद लोडर चालक मौके से भाग गया। मौत की जानकारी पाकर ननिहाल में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि तीन वर्ष पहले ऋषभ के पिता केसराम की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष सौरिख दिग्विजय सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत के बाद मां रेखा बदहवास है।

## शिकायतों के निस्तारण में जनपद प्रदेश में 24वें स्थान पर

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

कलक्ट्रेट पन्नालाल सभागार में ऑनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक में जिले की रैंकिंग खराब मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग शिकायतों का गंभीरतापूर्ण ढंग से निस्तारण करें।


सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने समीक्षा बैठक में सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों की जानकारी ली। पता चला कि पुलिस, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, बेसिक शिक्षा, बिजली, पंचायतीराज, नगर विकास आदि विभागों द्वारा की गई निस्तारण की कार्रवाई से सबसे ज्यादा लोग असंतुष्ट हैं। इसी कारण फीडबैक सही नहीं आया है।

इस पर सीडीओ ने कहा कि ऑनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता लाएं। सभी शिकायतों का निस्तारण वास्तविकता के आधार पर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाए। निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से बात अनिवार्य रूप से कर ली जाए। भूमि से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में पुलिस व प्रशासन साथ मिलकर काम करे। बैठक में एडीएम (वि/रा) नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पांडेय व पीडी कमलेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### व्यापारियों को मिली अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों पर जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। कल्याणपुर की प्रमुख बाजार में बैठक करके भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने संगठन का कल्याणपुर बाजार के राय फुटवियर के मालिक मुन्ना राय को संगठन का ग्रामीण इकाई का अध्यक्ष व गुप्त सम्राट के मालिक सौरभ गुप्ता को महामंत्री, अभिषेक अरोड़ा को कोषाध्यक्ष, कौशिक मार्बल के मालिक अजय सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का ग्रामीण इकाई सनशाइन विंडो के मालिक के युवा अध्यक्ष अभिषेक कश्यप मनोनित किए गए।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

गंजमुरादाबाद। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत हो गई। परिजनों ने किसी कानूनी कार्रवाई किए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। नगर के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी अबू साहमा (24) बागवानी करता था। बुधवार की सुबह वह बाग से आम की कैरेट लादकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी सुबह करीब सात बजे हरदोई-उन्नाव मार्ग पर नगर के मोहल्ला फजलगंज सिटी मैदान के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर बांगरमऊ सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजन उसे लखनऊ के एक नर्सिंगहोम ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। अबू साहमा की मौत से मां लैलतुन, भाई फैसल, बहन जुल्फी और सल्तनत का रो-रोकर बुरा हाल है। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने जानकारी से इन्कार किया।

### दो बाइकों में टक्कर, तीन घायल

आसीवन थाना क्षेत्र के गांव खैरनपुर गवासा निवासी राजा सिंह (20) मियागंज से वापस बाइक से घर लौट रहा था। अभी वह लखनऊ बांगरमऊ मार्ग से खैरपुर गवासा गांव के नजदीक पहुंचा ही था, तभी कस्बा हैदराबाद से घर लौट रहे कस्बा आसीवन तरफ पश्चिम निवासी दानिश (25) व रहीस (26) की बाइक से कादिरपुर हैदराबाद संपर्क मार्ग पर गांव खैरनपुर गवासा मोड़ के पास आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दो घायलों में रहीस को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि राजा सिंह, दानिश को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दानिश की हालत नाजुक देख लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया है।

## पोल्ट्री फार्म में दबाई सरकारी जमीन, चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



नवाबगंज। सोहरामऊ के रुदवारा में संचालित पोल्ट्री फार्म के ग्राम समाज की भूमि पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर की मदद से गिरा दिया गया। तहसील प्रशासन ने कब्जा हटाने के लिए एक सप्ताह पूर्व नोटिस दिया था। पोल्ट्री फार्म संचालिका के कब्जा न हटाने पर प्रशासन एक्शन मोड में आ गया। ग्राम पंचायत रुदवारा में अमन पोल्ट्री फार्म संचालित है। जहां पर मुर्गी पालन किया जाता है। पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मुर्गी पालन मानक अनुरूप न करने से पूरा गांव मक्खियों से परेशान है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी। वहीं ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार भी किया था। डीएम गौरांग राठी ने ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान लेकर पोल्ट्री फार्म की बिजली कनेक्शन कटवाने और संचालक पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा ग्राम समाज की 12 बिसुआ जमीन पर कब्जा करने की एक ग्रामीण की शिकायत पर डीएम ने की जांच कराई तो कब्जे की पुष्टि हुई। नोटिस देने के बाद बुधवार को एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता और नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर पोल्ट्री फार्म के अवैध हिस्से में बने निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

सोनिक। दही थाना क्षेत्र के घटोरी गांव में युवक का शव फांसी पर लटका मिला। युवक 15 दिन पहले ही पंजाब से लौटा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटोरी निवासी जय मूरत उर्फ शिवम (25) का बुधवार सुबह गांव के बाहर बने घर की दूसरी मंजिल पर पंखे से शव लटका मिला। प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शिवम पंजाब में एक दुकान में काम करता था। 15 दिन पहले ही वहां से लौटा था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मां रामदुलारी सहित अन्य परिजनों का रोकर बुरा हाल है। दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# संयुक्त बैठक में बोलीं राष्ट्रपति, नीतियों का विरोध करना और संसद में बाधा डालना अलग-अलग बातें

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

राष्ट्रपति ने कहा, आप सभी जानते हैं कि वर्तमान समय भारत के लिए हर तरह से अनुकूल है। आने वाले वर्षों में सरकार और भारत की संसद द्वारा लिए गए निर्णयों और बनाई गई नीतियों पर पूरी दुनिया की नजरें रहेंगी। यह सुनिश्चित करना सरकार के साथ-साथ प्रत्येक सांसद की जिम्मेदारी है कि इस अनुकूल समय का देश को अधिकतम लाभ मिले।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 18वीं लोकसभा की पहली संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नीतियों का विरोध करना और संसद में बाधा डालना दो अलग-अलग बातें हैं। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ने संसद में होने वाले हंगामे और कम कामकाज पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना देश के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षा और संकल्प है।



### संसद का सुचारू रूप से चलना अहम

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, नीतियों का विरोध करना और संसदीय कामकाज में बाधा डालना दो अलग-अलग बातें हैं। जब संसद का कामकाज सुचारू रूप से चलता है, तो वहां स्वस्थ विचार-विमर्श होता है और दूरगामी फैसले लिए जाते हैं, जो लोगों का न सिर्फ सरकार में बल्कि पूरी व्यवस्था में विश्वास बढ़ता है। इसलिए मुझे विश्वास है कि संसद के प्रत्येक क्षण का पूरा उपयोग किया जाएगा और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

### आपातकाल पर बोलीं राष्ट्रपति

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर भी करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मचा, लेकिन देश ने ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी वजह से मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया, जहां अनुच्छेद 370 के कारण पहले स्थिति अलग थी।

### वर्तमान समय भारत के लिए हर तरह से अनुकूल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, हम सभी की जिम्मेदारी है कि विकसित राष्ट्र के संकल्प को प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा में कई नए सदस्य पहली बार संसदीय प्रणाली का हिस्सा बने हैं और पुराने सदस्य भी नए उत्साह के साथ वापस आए हैं। राष्ट्रपति ने कहा, आप सभी जानते हैं कि वर्तमान समय भारत के लिए हर तरह से अनुकूल है। आने वाले वर्षों में सरकार और भारत की संसद द्वारा लिए गए निर्णयों और बनाई गई नीतियों पर पूरी दुनिया की नजरें रहेंगी। यह सुनिश्चित करना सरकार के साथ-साथ प्रत्येक सांसद की जिम्मेदारी है कि इस अनुकूल समय का देश को अधिकतम लाभ मिले। पिछले 10 वर्षों में हुए सुधारों और देश में आए नए आत्मविश्वास के साथ, हमने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक नई गति प्राप्त की है।



## 24 साल के कार्यकाल में कभी सियासी दबाव का सामना नहीं करना पड़ा

**ऑक्सफोर्ड यूनियन में बोले CJI चंद्रचूड़**

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत में न्यायाधीशों को विवादों पर इस तरह से फैसला करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है कि अदालतें मौजूदा भावनाओं के विपरीत संवैधानिक परंपराओं के आधार फैसले ले सकें।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने गुरुवार को न्यायपालिका में विधायिका के किसी भी दखल की आशंका को खारिज किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के रूप में अपने 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार से किसी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। यह बात उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनियन की ओर से आयोजित सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कही।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आगे कहा, अगर आपका मतलब व्यापक अर्थों में राजनीतिक दबाव से है कि एक न्यायाधीश किसी ऐसे फैसले के प्रभाव को महसूस कर रहा है, जिसके राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। तो जाहिर है कि जब आप संवैधानिक मामलों पर फैसला कर रहे हों तो न्यायाधीशों को अपने फैसलों के प्रभाव से अवगत होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है।

सामाजिक दबाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अक्सर अफने फैसलों में सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं। सीजेआई ने कहा, हमारे द्वारा निपटाए गए मामलों में गहन सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। न्यायाधीश के रूप में मेरा मानना है कि सामाजिक व्यवस्था पर हमारे फैसलों के प्रभाव के बारे में जागरूक होना हमारा दायित्व है।

### सीजेआई ने कहा

भारत में न्यायाधीशों को विवादों पर इस तरह से फैसला करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है कि अदालतें मौजूदा भावनाओं के विपरीत संवैधानिक परंपराओं के आधार फैसले ले सकें। राजनीतिक दबाव के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे सरकार के दबाव के अर्थ में पूछ रहे हैं, तो मैं आपको बताता हूं कि बीते चौबीस वर्षों से जब से मैं न्यायाधीश रहा हूं, मैंने कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है। भारत में हम जिन लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, उनमें यह भी शामिल है कि हम ऐसा जीवन जीते हैं जो सरकार की राजनीतिक शाखा से अलग-थलग है।

## वोक्कालिगा महंत ने सिद्धरमैया से पद छोड़ने की अपील की



जन एक्सप्रेस । बंगलूरू

विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने बेंगलुरू के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई। सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक महंत ने सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को सत्ता सौंपने का आग्रह किया। महंत की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब सिद्धरमैया मंत्रिमंडल में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग बढ़ रही है। मांग की जा रही है कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों से एक-एक उपमुख्यमंत्री बनाया जाए। विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने बेंगलुरू के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से हैं। यह समुदाय राज्य के दक्षिणी भागों में एक प्रमुख समुदाय है।

चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी ने कहा, राज्य में हर कोई मुख्यमंत्री बन गया है और सत्ता का सुख सभी ने भोगा है, लेकिन हमारे डी के शिवकुमार अभी तक मुख्यमंत्री नहीं बन पाए हैं, इसलिए अनुरोध है कि सिद्धरमैया कृपया हमारे डी के शिवकुमार को सत्ता सौंप दें और उन्हें आशीर्वाद दें। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सिद्धरमैया अगर मन बना लें तो ही यह संभव है, अन्यथा नहीं, इसलिए नमस्कार के साथ मैं सिद्धरमैया से अनुरोध करता हूं कि वह डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाएं। सिद्धरमैया ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में महंत की अपील पर पूछे गए सवाल पर कहा, कांग्रेस में आलाकमान होता है और जो भी आलाकमान कहेगा, हम उसका पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा, बातें कही जा चुकी हैं... हम दोनों (वह और सिद्धरमैया) राज्य की परियोजनाओं (केंद्र से स्वीकृति लंबित) के संबंध में राज्य के सांसदों से चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जा रहे हैं।

## परमाणु हथियारों के पहले प्रयोग नहीं के सिद्धांत का भारत ने किया हमेशा पालन: सीडीएस अनिल चौहान

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

जनरल चौहान ने नए सैन्य सिद्धांत विकसित करने की महत्वपूर्ण जरूरतों पर बल दिया। उन्होंने प्रतिरोधक क्षमताओं को बनाए रखने और देश के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कमांड, नियंत्रण, संचार, कंप्यूटर, खुफिया, सूचना, निगरानी और टोही प्रणालियां शामिल हैं।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत की परमाणु नीति हमेशा से ही विशिष्ट रही है, जिसकी विशेषता पहले इस्तेमाल न करने और बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई के सिद्धांतों के पालन करने की रही है। सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (CAPS) की एक सेमिनार में बोलते हुए जनरल चौहान ने पारंपरिक युद्ध का बदलता स्वरूप और विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में उभर रही भू-राजनीतिक अस्थिरता पर विस्तार से चर्चा की।

परमाणु रणनीति समकालीन विकास और भविष्य की संभावनाएं शीर्षक से अपने संबोधन के दौरान जनरल चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि परमाणु हथियारों से उत्पन्न खतरा मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल में एक बड़ी चिंता के रूप में फिर से उभरा है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने दोहराया कि भारत का परमाणु कार्यक्रम पहले इस्तेमाल न करने की नीति के पालन और बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई के सिद्धांत के कारण विशिष्ट बना हुआ है।



जनरल चौहान ने नए सैन्य सिद्धांत विकसित करने की महत्वपूर्ण जरूरतों पर बल दिया। उन्होंने प्रतिरोधक क्षमताओं को बनाए रखने और देश के परमाणु बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कमांड, नियंत्रण, संचार, कंप्यूटर, खुफिया, सूचना, निगरानी और टोही प्रणालियां शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि 1998 में भारत के पांच परमाणु परीक्षणों के बाद देश ने अपना परमाणु सिद्धांत तैयार किया। 1999 में आधिकारिक रूप से जारी इस सिद्धांत ने भारत की पहले इस्तेमाल न करने की नीति के प्रति प्रतिबद्धता की घोषणा की। इस नीति में जोर दिया गया है कि भारत परमाणु हमला करने वाला पहला देश नहीं होगा, लेकिन उसके खिलाफ किसी भी परमाणु हमले के जवाब में बड़े पैमाने पर जवाबी हमला करने का अधिकार बरकरार रहेगा।

जनरल चौहान की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय सैन्य शक्ति और परमाणु प्रतिरोध में महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है। उनके विचार मौजूदा चुनौतियों के अनुकूल होने के महत्व को रेखांकित करते हैं, साथ ही उन मूलभूत सिद्धांतों के प्रति अडिग रहना भी है, जो दशकों से भारत के परमाणु रुख को परिभाषित करते रहे हैं।

प्रतिरोध बढ़ाने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने पर जारी जोर तेजी से अस्थिर होती दुनिया में स्थिरता और शांति बनाए रखने के लिए भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

चूंकि भू-राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए भारत की अपने परमाणु सिद्धांतों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और उसके सामरिक सिद्धांतों का निरंतर विकास आने वाले वर्षों में देश की रक्षा और सुरक्षा नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मुंबई की कंपनी पर ईडी की छापेमारी, 140 खाते फीज और लग्जरी कारें जब्त कीं

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुंबई समूह पर छापेमारी के बाद तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने मर्सिडीज बेंज और लेक्सस जैसी लक्जरी कारों, रोलेक्स और हब्लोट जैसे घड़ी ब्रांडों के अलावा 140 से अधिक बैंक खाते और लॉकर जब्त कर लिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 975 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुंबई स्थित मंधाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अब जीबी ग्लोबल लिमिटेड) और उसके प्रमोटरों के खिलाफ छापेमारी की। जिसके बाद तलाशी अभियान में ईडी ने मर्सिडीज बेंज और लेक्सस जैसी लक्जरी कारों, रोलेक्स और हब्लोट जैसे घड़ी ब्रांडों के अलावा 140 से अधिक बैंक खाते और लॉकर जब्त कर लिए।

ईडी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने मंधाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई में 975.08 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर के मुताबिक, कंपनी, उसके निदेशक पुरुषोत्तम मंधाना, मनीष मंधाना, बिहारीलाल मंधाना और अन्य के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आया। मंधाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके निदेशकों ने धोखाधड़ी वाले लेनदेन और सर्कुलर ट्रेडिंग के माध्यम से ऋण निधि को ÷डायवर्ट÷ करके बैंकों को नुकसान पहुंचाने और खुद को गलत लाभ पहुंचाने के लिए आपराधिक साजिश रची। ईडी के मुताबिक, तलाशी अभियान के बाद 140 से अधिक बैंक खाते, पांच लॉकर और शेयर और 5 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां जब्त कर ली गई हैं।

## भाजपा के दफ्तर पर चला बुलडोजर

**पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप- प्रशासन ने बिना नोटिस के कार्रवाई की**

जन एक्सप्रेस । कोलकाता

राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज हो गया है। इसी के तहत कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय को गिराया गया। कोलकाता के तारातला के गोरगाचा में भाजपा का कार्यालय ध्वस्त कर दिया गया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन की ओर से बिना नोटिस के गोरगाचा स्थिति भाजपा कार्यालय को तोड़ दिया गया। भाजपा कार्याकर्ता एमबी महेश ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि बिना नोटिस के बुलडोजर से भाजपा कार्यालय क्यों गिरा दिया गया। वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि भाजपा यहां मजबूत हो रही है। पास में तृणमूल कांग्रेस का एक कार्यालय है, जहां अवैध गतिविधियां चलती हैं।

वहीं, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश को लेकर टीएमसी नेता सब्यसाची दत्ता ने कहा, ममता बनर्जी ने जो भी निर्देश दिए हैं, वह सही हैं। तीन दिन पहले हुई बैठक में हावड़ा, बाली, सिलीगुड़ी या बिधाननगर को लेकर उन्हें जो भी फीडबैक मिला है, वह सही है। हम उन पर उंगली नहीं उठा सकते। उन्होंने जो कुछ भी कहा है, वह बातों पर विचार करने और इसके समर्थन में दस्तावेजों को देखने के बाद ही कहा है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी उस (मेयर पद) कुर्सी पर बैठा है, उसे देखना चाहिए। बिधाननगर नगर निगम में 41 वार्ड हैं, वहां जो भी निर्माण कार्य हो रहा है, उनमें से ज्यादातर कानूनी रूप से अवैध है।

## राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की साजिश मालदीव की पर्यावरण मंत्री को किया गया गिरफ्तार



**पर्यावरण मंत्री फातिमाथ राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू कर उन्हें अपने वश में करना चाहती थी**

जन एक्सप्रेस । मालदीव

मालदीव में पुलिस ने देश की पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा राज्य मंत्री, फातिमाथ शमनाज अली सलीम को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया है।

मालदीव की राजधानी माले में पुलिस ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में पर्यावरण मंत्री के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पर्यावरण मंत्री फातिमाथ राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू कर उन्हें अपने वश में करना चाहती थी। फिलहाल मामले में जांच पूरी होने तक सभी आरोपियों को एक हफ्ते की हिरासत में रखा गया है।

### मंत्री के घर से काला जादू का मिला सामान

स्थानीय मीडिया के अनुसार ऐसी खबर आई हैं कि मंत्री शमनाज को राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, हालांकि इस मामले में पुलिस ने न तो इस रिपोर्ट की पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया है। जबकि उनके घर से काले जादू से जुड़ा हुआ काफी सामान भी मिला है।

### कौन हैं पर्यावरण मंत्री फातिमाथ?

पर्यावरण मंत्री फातिमाथ शमनाज अली सलीम राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की पत्नी हैं। वो इससे पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ राजधानी माले की नगर परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। तब मोहम्मद मुइज्जू राजधानी माले के मेयर थे। वहीं पिछले साल मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद फातिमाथ ने भी परिषद से इस्तीफा दिया। इसके बाद वो राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास मुलिआज की राज्य मंत्री बन गई। इसके बाद में उनका तबादला पर्यावरण मंत्रालय में किया गया था।

### काले जादू पर मालदीव में क्या है सजा?

मुस्लिम बहुल देश मालदीव में काला जादू एक आपराधिक मामला नहीं है, हालांकि इस्लामिक कानून के अनुसार मामले में छह महीने की सजा हो सकती है। वहीं पूरे द्वीपसमूह में लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों का बड़े स्तर पर पालन करते हैं। बता दें कि 2023 में राज्य के मनाधू में अप्रैल के महीने में कुछ पड़ोसियों ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या इसलिए कर दी थी, क्योंकि उस पर काला जादू करने का आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस की तरफ से कहा गया था कि उनको इस बात का कोई सबूत नहीं मिला था कि मृतक महिला जादू-टोना करने वाली थी।

### पहले भी सामने आया था ऐसा मामला

वहीं इससे पहले साल 2012 में भी पुलिस ने विपक्षी राजनीतिक रैली पर कार्रवाई की थी, जब आयोजकों पर उनके कार्यालयों पर छापा मारने वाले अधिकारियों पर शापित मुर्गा फेंकने का आरोप लगाया गया था।

## पाकिस्तान में बैठे आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां जब्त




**यह कार्रवाई एक स्थानीय अदालत की ओर से पारित कुर्की आदेश के आधार पर की गई।**

जन एक्सप्रेस । बारामुला

पुलिस ने पाकिस्तान में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहे पांच आतंकियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। यह कार्रवाई एक स्थानीय अदालत की ओर से पारित कुर्की आदेश के आधार पर की गई। जिन दहशतगर्दों की संपत्ति जब्त की गई उनमें बशीर अहमद गनी निवासी तिलगाम, मेहराज उद दीन लोन निवासी खरगाम, गुलाम मोहम्मद याटू निवासी तिलगाम, अब्दुल रहमान भट निवासी वानीगाम पाईन तथा अब्दुल राशिद लोन निवासी सतरेसीरन शामिल हैं। यह सभी कई वर्ष पहले सीमा पार कर पाकिस्तान चले गए थे। अब वहीं से बैठकर कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की साजिश करते रहते हैं। इनकी जब्त की गई संपत्ति में 9 कनाल जमीन भी शामिल है।

### नशा तस्कर का 22 लाख का मकान जब्त

बारामुला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ जारी अपने अभियान में कड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात नशा तस्कर हिलाल अहमद वानी का बरजुल्ला कुंजर इलाके में स्थित एक मकान जब्त कर लिया है। इसकी कीमत करीब 22 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह संपत्ति नशे की तस्करी से अर्जित धन से जुटाई गई है।

## तीन जुलाई तक बारिश का यलो अलर्ट, अगले तीन दिन में टकराएगा मानसून

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

मौसम विभाग ने तीन जुलाई तक के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि शनिवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ऐसे में सप्ताहांत में बारिश से तापमान में 34 से 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राजधानी में प्री मानसून बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। गुरुवार को सुबह बदरा जमकर बरसे। इससे मौसम सुहावना हो गया है। कई इलाकों में तेज बारिश दर्ज की गई। जबकि कुछ इलाकों हल्की से लेकर मध्यम स्तर की बारिश हुई है। दिल्ली में शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग 5.2 एमएम बारिश दर्ज की गई। इससे बुधवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की कमी आई है।

मौसम विभाग ने तीन जुलाई तक के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जबकि शनिवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ऐसे में सप्ताहांत में बारिश से तापमान में 34 से 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिन में दिल्ली से मानसून टकराने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी हल्की बारिश होने के अनुमान जताया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। साथ ही, 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवा और धूल भरी आंधी चलेगी। इससे अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है।

गुरुवार को लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। ऐसे में सुबह तेज हवाओं के आंधी चली। इसके बाद झमाझम बारिश हुई। लेकिन, दोपहर के बाद मौसम ने करवट ली। ऐसे में तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया। शाम को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई है। इससे तापमान में कमी देखने को मिली। रात के समय हवा में ठंडक महसूस की गई।

मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस से कम 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। उधर, शाम साढ़े पांच बजे तक पालम में 17.6 एमएम, लोधी रोड में 9.6, पीतमपुरा में 9, रिज में 6.2, आया नगर में 1.8 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### जाफरपुर में 35 के पार पहुंचा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक जाफरपुर इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं, पीतमपुरा में 35.4, नजफगढ़ में 34.3, आया नगर में 34.9, रिज में 33.7, लोधी रोड में 34 व पालम में 34.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया। सबसे कम न्यूनतम तापमान रिज में 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### संतोषजनक श्रेणी में आबोहवा

राजधानी में बारिश होने के बाद आबोहवा संतोषजनक श्रेणी में पहुंच गई है। बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 79 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 100 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से संतोषजनक श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को हवा मध्यम श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में फरीदाबाद का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 99 रहा, यह मध्यम श्रेणी है। गुरुग्राम में 98, ग्रेटर नोएडा में 88, गाजियाबाद में 66 व नोएडा में 62 एक्यूआई दर्ज किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)